नई दिल्ली
शुक्रवार 10 जुलाई 2026
आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष
एकादशी, वर्ष : 30, अंक : 82
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

**मौसम**
अधि. 37
न्यून. 29

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया-भारत सीईओ फोरम, आर्थिक रोडमैप बिजनेस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले पीएम नरेंद्र मोदी

## बिजनेस लीडर्स से प्रधानमंत्री ने किया विशिष्टताओं का लाभ उठाने, वैश्विक समाधान ढूंढने का आग्रह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में दोनों देशों के सीईओ फोरम और आर्थिक रोडमैप बिजनेस कार्यक्रम को संयुक्त रूप से संबोधित किया। जिसमें उन्होंने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेजी से किए जा रहे नीतिगत सुधारों, डिजिटल परिवर्तन और नवाचार के बढ़ते इकोसिस्टम को ऑस्ट्रेलियाई भागीदारों के लिए नए व्यावसायिक अवसर के रूप में रेखांकित करते हुए कहा कि इन्हें देखते हुए उन्हें भारत में दीर्घकालिक निवेश के लिए जरूर आना चाहिए। मैं आज सभी को इस बाबत आमंत्रित कर रहा हूं। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

**भारत, ऑस्ट्रेलिया मिलकर करेंगे कमाल** : उन्होंने कहा कि भारत का बड़े पैमाने पर काम करने का सामर्थ्य और ऑस्ट्रेलिया की विशेषज्ञता मिलकर दोनों देशों के लिए एक परस्पर लाभकारी स्थिति का निर्माण करते हैं। दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल है। नई दिल्ली में मैन्युफैक्चरिंग, स्वच्छ ऊर्जा, दुर्लभ खनिजों ⏩ शेष पेज 5 पर



# भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध नई ऊंचाइयों पर, मेलबर्न में भारतीय समुदाय को संबोधित कर बोले पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी आज नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है और दोनों देशों के संबंध अब पारंपरिक कूटनीति से आगे बढ़कर रणनीतिक, आर्थिक और जन-जन के रिश्तों में बदल चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित मार्वल स्टेडियम में आयोजित भव्य ३मेलबर्न मीट्स मोदी३ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने एक लाख से अधिक भारतीय मूल के लोगों के उत्साह का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया में बसे भारतीय समुदाय ने दोनों देशों की मित्रता को नई मजबूती प्रदान की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में यह उनकी ऑस्ट्रेलिया की तीसरी यात्रा है और इस दौरान दोनों देशों के संबंधों ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने विकसित भारत के विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि देश ३ग्रो मोर, अचीव मोर३ के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया आज वैश्विक पहचान बन चुका है और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल तथा फार्मास्यूटिकल्स सहित अनेक क्षेत्रों में विश्वस्तरीय विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में ३चिप्स से लेकर शिप्स३ तक का आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है।

देश के बुनियादी ढांचे में हो रहे तेज़ बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क बन चुका है। साथ ही नमो भारत रैपिड रेल और वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी आधुनिक रेल सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे देश की परिवहन व्यवस्था नई दिशा में आगे बढ़ रही है। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी रक्षा प्रणालियों ने दुनिया में अपनी विश्वसनीयता स्थापित की है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत ने निर्णायक कार्रवाई कर अपनी क्षमता और संकल्प का परिचय दिया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने बताया कि जल्द ही भारत का एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप अपने स्वयं के रॉकेट से उपग्रह प्रक्षेपित करेगा, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति का नया अध्याय होगा। खेलों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और वर्ष 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राजेंद्र भारती मामले में फैसला सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली।** दतिया उपचुनाव के बीच पूर्व विधायक राजेंद्र भारती से जुड़े बैंक एफडी घोटाला मामले में गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। अदालत ने सरकार और अन्य पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब शुक्रवार को दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट से भी फैसले की उम्मीद है। 2 अप्रैल को सजा के बाद रद्द कर दी थी।

### उज्जैन: पुजारियों के लिए हो बिना जेब का ड्रेस कोड



**उज्जैन।** अयोध्या राम मंदिर के बाद मप्र के नलखेड़ा स्थित बगलामुखी मंदिर में दान चोरी का मामला सामने आने पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है। परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज व महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद ने पुजारियों और कर्मचारियों हेतु बिना जेब वाले कुर्ते,डिटेक्टर का सुझाव दिया है।

### क्या टाइपिंग मिस्टेक के आधार पर मिल सकती है जमानत?



**इंदौर/दिल्ली।** चर्चित राजा रघुवंशी हनीमून मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि क्या गिरफ्तारी मेमो में केवल टाइपिंग की गलती होने से गिरफ्तारी अवैध मानी जा सकती है और आरोपी को जमानत मिल सकती है? जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ इस मामले को बड़ी बेंच को भेजने का संकेत दे चुकी है।

### मेलबर्न में 'तीसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक सम्मेलन' के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने की इसकी घोषणा

# ऑस्ट्रेलिया से भारत को मिलेगा यूरेनियम, रक्षा ऊर्जा, गगनयान तक नई ऊंचाई पर पहुंचेगा सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के दौर में गुरुवार को मेलबर्न में आयोजित किए गए 'तीसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ शिरकत की। जिसके समापन के बाद पीएम ने इसके बड़े और महत्वपूर्ण निष्कर्षों के बारे में जानकारी देते हुए घोषणा की कि अब भारत को ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम की सप्लाई की जाएगी। दोनों देशों के बीच 2014 में हुआ असैन्य परमाणु सहयोग समझौता पूरी तरह से लागू हो जाएगा।

इसके अलावा रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, दुर्लभ खनिजों, व्यापार-निवेश, साइबर, एआई, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, हरित ऊर्जा, अनुसंधान, तकनीक और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग नई ऊंचाइयों को छुएगा। वार्ता में मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव से लेकर चिंता जताई गई, आतंकवाद की पुरजोर अंदाज में निंदा की गई। जबकि एक खुले हुए, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) के गठन को लेकर भारत, ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्षों ने सहमति प्रदान की है। सम्मेलन के अंत में कुल 18 परिणाम दस्तावेज निकलकर सामने आए। जिनमें 6 एमओयू शामिल हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है। बताते चलें कि भारतीय पीएम बीते 6 से 11 जुलाई तक ⏩ शेष पेज 5 पर

- ⏩ सम्मेलन के बाद निकलकर सामने आए कुल 18 परिणाम दस्तावेज, जिनमें 6 एमओयू हैं
- ⏩ दोनों नेताओं ने मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव पर जताई चिंता, बोले- संयम, संवाद से ही बनेगी बात
- ⏩ आतंकवाद, हिंसक उग्रवाद की कड़ी निंदा की, यूएन प्रतिबंधित आतंकियों के खिलाफ करेंगे कार्रवाई
- ⏩ चीन को दिए अप्रत्यक्ष संदेश में एक स्वतंत्र, खुले हुए, नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण को लेकर जताई प्रतिबद्धता



### शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए होगा इस्तेमाल

दोनों देशों के बीच 2014 में असैन्य परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। 10 जुलाई की शीर्ष नेताओं के मध्य हुए सम्मेलन में इससे संबंधित प्रशासनिक प्रबंध को अंतिम रूप दिया गया है। जिसके साथ ही अब यह समझौता पूरी तरह से लागू हो सकेगा और ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रशासनिक प्रबंध की व्यवस्था ये सुनिश्चित करती है कि ऑस्ट्रेलिया से मिलने वाले यूरेनियम का नई दिल्ली द्वारा इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की सुरक्षा निगरानी के अंतर्गत केवल शांतिपूर्ण असैन्य परमाणु उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। साथ ही भारत, ऑस्ट्रेलिया के बीच स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### अभी 4 देशों से मिलता यूरेनियम


वर्तमान में भारत रूस, कनाडा, उज्बेकिस्तान और कजाकिस्तान से यूरेनियम लेता है। अब ऑस्ट्रेलिया से इसकी खरीद की बड़ी वजह उसका विश्व का चौथा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश होना है। साथ ही भारत के 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। जिसमें नई दिल्ली की सोच भविष्य में कोयले पर निर्भरता को कम करके परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाने की है।

### एनएसजी सदस्यता के लिए मिलेगा समर्थन

सम्मेलन के बाद दिए संयुक्त प्रेस बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए परमाणु सहयोग समझौते को लेकर कहा, इससे ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम सप्लाई का मार्ग खुलेगा और हमारे स्वच्छ ऊर्जा के उद्देश्यों को भी नई ताकत मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) की सदस्यता के लिए भारत को समर्थन देने का ऐलान किया, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए भारत को यूरेनियम निर्यात से जुड़ी प्रशासनिक व्यवस्था को अंतिम रूप देने का स्वागत किया है। पीएम ने कहा कि दुर्लभ खनिजों के मामले में भारत-ऑस्ट्रेलिया का सहयोग रणनीतिक सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा पारगमन के लिए अहम है। इसी के साथ हमने साइबर, दुर्लभ तकनीकों को लेकर ऑस्ट्रेलिया-भारत साझेदारी और सप्लाई चेन (एआई पैक्ट्स) की पहल की है। दोनों देश मिलकर जटिल खनिज कॉरिडोर पर भी मिलकर काम करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बानीज ने कहा, हम दोनों देशों के संबंधों को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। अभी तक दोनों देशों की सप्लाई चेन तो जुड़ी थीं, लेकिन हमारी नीतियों में भिन्नता थी। आज का ये कदम इस दूरी को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम है।

## सीमावर्ती जिलों के पुलिस कप्तानों के साथ अमित शाह की उच्चस्तरीय बैठक, की विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को देश के 119 सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। सीमा पर चौकसी में पुलिस की अब तक की भूमिका, जिम्मेदारी बताने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर के राज्यों सहित विभिन्न सीमावर्ती राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एसपी शामिल रहे। बैठक का उद्देश्य देश की सीमा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना, सीमावर्ती क्षेत्रों की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करना तथा कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के उपायों पर चर्चा करना रहा।

यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब केंद्र सरकार अवैध घुसपैठ और अवैध प्रवासन के खिलाफ अभियान तेज कर रही है। सरकार का मानना है कि विशेष रूप से देश के पूर्वी अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती जिलों में संगठित तरीके से अवैध घुसपैठ और अवैध प्रवासन के माध्यम से जनसांख्यिकीय स्वरूप (डेमोग्राफिक प्रोफाइल) को प्रभावित करने की कोशिशें की गई हैं। सूत्रों के अनुसार बैठक में सीमा सुरक्षा, घुसपैठ, अवैध प्रवासन, जनसांख्यिकीय परिवर्तन, ड्रोन के बढ़ते खतरे, सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी तथा इन चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उच्चस्तरीय बैठक का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केंद्र सरकार ने कुछ महीने पहले देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने और उनके कारणों की जांच के ⏩ शेष पेज 5 पर

## अमूर्त निवेश में भारत ने दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पछाड़ा, नवाचार की वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर बढ़ा देश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्लूआईपीओ) और लुइस बिजनेस स्कूल द्वारा जारी 'वर्ल्ड इंटैन्जिबल इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट 2026' में भारत को वैश्विक नवाचार (इनोवेशन) के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरती अर्थव्यवस्था बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की 15 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने अमूर्त (इंटैन्जिबल) निवेश के क्षेत्र में सबसे तेज़ वृद्धि दर्ज की है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत का बढ़ता अमूर्त निवेश सॉफ्टवेयर, अनुसंधान एवं विकास, बौद्धिक संपदा, नवाचार और संस्थागत क्षमताओं जैसे क्षेत्रों में हो रहा है, जो भविष्य की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में भारत का अमूर्त निवेश बढ़कर 78.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इस दौरान इसमें 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो दुनिया की 15 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि भारत में अमूर्त निवेश की वृद्धि दर पारंपरिक भौतिक (टैन्जिबल) निवेश से भी अधिक रही। पीयूष गोयल ने कहा कि युवा नवोन्मेषकों, उद्यमियों और रचनाकारों की ऊर्जा तथा आकांक्षाओं के बल पर भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक उज्ज्वल केंद्र है और विचार, नवाचार तथा उद्यमिता पर आधारित ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में ⏩ शेष पेज 5 पर

## भाजपा में शामिल हुए तृणमूल कांग्रेस के तीन पूर्व सांसद, फिर से राज्यसभा भेजे जाने का कयास

- ⏩ सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक ने पिछले महीने छोड़ दी थी राज्यसभा की सदस्यता
- ⏩ तृणमूल के वे नेता जो भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हैं उनका भाजपा में स्वागत:शमिक भट्टाचार्य

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में में तृणमूल कांग्रेस छोड़ने वाले तीन पूर्व राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार व पार्टी में बगावत के बीच तीनों नेताओं ने पिछले महीने राज्यसभा की सदस्यता और पार्टी, दोनों से इस्तीफा दे दिया था। तृणमूल के तीनों पूर्व नेताओं ने कोलकाता के साल्टलेक स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में बंगाल भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की ⏩ शेष पेज 5 पर

## कांग्रेस का दावा : मध्य प्रदेश में फर्जी ग्राम सभाओं और मृतकों के फर्जी अंगूठों के जरिए खनन को दी गई मंजूरी

- ⏩ के. राजू और विक्रांत भूरिया ने की मांग-पूरे फर्जीवाड़े की सीबीआई जांच हो,दोषी अधिकारियों और कंपनियों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए
- ⏩ 'भाजपा सरकार आदिवासियों के साथ बड़े पैमाने पर कर रही धोखाधड़ी, यह वन अधिकार अधिनियम और पेसा कानून के तहत बने नियमों का उल्लंघन'



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा आदिवासियों के साथ बड़े पैमाने पर की जा रही धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए बताया है कि सिंगरौली में अडानी समूह की कंपनी को कोल ब्लॉक में खनन की अनुमति देने के लिए फर्जी ग्राम सभाओं और ग्रामीणों की सहमति के नाम पर मृतकों के फर्जी अंगूठों के निशानों का इस्तेमाल किया गया।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य के. राजू और अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने इस फर्जीवाड़े को 'सिंगरौली फाइल्स' नाम देते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हर तरह की धोखाधड़ी मुमकिन है। देश में वोट चोरी, सीट चोरी, चंदा चोरी के बाद अब 'अंगूठा चोरी' सामने आई है। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं की अनुमति लिए बिना खनन की मंजूरी देना वन अधिकार अधिनियम और पेसा कानून के तहत बने नियमों का उल्लंघन है। इसके बावजूद फर्जी ग्राम सभाएं बनाकर ⏩ शेष पेज 5 पर

### ई 20 पेट्रोल को लेकर गडकरी ने किया दावा

## माइलेज पर मामूली असर.. इंजन पर नहीं इंजन खराब तो उसके पीछे मिलावटी ईंधन

**इथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से कम**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से कम होती है। इसलिए जैसे-जैसे पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बढ़ती है, वैसे-वैसे गाड़ी का औसत माइलेज थोड़ा कम हो सकता है। लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका असर बहुत कम होगा। सोशल मीडिया पर ई20 पेट्रोल से वाहनों के खराब होने की जो बातें सामने आ रही हैं, उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। यह एक सुनियोजित दुष्प्रचार है।




नितिन गडकरी

### परीक्षण के बाद लागू हुआ

पुणे स्थित ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) और वाहन बनाने वाली कंपनियों ने कई तरह के परीक्षण किए थे। सभी जरूरी मंजूरी मिलने के बाद ही इसे लागू किया गया। पुराने वाहनों के कुछ छोटे पुर्जों पर थोड़ा असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए वाहन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि सर्विस ⏩ शेष पेज 5 पर

### आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर दिया गया जोर

**वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े जोखिमों और चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ**

## रणनीतिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता पर नीति आयोग की उच्चस्तरीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत की आर्थिक प्रगति, तकनीकी आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण (क्रिटिकल) खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नीति आयोग (नीति आयोग) ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की। बैठक में केंद्र सरकार, अनुसंधान संस्थानों, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने भाग लेकर रणनीतिक और उभरते क्षेत्रों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरतों पर व्यापक चर्चा की। बैठक में इस बात का आकलन किया गया कि रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, दूरसंचार, बैटरी निर्माण और अन्य उच्च प्रौद्योगिकी आधारित क्षेत्रों में वर्तमान और भविष्य में महत्वपूर्ण खनिजों की मांग कितनी होगी। विशेषज्ञों ने इन क्षेत्रों की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। परामर्श के दौरान महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) से जुड़े जोखिमों और चुनौतियों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। विशेष रूप से यह चर्चा की गई कि भारत आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू स्तर पर खनिजों की खोज (एक्सप्लोरेशन), खनन, प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की क्षमता को किस प्रकार मजबूत कर सकता है।

नीति आयोग

बैठक में इस बात पर भी सहमति जताई गई कि सरकार, उद्योग, अनुसंधान संस्थानों और शिक्षण संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण खनिजों की पूरी मूल्य श्रृंखला (वैल्यू चेन) को मजबूत किया जाए, ताकि भारत की संसाधन सुरक्षा (रिसोर्स सिक्योरिटी) और रणनीतिक क्षमता को और सुदृढ़ बनाया जा सके। नीति आयोग ने कहा कि यह परामर्श उसकी साक्ष्य-आधारित (एविडेंस-बेस्ड) नीति निर्माण की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। आयोग का उद्देश्य ऐसी नीतियां तैयार करना है, जो भविष्य की औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और भारत को वैश्विक ⏩ शेष पेज 5 पर

## बॉक्सर को भेजा था पीड़ित के ऑफिस का वीडियो

# 10 करोड़ की रंगदारी केस में हैरी बॉक्सर से जुड़ा टीचर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने हैरी बॉक्सर-लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक बीटेक ग्रेजुएट को गिरफ्तार किया है। आरोपी अमित बिश्नोई उर्फ रुद्र प्रताप सिंह (35) निवासी हिसार, हरियाणा मैथ्स का टीचर है। इस पर पीड़ित के ऑफिस की रेकी करने और उसका वीडियो बॉक्सर के साथ शेयर करने का आरोप है। बॉक्सर ने पीड़ित से 10 करोड़ की रंगदारी मांगी थी।



डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के अनुसार रंगदारी के संबंध में मुखर्जी नगर पुलिस स्टेशन में 8 जुलाई को केस दर्ज किया गया था। दरअसल 15 जुलाई को मुखर्जी नगर के रहने वाले पीड़ित को एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें 10 करोड़ देने से इनकार करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी। कॉलर ने खुद को हैरी बॉक्सर बताया था और एक हफ्ते के भीतर पैसे देने के लिये कहा था। बॉक्सर ने पैसे ऐंठने की कोशिश में कई इंटरनेशनल नंबरों का इस्तेमाल किया। उसने पीड़ित के ऑफिस का वीडियो भी शेयर किया और उसे बम से उड़ाने की धमकी भी दी थी। केस की जांच के बाद पुलिस अमित बिश्नोई तक पहुंची। वह फरीदाबाद से बीटेक ग्रेजुएट है। उसने दिल्ली के मुखर्जी नगर में यूपीएससी और एसएससी परीक्षाओं की तैयारी की थी। 2018 से वह मुखर्जी नगर में अलग-अलग कोचिंग सेंटरों में मैथ्स टीचर के तौर पर काम कर रहा था। 2014 में हरियाणा में एक कॉमन फ्रेंड के जरिए उसकी लॉरेंस बिश्नोई से जान पहचान हुई थी। बाद में उन्होंने हैरी बॉक्सर से संपर्क किया, जिसने उसे पीड़ित के परिवार और बिजनेस के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का काम सौंपा था।

# 'सक्षम' कार्यक्रम से सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को मिल रही नई गतिः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूल में एआई इंटीग्रेटेड स्मार्ट स्कूल टॉयलेट, स्टेम इनोवेशन लैब, आधुनिक कंप्यूटर लैब, स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम आदि का किया उद्घाटन

लाडली फाउंडेशन द्वारा हनीवेल टेक्नोलॉजी के सीएसआर सहयोग से चलाए जा रहे 'सक्षम' कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा, विज्ञान, नवाचार और स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिल रही है। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार गांव स्थित राजकीय बालिका सीनियर माध्यमिक विद्यालय में सक्षम' कार्यक्रम के तहत कई आधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन करने के अवसर पर कही। इनमें एआई इंटीग्रेटेड स्मार्ट स्कूल टॉयलेट, स्टेम इनोवेशन लैब, आधुनिक कंप्यूटर लैब, स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम और छात्राओं के स्वास्थ्य व जागरूकता से जुड़े विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भारत की मजबूत नींव आधुनिक, वैज्ञानिक और तकनीक आधारित शिक्षा से ही तैयार होगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में नई शिक्षा नीति, डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास, विज्ञान और इनोवेशन को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली सरकार भी इसी दृष्टि के अनुरूप सरकारी विद्यालयों में आधुनिक अधोसंरचना विकसित कर रही है, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विद्यालय परिसर में स्थापित एआई-इंटीग्रेटेड स्मार्ट स्कूल टॉयलेट का उद्घाटन किया। वहीं मुख्यमंत्री ने विद्यालय में स्थापित अत्याधुनिक स्टेम इनोवेशन लैब का भी उद्घाटन किया। इन प्रयोगशालाओं में छात्राओं को रोबोटिक्स, एआई, कोडिंग, आईओटी, स्पेस साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजाइन थिंकिंग और इनोवेशन आधारित प्रैक्टिकल लर्निंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 3 हजरी छात्राओं के लिए व्यापक स्वास्थ्य कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत छात्राओं का मेडिकल चेक अप, आई स्क्रीनिंग, आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मों का वितरण, डिवार्मिंग अभियान और मेंस्ट्रुअल हाइजीन अवेयरनेस सेशन आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे छात्राओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं आत्मविश्वास को मजबूत किया जा सके। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान स्टेम इनोवेशन लैब में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अमेरिका के अलबामा राज्य में स्थित यूनाइटेड स्टेट्स स्पेस एंड रॉकेट सेंटर (यूएसएआरसी) में आयोजित प्रतिष्ठित स्पेस साइंस प्रोग्राम के लिए चयनित होने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में पावर इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण के लिए विभिन्न विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने टाटा पावर-डीडीएल (टीपीडीडीएल) द्वारा क्षेत्र में वर्षों से संचालित खुली बिजली की तारों को सुरक्षित इंसुलेटेड (एबी) केबलों एवं भूमिगत विद्युत लाइनों में परिवर्तित करने की परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 33 केवी एवं 11 केवी की ओवरहेड बिजली लाइनों का चरणबद्ध तरीके से भूमिगतकरण और इंसुलेटेड केबलों में परिवर्तन किया जाएगा।

## सरकार ने 31 हजार 700 से ज्यादा ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन जब्त किए : डॉ. पंकज



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने अपने विशेष एनफोर्समेंट अभियान के तहत दिल्ली के पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया में एक फार्मास्युटिकल प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 31 हजार 700 ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन जब्त किए गए, जिन्हें कथित तौर पर अनिवार्य कोल्ड चेन स्टोरेज के तय मानकों का उल्लंघन करते हुए रूम टेंपरेचर पर रखा गया था। निरीक्षण के दौरान ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने पाया कि ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन आईपी 5 आईयू/एमएल (जो तापमान के प्रति संवेदनशील दवा है) के एक बैच को प्रोडक्ट लेबल पर साफ तौर पर बताई गई जरूरी स्टोरेज शर्तों 2 डिग्री सेल्सियस से 8 डिग्री सेल्सियस के बजाय सामान्य कमरे के तापमान पर रखा गया था। यह स्टॉक मई 2026 में खरीदे जाने के बाद से कथित रूप से इसी स्थिति में रखा हुआ था। ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने निरीक्षण के दौरान पाया कि स्टॉक को ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 65 (17) के प्रावधानों के अनुरूप नहीं रखा गया था। हालांकि, परिसर में एक चालू रेफ्रिजरेटर मौजूद था, लेकिन उसमें कोल्ड स्टोरेज में रखी जाने वाली कोई भी दवा नहीं रखी गई थी। ऑक्सीटोसिन के महत्वपूर्ण इलाज संबंधी इस्तेमाल और लंबे समय तक गलत तरीके से स्टोर करने पर इसकी प्रभावशीलता (पोटेंसी) क्षमता कम होने की संभावना को देखते हुए ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने पब्लिक हेल्थ को किसी भी संभावित खतरे से बचाने के लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के प्रावधानों के तहत इसका पूरा स्टॉक को जब्त कर लिया। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि नागरिकों को मिलने वाली हर दवा की क्वालिटी, सुरक्षा और असर के सर्वोच्च मानकों पर खरी उतरे। मरीजों की सुरक्षा से समझौता करने वाली किसी भी तरह की लापरवाही, खासकर जीवनरक्षक और गंभीर बीमारियों की दवाओं के मामले में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रोहिणी इमारत हादसाः मरने वालों की संख्या हुई तीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ मलबे से निकाला गया एक मजदूर अस्पताल में भर्ती

■ पुलिस ने लापरवाही की धाराओं के तहत केस दर्ज किया

रोहिणी इलाके में निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत ढहने के बाद बुधवार रात भर चले बचाव अभियान के दौरान मलबे से दो और शव बरामद किए गए। इसके साथ ही हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। मलबे से निकला गया एक मजदूर अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने घटना के संबंध में एक प्राथमिकी भी दर्ज की है।

डीसीपी शशांक जायसवाल ने बताया कि रेस्क्यू अभियान के दौरान एक मजदूर को मलबे से जीवित निकाला गया है और उसकी पहचान सद्दाम उर्फ रवि (32) के रूप में हुई है। वह फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के दौरान तीन शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान स्थानीय दर्जी राम (42), मजदूर काफे उर्फ नुरुल (24) और राम दुआ (62) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि राम दुआ इमारत के मालिक के पिता हैं। राम दुआ को अस्पताल ले जाया गया था जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दो शवों को लंबे समय तक चले तलाश अभियान के बाद मलबे से बाहर निकाला गया। बचाव अभियान पूरा हो चुका है। हालांकि, मलबा हटाने का काम गुरुवार को दिनभर जारी रहा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मलबे में कोई और तो नहीं फंसा है। जायसवाल ने कहा कि इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और इमारत ढहने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। गौरतलब है कि यह हादसा बुधवार शाम चार बजकर 28 मिनट पर सेक्टर-16 स्थित नगर निगम के एक स्कूल के पास हुआ। इसके बाद पुलिस, डीएफएस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), राजस्व विभाग और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाया तथा मलबा हटाने के लिए भारी मशीनरी लगाई गई थी।

## रेखा गुप्ता सरकार ने साकेत हादसे से सबक नहीं लीः भारद्वाज

नई दिल्ली। आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बुधवार को रोहिणी में गिरी इमारत से पहले साकेत हादसे से भी रेखा गुप्ता सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। गिरी हुई इमारत के मलबे से चार शव निकाले जा चुके हैं, हर बार की तरह इस बार भी सरकार की ऐसे हादसे पर जीरो जवाबदेही नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि क्या भाजपा सरकार का दिल्ली की सभी इमारतों का सेफ्टी ऑडिट कराने का दावा फर्जी था। क्या सरकार और एमसीडी ने सेफ्टी ऑडिट के नाम पर व्यापारियों से मोटी रिश्वत वसूलने का काम किया। हर घटना के बाद सरकार दिखावे के लिए छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर मगरमच्छों को बचा लेती है। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार की जीरो जवाबदेही रह गई है।


**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN: L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, हेमकुंट टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
Ph.: 011-42504954/4878, Fax: 28293822
Email id: sbecsystems@rediffmail.com website: www.sbecsystems.in

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रह के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो का खुलना**

कम्पनी के शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, फिजिकल शेयर जो 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे अथवा खरीदे गये थे, के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन ('डिमैट') हेतु एक स्पेशल विंडो 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए आगे खोली गई है।

यह सुविधा हस्तांतरण आग्रहों के लिए भी उपलब्ध होगी जो पूर्व में जमा करवाए गए थे परन्तु दस्तावेजीकरण में कमी(यां), प्रक्रियात्मक मुद्दों अथवा किसी अन्य कारण की वजह से निरस्त कर दिये गये थे, लौटा दिये गये थे, अथवा प्रोसेस नहीं किए गए थे।

शेयरधारक आगे ध्यान दें कि इस स्पेशल विंडो के तहत हस्तांरित किए गए शेयर केवल डिमैटीरियलाइज्ड रूप में हस्तांतरिती को अनिवार्य रूप से क्रेडिट किए जाएंगे और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की लॉक-इन अवधि के अधीन होंगे। उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान, ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित/गृहणाधिकार-चिन्हित, अथवा गिरवीकृत नहीं किया जाएगा।

शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि ऐसे मामले किसी इश्यू के लिए रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के पास सभी सम्बन्धित दस्तावेजों सहित 04 फरवरी 2027 को या इससे पूर्व, मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली–110062 में beetalrta@gmail.com पर पुनः दायर करें।

कृते एसबीईसी सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
हिमानी मित्तल
(कम्पनी सचिव)
एम.एन. एसीएस 37715

दिनांक : 09.07.2026
स्थान : नई दिल्ली



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 122 दिनांक 27.06.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।



गुमशुदा की पहचान
नाम- हेमवती ।
पति का नाम -देवेन्द्र ।
पता - गांव भैंसवान खुर्द तहसील गोहाना जिला सोनीपत
उम्र- 33 वर्ष।
कद- 5 फुट 2 ईन्च।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, काली आँखें, विवाहित ।
पहनावा - हल्का हरे रंग का सुट सलवार, काले रंग की चुन्नी व गाजरी रंग की जूती पहने हुए है ।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26-06-2026 को हेमवती पत्नी देवेन्द्र वासी गांव भैंसवान खुर्द तहसील गोहाना जिला सोनीपत बिना किसी को कुछ बताये घर से चली गयी है जो अभी तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410546
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9467512303
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5017/2027/47018/88/7 दि. 09.07.26


## खबर संक्षेप

### चाकू की नोक पर कैब लूटने वाले तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में चाकू की नोक पर एक कैब चालक से उसकी टैक्सी और कीमती सामान लूटने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम मोहम्मद कैफ (25), जुनैद अली (22) और कैफ (20) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार, कैब चालक ने मंगलवार रात शिकायत दर्ज कराई कि 'ऐप' के माध्यम से उसकी गाड़ी बुक की गई और उसमें तीन लोग सवार हुए। इसके बाद फतेहपुर बेरी इलाके में एक सुनसान स्थान पर पहुंचने के बाद तीनों ने उसे चाकू के बल पर धमकाया, उस पर हमला किया और टैक्सी, मोबाइल फोन, पर्स और अन्य सामान लेकर भाग गए। जांच के दौरान तीनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने लूटी गई टैक्सी, शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन, गाड़ी बुक करने के लिए कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन, पर्स और पीड़ित के दस्तावेज बरामद कर लिये है। पुलिस ने कहा कि आरोपी देर रात मोबाइल 'ऐप' के माध्यम से टैक्सी बुक करके कैब चालकों को निशाना बनाते थे और एकांत स्थान पर ले जाकर उन्हें लूट लेते थे।

### नजफगढ़ में कार के अंदर मृत मिला शख्स

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के नजफगढ़ में दिचाऊं डिपो के पास एक कार से 40 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान कानपुर के यशोदा नगर निवासी नीरज शुक्ला (40) के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पीसीआर को बुधवार को सूचना मिली कि दिचाऊं डिपो के पास अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 इलाके में एक कार में एक व्यक्ति बेसुध अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि व्यक्ति कार की अगली यात्री सीट पर अचेत अवस्था में पड़ा था। घटनास्थल का निरीक्षण करने और साक्ष्य जुटाने के लिए जिला क्राइम टीम को बुलाया गया।

# स्विमिंग पूल में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नजफगढ़ इलाके में एक निजी स्कूल के स्विमिंग पूल में तैरते समय 26 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक का नाम झाड़ौदा गांव निवासी राहुल राय बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिये जाफरपुर स्थित राव तुलाराम अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार तारक अस्पताल से सूचना मिली थी कि नजफगढ़ के भोली राम पब्लिक स्कूल के पूल में तैरते समय एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई है। इसके बाद एक टीम अस्पताल पहुंची। प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि राहुल बुधवार शाम अपने तीन दोस्तों सूरज सिंह, तरुण कुमार और भविष्य के साथ स्कूल के स्विमिंग पूल में नहाने और तैराकी के लिए गया था। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह पूल में डूब गया, जिसके बाद उसके दोस्त और मौके पर मौजूद अन्य लोग उसे तारक अस्पताल ले गए। हालांकि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वह कैसे डूबा और क्या घटना के समय वहां पर्याप्त सुरक्षा उपाय मौजूद थे। पुलिस के मुताबिक राहुल एक निजी कंपनी में कार्यरत था, जहां वह कार्डबोर्ड कार्टन पैक करने का काम करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद पुलिस ने स्विमिंग पूल और आसपास के इलाके का निरीक्षण किया। जांच के तहत राहुल के दोस्तों और मौके पर मौजूद अन्य लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ठगी में शामिल कॉल सेंटर के छह अरेस्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। 1 लाख 31 हजार के क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी के इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार करावल नगर निवासी अमित कुमार द्वारा इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। यह मामला लगभग 1.31 लाख की साइबर धोखाधड़ी से संबंधित था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें बैंक प्रतिनिधि बनकर फोन किया गया था। उसने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर दिया। धोखे से क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी हासिल करके बिना अनुमति के ट्रांजेक्शन कर लिये गये। जांच के दौरान पता चला कि ठगी गई रकम का इस्तेमाल ब्लिंकिट के माध्यम से खरीदारी करने में किया गया था, जिसमें एक सैमसंग मोबाइल फोन शामिल थे। तकनीकी विश्लेषण से अनीश गुप्ता की पहचान हुई, जो शिकायतकर्ता से संपर्क करने और उन्हें धोखा देने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन को चला रहा था। अनीश गुप्ता को पकड़ा गया और लगातार पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि वह पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में किराए के फ्लैट से चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर में काम कर रहा था। इसके बाद पुलिस टीम ने उस जगह पर छापा मारा और अवैध कॉल सेंटर चलाने वाले चार और आरोपियों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। पकड़े गये अन्य के नाम नितिन सोलंकी, ध्रुव, सिमरन, इशिका और बॉबी श्रेष्ठ हैं। जांच में यह बात सामने आई कि नितिन सोलंकी और सिमरन फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे, जबकि इशिका और ध्रुव कॉलर के तौर पर काम करते थे। आरोपी ध्रुव पहले साइबर क्राइम से जुड़े दो मामलों में शामिल पाया गया है। बॉबी श्रेष्ठ भी पहले साइबर क्राइम से जुड़े एक मामले में शामिल रहा है।

# इनकम टैक्स भर्ती के नाम पर चल रहे फर्जी रैकेट का भंडाफोड़

■ इनकम टैक्स विभाग के पूर्व एमटीएस कर्मचारी समेत तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की हौज काजी पुलिस ने इनकम टैक्स भर्ती के नाम पर चल रहे एक फर्जी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इनकम टैक्स विभाग के पूर्व एमटीएस कर्मचारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सिविक सेंटर स्थित इनकम टैक्स विभाग में फर्जी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। अपराध में इस्तेमाल किए गए फर्जी वेरिफिकेशन फॉर्म, पीड़ितों के पहचान पत्र और मोबाइल फोन आदि चीजें जब्त की गई है। शिकायतकर्ता के साथ सरकारी नौकरी का झूठा वादा कर दो लाख की धोखाधड़ी की गई थी। आशंका है कि इस गिरोह ने छह से सात पीड़ितों से करीब 10 लाख की धोखाधड़ी की है। डीसीपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार 18 मई को हौज काजी थाने को सरकारी नौकरी में भर्ती के नाम पर चल रहे एक फर्जी रैकेट के बारे में जानकारी मिली थी। अजमेरी गेट निवासी एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि नवीन प्रकाश, दीपक तिवारी और रोहित चौहान ने इनकम टैक्स विभाग में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) पद दिलाने का झूठा वादा करके उसके साथ धोखाधड़ी की है। दिसंबर 2025 के दौरान आरोपी नवीन प्रकाश ने खुद को इनकम टैक्स विभाग का कर्मचारी बताया था और एमटीएस की नौकरी दिलाने का भरोसा देकर शिकायतकर्ता को झांसे में लिया था। बाद में उसने अपने साथी दीपक तिवारी से शिकायतकर्ता को मिलवाया, जिसने अजमेरी गेट स्थित खटीकान मंदिर में पांच हजार नकद लिए और आगे के ट्रांसफर के लिए आरोपी रोहित चौहान के बैंक खाते की जानकारी दी। उनकी झूठी बातों पर भरोसा करके शिकायतकर्ता ने 22 दिसंबर 2025 और 31 दिसंबर 2025 के बीच डिजिटल ट्रांजैक्शन के जरिए अपनी पूरी पीएफ बचत यानी 1,98,500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। नकद भुगतान को मिलाकर शिकायतकर्ता को कुल 2,03,500 रुपये का नुकसान हुआ। आरोपियों ने शिकायतकर्ता का भरोसा जीतने के लिए नकली इनकम टैक्स वेरिफिकेशन फॉर्म का भी इस्तेमाल किया। वे मार्च 2026 तक झूठे वादे करते रहे और उसके बाद सभी गायब हो गए थे। कई छापेमारी के बाद रोहित चौहान को तीन जुलाई को रोहिणी इलाके से पकड़ा गया। आगे की जांच में चिराग अग्रवाल और तरुण गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने केस में पवन दत्त शर्मा नामक शख्स को भी बाउंड किया है। चिराग अग्रवाल उर्फ नवीन प्रकाश पटेल विहार, करावल नगर का रहने वाला है।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिला (निर्वाचन क्षेत्र रतिया) में कि.मी. 18.50 से 18.70 तक धारसुल भुना रोड से रतिया तक (आईडी 5550) पर क्रैश बैरियर का प्रावधान (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 08.07.2026 15.07.2026 | 17.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में प्रांतीय मंडल सं. I, लोनिवि भ व प शाखा, हिसार में मेन स्टोर हिसार में आकार 53 मिमी से 22.4 मिमी में स्टोन मैटल की आपूर्ति, ढुलाई और एकत्रीकरण। | बंद होने की तिथि 14.07.2026 | 3.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सहरवा गरनपुरा से जिला सीमा तक आरडी 3.000 से 3.280 तक बाढ़ प्रभावित रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4767)। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 16.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव चुलकाना (समालखा) जिला पानीपत में राजकीय आईटीआई का निर्माण (पावर वायरिंग का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 09.07.2026 16.07.2026 | 187.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | वर्ष 2026 हेतु आरडी 201000-एल ड्रेन नं. 8 पर आरडी 0 से 7850 आउटफॉल तक काहनौर मसदपुर पाइप लाइन पम्प हाउस लिंक ड्रेन पर क्षतिग्रस्त ब्रिक मेसनरी हौदी और सम्प वैल को आरसीसी हौदी और आरसीसी सम्प वैल में बदलना। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 9.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जेएलएन फीडर के डीआरबी आरडी 136200 पर चेन लिंक फेंसिंग की स्थापना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.07.2026 | 15.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262271675 xenfdrrtk@gmail.com |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (23 मदें) की खरीद, सेक्टर मैकेनिकल/प्रोडक्शन। | 09.07.2026 23.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 104 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 68 मी. सहित टर्न टेबल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 42 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 55 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 90 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 70 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/260/47007/I/88/7 दि. 09.07.26

*from*

# GALGOTIAS

*to*

# CAMBRIDGE

**Pursuant to the MoU between**

GALGOTIAS UNIVERSITY

×

GIRTON COLLEGE
UNIVERSITY OF CAMBRIDGE

## 16 STUDENTS FROM GALGOTIAS UNIVERSITY

Embark on a


**Fully Sponsored Global Journey**

attending prestigious

**Entrepreneurship and Artificial Intelligence (AI) Program**

*At*

**Girton College, University of Cambridge**



*A Global Milestone. A Lifetime of Possibilities.*


**Nitya Upadhyay**
B.Tech IT
3rd Year


**Krishna Garg**
B.TECH CSE
3rd Year


**Aditya**
B.TECH
(CSE -AI&ML)
3rd Year


**Pushkar Singh**
EE
2nd Year


**Abhishek Kumar**
B.Tech in CSE
with specialization in AI&ML
3rd Year


**Archit Kumar**
B.TECH (CSE)
3rd Year


**Aman Singh**
B.Tech in CSE
(Data Science)
iOS Development Centre
3rd Year


**Swastick Bisht**
B.Sc.
(Hons. With Research)
Microbiology
3rd Year


**Saksham Saxena**
B.Tech CSE with
AI&ML
4th Year


**Ansh Sharma**
B.Tech CSE
AI&ML
iOS Development
Centre | 3rd Year


**Yashika Sharma**
B.Tech CSE
AI&ML
3rd Year


**Tanishqa Giri**
BBA
in Financial
Investment Analysis
3rd Year


**Vayu Nandan Tripathi**
B.Tech CSE AI&ML
2nd Year


**Gaurang Pant**
B.TECH CSE
3rd Year


**Kavya Singh**
BBA
in Financial
Investment Analysis
3rd Year


**Keshav Madan**
Btech cse +
cyber security
3rd Year

A proud step towards advancing **India–UK** collaboration through education, innovation, industry and young talent.

For Admissions
Scan to Apply

RANKED 1201-1400

**#16** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked 3rd
amongst Private
Universities in Uttar Pradesh

Ranked 46th
amongst Top Private and
Government Universities in India

Scan to Explore
the World of Galgotias

GLOBALLY RANKED FOR 3 CONSECUTIVE YEARS

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** | **97173 00343** | **0120-4370000**

NAAC GRADE A+ Accredited University | **Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

GALGOTIAS UNIVERSITY

## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में एक जयपुर से गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डबुआ मंडी के एक आढ़ती से तरबूज सप्लाई के नाम पर 2,30,000 की साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाता उपलब्ध कराने वाले को 8 जुलाई को जयपुर से काबू किया है। जिसकी पहचान महेश, निवासी गांव भारकोटा, जिला जयपुर हाल निवासी गांव चंदलाई जयपुर के रूप में हुई है। जिसको पुलिस टीम ने माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी महेश गांव चंदलाई में नाई की दुकान चलाता है। उसने अपनी दुकान के पड़ोस में रहने वाले शुभम का बैंक खाता लेकर आगे अन्य व्यक्ति को उपलब्ध कराया था। जिसने फेसबुक पर फल वितरण बारे फर्जी पेज बनाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। ठगी के 2,30,000 खाताधारक शुभम के बैंक खाते में प्राप्त हुते थे। मुख्य आरोपी सुभाष व खाताधारक शुभम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### वाहन चोर गिरफ्तार, एक मोटरसाइकिल बरामद की



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के एक मामले में आरोपी को पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर उससे चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नफीस निवासी शेरखान मोहल्ला जेवर जिला गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि कृष्णा कॉलोनी फरीदाबाद निवासी तोफिक ने थाना आदर्श नगर में शिकायत दी थी कि 17 जून 2026 को उसकी मोटरसाइकिल बल्लभगढ़ सिटी पार्क के बाहर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। आधार पर थाना आदर्श नगर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## क्षेत्रवासियों से बातचीत कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# निगमायुक्त ने जलनिकासी और सड़कों की व्यवस्था का लिया जायजा, कहा-योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने गुरुवार को अधिकारियों की टीम के साथ सेक्टर-17 का दौरा कर क्षेत्र की जलनिकासी व्यवस्था, सड़कों की स्थिति और अन्य नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय पार्षद अनूप सिंह और क्षेत्रवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**खास बातें**
- ड्रेनेज नेटवर्क को मजबूत करने की आवश्यकता
- शहरवासियों को बेहतर सड़के, प्रभावी जलनिकासी और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना
- क्षेत्रवासियों से बातचीत की



### निगमायुक्त ने नागरिकों से किया संवाद

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने इंजीनियरिंग अधिकारियों के साथ ड्रेनेज नेटवर्क की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए केवल अस्थायी नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से मजबूत और स्थायी समाधान तैयार किए जाएं। जहां ड्रेनेज नेटवर्क को मजबूत करने की आवश्यकता है, वहां योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

प्रदीप दहिया ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर सड़कें, प्रभावी जलनिकासी और गुणवत्तापूर्ण शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए नियमित फील्ड निरीक्षण, नागरिकों से संवाद और तकनीकी योजना के आधार पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्याओं के समाधान में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। सड़कों की स्थिति को लेकर भी क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस पर निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क संबंधी आवश्यकताओं का आकलन कर प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य शुरू किए जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और स्थायित्व सुनिश्चित करने के साथ नियमित निगरानी पर भी जोर दिया।

## डीसी आयुष सिन्हा के निर्देशन में जल निकासी व्यवस्था पर लगातार नजर, पंपिंग सिस्टम पूरी तरह सक्रिय

# बरसात के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क, 54 प्रमुख डिस्पोजल एवं जल निकासी केंद्रों की निरंतर मॉनिटरिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट आयुष सिन्हा के निर्देशन में बरसात के मौसम के दौरान जिले में जलभराव की स्थिति को रोकने तथा आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है। नगर निगम फरीदाबाद, एफएमडीए, बिजली निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से जिले के सभी प्रमुख डिस्पोजल प्वाइंट, स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल, सीवरेज डिस्पोजल एवं जल निकासी केंद्रों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। फील्ड में अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार सक्रिय रहते हुए जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए हुए हैं।

समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार जिले के विभिन्न परिचालन (ओपी) सर्किलों के अंतर्गत कुल 54 डिस्पोजल प्वाइंट संचालित किए गए। इनमें अधिकांश डिस्पोजल पंपों ने 24 घंटे अथवा लगभग पूरे दिन निर्बाध रूप से कार्य किया, जिससे वर्षा जल की निकासी प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हुई। डबुआ कॉलोनी, नवादा, गांधी कॉलोनी, सेक्टर-9, सेक्टर-14, सेक्टर-18, सेक्टर-11, सेक्टर-17, सेक्टर-21ए, सेक्टर-33, सेक्टर-37, एनएचपीसी अंडरपास, सेक्टर-48, पल्ला, खेड़ी कलां, तिलपत तथा अन्य क्षेत्रों के अधिकांश डिस्पोजल प्वाइंट लगातार संचालित रहे और जल निकासी व्यवस्था सामान्य बनी रही। रिपोर्ट के अनुसार कुछ स्थानों पर 66 केवी विद्युत आपूर्ति में अस्थायी बाधा, खराब मौसम, बिजली फीडर में तकनीकी खराबी, जंपर टूटने, ब्रेकडाउन, शटडाउन अथवा लाइन पर पेड़ गिरने जैसी परिस्थितियों के कारण सीमित अवधि के लिए बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। ऐसे सभी स्थानों पर संबंधित विभागों द्वारा तत्काल मरम्मत कार्य कर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई तथा पंपों का संचालन पुनः शुरू कराया गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था शीघ्र सामान्य हो गई। जिला प्रशासन ने संवेदनशील एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पंपिंग सेट, मशीनरी एवं फील्ड स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक डिस्पोजल प्वाइंट की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा किसी भी तकनीकी समस्या अथवा जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ 24 घंटे, सातों दिन कार्य कर रहे हैं ताकि किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि बरसात के मौसम में नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और जल निकासी व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फील्ड में निरंतर मौजूद रहकर प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें, ताकि जिले में यातायात एवं जनजीवन सामान्य बना रहे। जिला प्रशासन मौसम की स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है तथा किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार हैं।

### लगातार वर्षा से फरीदाबाद का पुराना खेड़ी पुल धंसा

#### पुल धंसने से बड़ा गड्ढा बनाए वाहनों की आवाजाही बंद

**फरीदाबाद।** लगातार हो रही वर्षा के चलते फरीदाबाद में पुराना खेड़ी पुल धंस गया। पुल का एक हिस्सा धंसने से वहां बड़ा गड्ढा बन गया है, जिसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर इस मार्ग पर वाहनों और लोगों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। लगातार बारिश के कारण पुल की सतह धंस गई, जिससे बीच सडक पर बड़ा गड्ढा बन गया। मौके की तस्वीरों में पुल का क्षतिग्रस्त हिस्सा साफ दिखाई दे रहा है।

हादसे से बचाव के लिए प्रभावित हिस्से के आसपास बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद कर दिया गया है। पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर इस मार्ग से आवागमन बंद कर दिया है। इससे इस रास्ते का उपयोग करने वाले लोगों को फिलहाल दूसरे मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा है। लगातार बारिश के कारण फरीदाबाद के नगला एंक्लेव में भी सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया। गुरुवार सुबह इस रास्ते से गुजर रहे दो किशोरों की बाइक का अगला पहिया गड्ढे में समा गया, जिससे दोनों हादसे का शिकार हो गए।



## अधिकारियों को तत्काल कचरा हटाने के निर्देश दिए

# अवैध कचरा डंपिंग पर निगम की सख्ती, संयुक्त आयुक्त सपना यादव ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-36ए स्थित क्रिसुमी ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट के आसपास अवैध रूप से कचरा डंप किए जाने की शिकायत मिलने पर नगर निगम गुरुग्राम की संयुक्त आयुक्त सपना यादव ने मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छता अधिकारियों को तत्काल कचरा हटाने, कार्रवाई का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड तैयार करने तथा अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

संयुक्त आयुक्त ने कहा कि स्थल पर जमा कचरे को निर्धारित डिस्पोजल साइट तक पहुंचाया जाए और भविष्य में दोबारा अवैध डंपिंग न हो, इसके लिए नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल कचरा हटाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियम तोड़ने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध रूप से कचरा फेंकने वाले वाहनों और व्यक्तियों की पहचान की जाए तथा कचरा हटाने में आने वाला खर्च संबंधित लोगों से वसूला जाए।

यह राशि उनकी प्रॉपर्टी आईडी में भी जोड़ी जाएगी। नगर निगम ने कचरा उठान कार्य में तेजी लाने के लिए पर्याप्त वाहनों की तैनाती के निर्देश दिए हैं। संबंधित सैनिटरी इंस्पेक्टर के समन्वय से पूरे क्षेत्र का कचरा हटाकर निर्धारित स्थल तक पहुंचाया जाएगा। सपना यादव ने कहा कि सार्वजनिक और खुले स्थानों पर कचरा फेंकने से शहर की स्वच्छता प्रभावित होती है और आसपास रहने वाले लोगों को भी परेशानी होती है।

## 2.04 लाख नकद, टोकन, वॉकी-टॉकी व अन्य सामान बरामद

# अपराध शाखा डीएलएफ ने अवैध जुआ अड्डे का भंडाफोड़ संचालक सहित 5 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अपराध शाखा डीएलएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध जुआ, सट्टा अड्डे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गगन स्क्रैप मार्केट स्थित दीपा मीट ढाबा के पास एक स्क्रैप गोदाम में संचालित जुआ अड्डे पर छापेमारी कर संचालक सहित पांच आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मौके से 2,04,220 नकद, बड़ी संख्या में गेमिंग टोकन, दो वॉकी-टॉकी सेट, लूडो गिट्टियां, एक रजिस्टर तथा जुआ संचालन में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुलकित निवासी एनआईटी, राजेश कुमार निवासी एनआईटी, मनीष निवासी अशोक नगर नई दिल्ली, तरुण निवासी विकासपुरी नई दिल्ली तथा मेहुल निवासी एनआईटी फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 जुलाई को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि गगन स्क्रैप मार्केट स्थित एक स्क्रैप गोदाम के कार्यालय में पुलिकत नामक व्यक्ति लोगों से पैसे दांव पर लगवाकर अवैध जुआ, सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत योजनाबद्ध तरीके से मौके पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान गोदाम के कार्यालय में कई लोग जुआ खेलते हुए मिलें, जिन्हें पुलिस ने मौके पर ही काबू कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी पुल्कित अपने स्क्रैप गोदाम के कार्यालय में लूडो गिट्टी के माध्यम से जुआ खिलाता था। वह खिलाडियों से नकद राशि लेकर उन्हें प्लास्टिक के टोकन उपलब्ध कराता था, जिनके माध्यम से दांव लगाए जाते थे। खेल समाप्त होने पर जीत-हार का भुगतान नकद किया जाता था और वह जुआ संचालन के बदले कमीशन वसूलता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए वॉकी-टॉकी और रजिस्टर का उपयोग किया जाता था।

## 49 हजार की ठगी के मामले में किया गया था खाता इस्तेमाल

# बैंक कर्मचारी दिल्ली से गिरफ्तार, ठगों से मिलकर किया था फर्म का खाता वेरीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना एनआईटी की टीम ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 49,000 की साइबर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए 8 जुलाई को एक आरोपी गोपाल निवासी चमन विहार, गाजियाबाद को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी अब एक्सिस बैंक, सदर बाजार दिल्ली में कार्य कर रहा था। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

घटनाक्रम में एक अन्य बैंक कर्मचारी सहित तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान सामने आया कि पहले गिरफ्तार आरोपी आकाश ने अपने चाचा अशोक की नवदुर्गा इंटरप्राइजेज फर्म के नाम से दिल्ली के करोल बाग स्थित कोटक महिंद्रा बैंक में कर्मचारी प्रदीप और गोपाल की मिलीभगत से सितम्बर 2022 में करंट, चालू बैंक खाता खुलवाया था। आरोपी गोपाल व प्रदीप ने इस खाता की तस्दीक आरोपियों से मिलकर गलत तरीके से की थी। कअशोक की मृत्यु अगस्त 2022 में हो चुकी थी। आरोप गोपाल को इस कार्य के लिये 5000 रूपए मिले थे। सितंबर 2022 से दिसंबर 2022 के बीच इस खाते में 78 लाख रूपये से अधिक की ठगी से संबंधित राशि आई थी। पुलिस के अनुसार दयाल बाग फरीदाबाद निवासी एक युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि 10 नवंबर 2022 को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि शिकायतकर्ता के एसबीआई क्रेडिट कार्ड की क्रेडिट लिमिट बढ़ाई जा रही है। प्रक्रिया पूरी करने के बहाने आरोपी ने उसके मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी सांझा करने के लिये कहा था।

## आरोपी से 5 हजार रुपए बरामद किए

# ट्रक से स्टील फाइबर के कट्टे किए थे चोरी टीम ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



सेक्टर-59 क्षेत्र में खड़े ट्रक से स्टील फाइबर के कट्टे चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने आरोपी तोसिफ उर्फ कोसिया, निवासी कोसी कलां जिला मथुरा उत्तर प्रदेश को 8 जुलाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का सामान बेचने से प्राप्त पैसों में से 5,000 रुपए बरामद किये हैं। जिसको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी किराये पर टेंपो चलाने का काम करता है। जिससे उसका गुजारा नहीं हो रहा था। 11-12 फरवरी की रात को वह सेक्टर 59 में घूम रहा था तो उसने देखा कि ट्रक चालक अंदर सो रहा है। इसका फायदा उठाकर ट्रक से स्टील फाइबर के 11 कट्टे चोरी कर लिये और किराए पर टेंपो लाकर उसमें चोरी किए हुए कट्टे भरकर बल्लभगढ़ में स्थान पर उतार लिए। इसके बाद चोरी के कट्टों को एक फेरी वाले को 10,000 रुपए में बेच दिया।

पुलिस के अनुसार समीर निवासी सांपला रोहतक पेशे से ट्रक चालक है। जिसने अपनी शिकायत में बताया था कि 11 फरवरी को वह झज्जर स्थित कंपनी से स्टील फाइबर के 320 कट्टे ट्रक में लोड कर फरीदाबाद आया था। 12 फरवरी को उसने अपना ट्रक सेक्टर.59 स्थित कंपनी के बाहर खड़ा कर दिया और ट्रक के अंदर ही सो गया। सुबह करीब 10 बजे जागने के बाद ट्रक का तिरपाल हटाकर देखा तो ट्रक से स्टील फाइबर के 11 कट्टे चोरी पाये गए। जिसकी शिकायत पर थाना सेक्टर-58 में मामला दर्ज किया गया था।

## ठेकेदारों की पेमेंट न होने से फरीदाबाद में चल रहे विकास कार्यों पर पड़ सकता है असर

# कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल ननि आयुक्त से मिलने पहुंचे, अनुपस्थिति में उनके निजी सहायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



नगर निगम के ठेकेदारों ने लंबित भुगतान को लेकर एक बार फिर अपनी आवाज बुलंद की है। कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन फरीदाबाद के पदाधिकारी नगर निगम आयुक्त से मुलाकात करने निगम मुख्यालय पहुंचे, लेकिन नगर निगम आयुक्त धीरेन्द्र खड़गटा की अनुपस्थिति के कारण उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उनके निजी सहायक को सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

रामबीर सिंह रावत, मुन्ना लाल चौहान, चन्द्रभान त्यागी, सुभाष सांगवान ने बताया कि बीते 22 जून 2026 को भी उनकी नगर निगम आयुक्त से मुलाकात हुई थी। उस दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया था कि लंबित भुगतान जल्द जारी कर दिए जाएंगे, लेकिन करीब तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हो सका है। ठेकेदारों का कहना है कि पिछले 3 से 4 महीनों से करोड़ों रुपए के बिल लंबित पड़े हैं। भुगतान नहीं मिलने से उन्हें मजदूरों की मजदूरी, निर्माण सामग्री के भुगतान और अन्य वित्तीय दायित्वों को पूरा करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो फरीदाबाद शहर में चल रहे विकास कार्यों की गति प्रभावित हो सकती है और कई परियोजनाओं पर काम रुकने की नौबत आ सकती है। ज्ञापन के माध्यम से ठेकेदारों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की कि पहले से लंबित सभी बिलों का तत्काल भुगतान किया जाए। जिन कार्यों की टेस्टिंग विभागीय अधिकारियों द्वारा पहले ही कराई जा चुकी है, उन्हें मान्य करते हुए संबंधित बिलों का भुगतान बिना देरी के जारी किया जाए। साथ ही वर्तमान और भविष्य में होने वाले कार्यों की टेस्टिंग प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सार्वजनिक बनाया जाए, ताकि ठेकेदारों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**विज्ञापन सं. 24/2026** **प्रकाशन की तिथि : 10.07.2026**

आयोग हरियाणा राज्य भण्डारण निगम में जिला प्रबंधक (ग्रुप-बी) के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पदों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है:**

| पद का नाम | सामान्य/अनारक्षित | डीएससी | कुल |
|---|---|---|---|
| हरियाणा राज्य भण्डारण निगम में जिला प्रबंधक (ग्रुप-बी) | 01 | 01 | 02 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 15.07.2026
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 04.08.2026 अप. 5:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 04.08.2026 अप. 5:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 07.07.2026
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/386/2027/47010/88/7 दि. 09.07.26






# मूसलाधार बारिश से सड़कों पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई हिस्सों में जलभराव हो गया, पेड़ उखड़ गए और सड़कों पर लंबा जाम लग गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राजधानी के आधार मौसम केंद्र सफदरजंग में गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटों में 72.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि इस अवधि में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी स्थित तुकमीरपुर में सबसे अधिक 160 मिमी बारिश हुई।

मयूर विहार में 103 मिमी, दिल्ली विश्वविद्यालय में 90 मिमी, महरौली में 86 मिमी, पूसा और लोदी रोड स्वचालित मौसम केंद्र (एडब्ल्यूएस) में 83-83 मिमी, लोदी रोड में 80 मिमी, रिज में 78 मिमी और छतरपुर में 72 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा पालम और नारायणा में 63-63 मिमी, जनकपुरी में 62 मिमी, आयानगर में 57 मिमी, प्रगति मैदान में 50 मिमी, नजफगढ़ में 43 मिमी, मुंगेशपुर में 41 मिमी, झरोदा कलां में 33 मिमी और जाफरपुर में छह मिमी बारिश दर्ज की गई। लगातार कई घंटे तक हुई बारिश के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव हो गया, पेड़ उखड़ गए और कई प्रमुख मार्गों पर यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा।

दिल्ली अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित राजा धीर सिंह मार्ग पर दो पेड़ उखड़कर गिर गए, जिससे इलाके में यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के अनुसार, इस्कॉन मंदिर के पास सड़क पर एक पेड़ गिर गया, जबकि दूसरा राष्ट्रीय हृदय संस्थान के बाहर गिरा। विकास मार्ग, पूर्वी दिल्ली के कई हिस्सों, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, मुनिरिका, सदर बाजार और द्वारका में जलभराव की सूचना मिली। वहीं, दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। जंगपुरा के कुछ हिस्सों में लोगों और वाहनों को घुटनों तक भरे पानी से होकर गुजरना पड़ा। कई दोपहिया वाहन चालक जलमग्न सड़कों पर अपने वाहनों को धक्का देकर ले जाते दिखाई दिए। कई यात्रियों और स्थानीय लोगों ने अपनी परेशानी सोशल मीडिया पर साझा की। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की टीमें शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव से निपटने के लिए तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने दावा किया कि भारी बारिश के बावजूद शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर स्थिति नियंत्रण में है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। विभाग ने दिन में आमतौर पर बादल छाए रहने तथा मध्यम से भारी बारिश, बादल गरजने और बिजली चमकने का अनुमान जताया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश का कारण कम दबाव के क्षेत्र का मध्य भारत से उत्तर की ओर खिसककर हिमालय की तराई की ओर पहुंचना है।

अधिकारियों ने बताया कि भारी वर्षा के बावजूद मिंटो ब्रिज, जखीरा, धौला कुआं और मूलचंद जैसे परंपरागत जलभराव वाले प्रमुख अंडरपासों सहित अधिकांश मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारु बना रहा। यह विभाग द्वारा मानसून से पूर्व की गई व्यापक तैयारियों का परिणाम है। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने दिल्ली में जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील 45 स्थानों की पहचान की है, जिनमें प्रमुख अंडरपास भी शामिल हैं।

इन सभी स्थानों पर केंद्रीय कंट्रोल रूम से जुड़े 179 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।मैदानी स्तर पर तैयारियों को और मजबूत बनाने के लिए विभाग ने शहरभर में 167 स्थानों पर 754 स्थायी पंप तथा 273 स्थानों पर 305 अस्थायी पंप तैनात किए हैं।

## रेखा गुप्ता और प्रवेश ने लिया जायजा

दिल्ली में भारी बारिश के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के शालीमार गांव में जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली में भारी मानसूनी बारिश के बीच सरकार और सभी विभाग जलभराव से निपटने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं। वहीं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने भी जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए आईटीओ में पीडब्ल्यूडी के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और कहा कि ज्यादातर मामलों में जमा हुए पानी को निकाल दिया गया है और स्थिति पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि हमने वादा किया था कि हम दिल्ली के लिए एक उचित जल निकासी व्यवस्था बनाएंगे ताकि लोग वास्तव में बारिश का आनंद ले सकें। पिछले 24 घंटों में, दिल्ली में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई है। उसके बाद भी, मिंटो ब्रिज पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है, लेकिन वहां पहले बड़ी बसें और अन्य वाहन फंस जाते थे। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग जैसी एजेंसियां मानसून का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। मंत्री ने कहा कि जहां भी पानी जमा हुआ है, वह 30 मिनट के अंदर निकाल दिया गया। इसे जलजमाव नहीं कहा जा सकता। हमने उन 45 जगहों पर 179 कैमरे लगाए हैं, जहां पहले बहुत ज्यादा जलभराव होता था। ज्यादातर मामलों में, 10-15 मिनट के अंदर पानी निकाल दिया गया।



## 48 घंटों के दौरान जलभराव की 120 शिकायतें प्राप्त

अधिकारियों ने बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान लगभग 120 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया गया। अधिकांश मामलों में जलभराव को 15 से 30 मिनट के भीतर समाप्त कर दिया गया, हालांकि यह वर्षा की तीव्रता और स्थल की परिस्थितियों पर निर्भर रहा।

## प्रवेश ने मॉनसून कंट्रोल रूम से की समीक्षा

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को पीडब्ल्यूडी के मॉनसून कंट्रोल रूम पहुंचकर शहरभर में जलभराव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने लाइव सीसीटीवी फीड के माध्यम से विभिन्न स्थानों की निगरानी की, फील्ड टीमों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा अधिकारियों को पूरे मॉनसून सीजन के दौरान अधिकतम सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। मंत्री प्रवेश ने एकीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम की समीक्षा की, जिसके माध्यम से शहर के संवेदनशील एवं जलभराव संभावित स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा फील्ड टीमों के साथ त्वरित समन्वय स्थापित किया जा रहा है।











## हमारी तैयारियों के परिणाम जमीन पर दिख रहे : प्रवेश साहिब सिंह

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि एक समय था जब बारिश शुरू होते ही दिल्ली के लोगों को जलभराव, जाम और घंटों की परेशानी की चिंता सताने लगती थी। हमने लोगों से वादा किया था कि बेहतर योजना और मजबूत तैयारियों के माध्यम से इस स्थिति को बदला जाएगा। आज की बारिश ने दिखा दिया है कि जब तैयारी और प्रतिबद्धता साथ आती है, तो उसका परिणाम जमीन पर दिखाई देता है।

## बरसाती पानी में डूबने से बच्चे की मौत

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के समयपुर बादली में जलभराव के कारण एक आठ साल के मासूम को जान से हाथ धोना पड़ा। दरअसल भारी बारिश के बाद एक खाली प्लॉट में बने गहरे गड्ढे में पानी भर गया था। बच्चा शौच के लिये घर से निकला था और जलभराव वाले पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों और परिजनों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही और खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जगह-जगह बह रहा है भाजपा का विकास : भारद्वाज

नई दिल्ली। बारिश के चलते जलभराव को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता सत्ता पक्ष भाजपा पर हमलावर हो रहे है। आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज से लेकर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग, विधायक आदि भाजपा व रेखा सरकार को आड़े हाथों ले रहे है। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में सब जगह से बह रहा भाजपा सरकार का विकास। अभी सड़क बनी थी, अभी पैसा बहा था, अब पानी और भाजपा सरकार की इज्जत सब बह रही है। भारद्वाज ने कहा कि इस बार तो एशिया का सबसे बड़ा थोक बाजार दिल्ली का सदर बाजार भी डूब गया है। वहीं विधायक कुलदीप ने आरोप लगाए कि चार-चार इंजन होने के बाद भी भाजपा दिल्ली को जल भराव से नहीं बचा पा रही, हर तरफ पानी भरा पड़ा है। नालों की सफाई में बड़ा घोटाला हुआ है, अगर आज ही जांच हो जाए तो करोड़ों रुपए का घोटाला सामने आएगा।

## जलजमाव से जनता को हो रही परेशानी : यादव

नई दिल्ली। पिछले दो दिनों में हुई भारी मानसून बारिश के कारण दिल्ली में जगह-जगह पानी भर गया और भारी ट्रैफिक जाम लग गया। इससे जनता को हो रही परेशानी से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह बेखबर हैं। यह बात गुरुवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने दावा किया कि जल-जमाव वाली 45 संवेदनशील जगहों की 179 सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही थी। लेकिन उन्होंने यह साफ नहीं किया कि शहर के कई इलाकों में घंटों तक पानी क्यों जमा रहा और जमा हुए पानी को जल्दी निकालने के लिए कोई भी जिम्मेदार अधिकारी वहां मौजूद क्यों नहीं था। यादव ने कहा कि पिछली आप सरकार की तरह ही मौजूदा भाजपा सरकार ने भी जर्जर सिविक इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करने के लिए कोई ठोस और निर्णायक कदम नहीं उठाए।

## डीडीए ने किया नालों से 57 हजार मीट्रिक टन से अधिक गाद निकालने का दावा

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दावा किया है कि उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं निगरानी में दिल्ली में मिशन मोड में नालों का डी सिल्टिंग कार्य संपन्न किया है। डीडीए की माने तो उसने अभी तक नालों से लगभग 57 हजार मीट्रिक टन से अधिक गाद निकाली व हटाई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 70 प्रतिशत से ज्यादा है। पिछले वर्ष मानसून पूर्व अभियान के दौरान बरसाती नालों से लगभग 33,380 मीट्रिक टन गाद हटाई गई थी।

# दिल्ली में बह रही है जीवनदायिनी हवा साल का सबसे कम एक्यूआई 48 दर्ज

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

हर और उड़ती मिट्टी धूल व दम घोटू वायु प्रदूषण में घूट घूट कर सांस लेने वाली दिल्ली में इस समय मानों किसी सूदुर पहाड़ी क्षेत्र से भी अधिक साफ सुथरी जीवनदायिनी हवा बह रही है। जिस दिल्ली में वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) 500 तक या उससे भी ऊपर चला जाता है। उसी दिल्ली में गुरुवार 9 जुलाई 2026 को एक्यूआई इस साल का सबसे कम सूचकांक महज 48 दर्ज होना राजधानी वालों की सांसों के लिए किसी बेशकीमती उपहार से कम नहीं है।

जबकि बुधवार को दिल्ली का सूचकांक 59 दर्ज हुआ था। वहीं इससे पहले 12 जून 2026 को सूचकांक 73 दर्ज हो चुका है। मगर गुरुवार को शाम 4 बजे के बाद सबसे कम महज 48 सूचकांक ने राजधानी की हवा को पूरी तरह जीवनदायिनी बना दिया। यह सब लगातार कई दिनों से हो रही झमाझम बारिश व तेज हवा द्वारा सभी प्रदूषको का धोने का करिश्मा है कि दो दिन से राजधानी वाले खुलकर जीवनदायिनी हवा में सांस ले रहे है। सीपीसीबी पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार शाम सात बजे एक्यूआई 50 दर्ज हुआ। कोराना काल के दौरान 24 अगस्त 2020 को दिल्ली का एक्यूआई 45 से भी नीचे दर्ज हुआ था। प्रकार कोरोना समय की बात छोड़ दे तो कई वर्षों में पहली बार एक्यूआई 50 से नीचे दर्ज हुआ है। सनद रहे कि दिल्ली में एक जुलाई 2026 को मानसून आने के बाद से लगातार बारिश हो रही है। जबकि 6 जुलाई 2026 से आज तक यानी चार दिनों में दिल्ली में रह रहकर झमाझम बारिश हो रही है। जिसके चलते दिल्ली में बेशक जलभराव से जनजीवन प्रभावित हुआ हो, लेकिन दूसरी तरफ हवा में पीएम 10 के तहत प्रदूषण लगभग साफ हो गया है। पड़ोसी राज्य के फरीदाबाद में 6 जुलाई को 59, गाजियाबाद में 6 जुलाई को 49 एक्यूआई दर्ज हुआ था।

## रेखा ने किया मेट्रो के इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर के कार्य का उद्घाटन, यात्रियों को मिलेगी नई सुविधा

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के नए खंड इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर के निर्माण कार्य की शुरुआत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की। गुरुवार को सराय रोहिल्ला मेट्रो स्टेशन साइट पर डायाफ्राम वॉल के निर्माण के साथ दिल्ली मेट्रो प्रोजेक्ट के इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। उद्घाटन अवसर पर सीएम रेखा के अलावा डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉक्टर विकास कुमार सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि दिल्ली मेट्रो को कार्य तेजी से चल रहा है। नए खंड के बनने के बाद लाखों यात्रियों को और अधिक सुविधा मिलेगी। डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित सराय रोहिल्ला मेट्रो स्टेशन, मैजेंटा लाइन के इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर पर विकसित किए जा रहे प्रमुख स्टेशनों में से एक है। यह स्टेशन सेंट्रल दिल्ली के बीचों-बीच स्थित है और इसके पास कई शिक्षण संस्थान, सिनेमा हॉल, करोल बाग मार्केट और देश बंधु गुप्ता रोड जैसे स्थान हैं। लगभग 12.377 किलोमीटर लंबा इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर, मैजेंटा लाइन (लाइन-8) पर पूरी तरह से भूमिगत विस्तार के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इस कॉरिडोर में 10 भूमिगत स्टेशन होंगे। दयाल के अनुसार दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की मजेंटा लाइन (लाइन-8) दिल्ली मेट्रो का सबसे लंबा कॉरिडोर बनने जा रही है, जिसमें सबसे ज्यादा इंटरचेंज स्टेशन और भूमिगत स्टेशन होंगे, जिससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शहर के अलग-अलग हिस्सों के बीच कनेक्टिविटी काफी बेहतर होगी।



# दीपके ने पुलिस अधिकारी के पकड़े पैर वांगचुक ने की संसद मार्च की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का चल रहा धरना लगातार 20वें दिन गुरुवार को भी जारी रहा। कॉकरोच जनता पार्टी के संयोजक अभिजीत दीपके ने गुरूवार को धरना स्थल पर बारिश से बचने के लिए पुलिस से टेंट लगाने की गुहार लगाते हुए दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के पैर पकड़ लिए।
वहीं समर्थन में भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल 12वें दिन भी जारी रही। जबकि भूख हड़ताल पर बैठे छात्र हरकेश की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उद्धव बाल ठाकरे की शिवसेना के सांसद ए जी सावंत और पूर्व सांसद सुभाषिनी अली भी विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जंतर मंतर पर पहुंचे। भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक ने गुरुवार को घोषणा की है अब 20 जुलाई को संसद भवन तक मार्च किया जाएगा। उन्होंने देशभर से मिल रहे समर्थन और अनशन खत्म करने की अपीलों का जिक्र करते हुए कहा कि कई लोग संदेश भेज रहे हैं कि अब अनशन खत्म कर दें। उन्होंने कहा कि मैं अंदर से पूरी तरह



मजबूत हूं। हालांकि उन्होंने कहा कि यदि आज अनशन खत्म भी कर दें, तो इससे उन छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा जिन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या की और न ही भविष्य में ऐसी घटनाएं रुकेंगी। वहीं सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि कुछ समर्थक प्रदर्शनकारी बारिश से बचने के लिए तिरपाल ला रहे है लेकिन पुलिस उन्हें लाने नहीं दे रही। उन्होंने पुलिस पर दुर्व्यवहार करने के आरोप भी लगाए।

टेक्नोलॉजी

शिखर चंद जैन

बच्चो, वैज्ञानिकों ने आधुनिक तकनीक से युक्त बहुत से ह्यूमेनॉयड रोबोट्स तो बनाए ही हैं, साथ ही कई ऐसे सुपर रोबोट्स भी बनाए हैं, जिनकी आकृति किसी न किसी जीव-जंतु से मिलती-जुलती है। ऐसे ही कुछ 'रोबोट एनिमल्स' के बारे में जानो। साथ ही यह भी जानो कि ये रोबोट्स क्या काम करते हैं?



# बड़े काम के हैं ये रोबोट एनिमल्स

बच्चो, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने हाल ही में शनि ग्रह के उपग्रह एंसेलेडस पर पानी और जीवन का पता लगाने के लिए रोबोटिक सांप 'ईल्स' भेजने की प्लानिंग की है। इसका मुख्य उद्देश्य शनि के बर्फीले चंद्रमा एंसेलेडस की गहराई में छिपे रहस्यों का पता लगाना है। बच्चो, यह कोई पहला रोबोटिक एनिमल नहीं है। वैज्ञानिकों ने ईल्स के अलावा भी जीव-जंतुओं के आकार-प्रकार से इंस्पायर होकर कई सारे अद्भुत रोबोट्स बनाए हैं। ये रोबोट्स उन जगहों पर भी जा सकते हैं, जहां इंसान और पहिए वाले रोबोट या ह्यूमेनॉयड रोबोट्स नहीं पहुंच सकते।


## बायोनिक व्हील बॉट रोबोटिक मकड़ी

इस बायोनिक व्हील बॉट रोबोटिक मकड़ी को मोरक्कन फ्लिक-फ्लैक मकड़ी से प्रेरित होकर बनाया गया है। यह 8 पैरों वाला रोबोट चलने और पहिए की तरह लुढ़कने दोनों में सक्षम है। यह रोबोट ऊबड़-खाबड़ जमीन पर चल सकता है, प्लेन सरफेस पर लुढ़ककर दोगुनी गति से आगे बढ़ सकता है, साथ ही यह कुछ हद तक चढ़ाई भी कर सकता है। यह अपने 6 पैरों को मोड़कर एक पहिया बनाता है, बाकी 2 पैरों का उपयोग खुद को आगे धकेलने के लिए करता है। इसमें 15 छोटे मोटर्स और 14 ऑटोमेटिक-लॉकिंग वॉर्म गियर यूनिट्स हैं, जो ऊर्जा बचाने में मदद करते हैं। इसमें एक साथ चलने और लुढ़कने की क्षमता मौजूद है। जटिल इलाकों में नेविगेट करने के लिए इसे ऐसे डिजाइन किया गया है।*



## कोरलियो रोबोटिक घोड़ा

जापान की कंपनी कावासाकी द्वारा विकसित यह अनोखा रोबोट घोड़े की फुर्ती और बाइक की तकनीक का अनोखा मिश्रण है। इसमें 150 सीसी का हाइड्रोजन इंजन लगा है, जो बिजली पैदा करता है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस है, जो ऊबड़-खाबड़ रास्तों, पहाड़ों और बर्फीली सतहों पर गिरते समय भी खुद को संतुलित करने में मदद करता है। इसमें कोई हैंडल नहीं होता। इसकी सवारी करने वाला अपनी बॉडी के वजन को आगे-पीछे या दाएं-बाएं झुकाकर इसे नियंत्रित करता है, ठीक वैसे ही जैसे एक असली घोड़े की सवारी की जाती है। कोरलियो की बॉडी मेटल और कार्बन से बनी है, जो इसे हल्का और मजबूत बनाती है। इसके पैरों में रबर के खुर लगे हैं, जो जमीन पर बेहतर पकड़ प्रदान करते हैं। इसे उन दुर्गम इलाकों के लिए बनाया गया है, जहां पहिए वाले वाहन नहीं पहुंच सकते।*



## भारतीय सेना में शामिल रोबोटिक डॉग्स

रोबोटिक डॉग्स चार पैरों वाले स्वचालित या रिमोट-कंट्रोल्ड रोबोट होते हैं, जिन्हें रियल डॉग्स की शारीरिक बनावट और व्यवहार की नकल करके डिजाइन किया गया है। इन्हें 'क्वाड्रुपेड रोबोट' भी कहा जाता है। ये कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलने, सीढ़ियां चढ़ने और बाधाओं को पहचानने में सक्षम होते हैं। भारतीय सेना इनका उपयोग दुर्गम क्षेत्रों में निगरानी और बम निरोधक कार्यों के लिए करती है। हाल ही में 'संजय' और 'परम' जैसे स्वदेशी रोबोटिक डॉग्स को रक्षा क्षेत्र में शामिल करने के लिए परखा गया है। ये रोबोट तेल और गैस संयंत्रों या खतरनाक वातावरण में जाकर उपकरणों की जांच और डेटा एकत्र करते हैं। साथ ही भूकंप या अन्य आपदाओं के बाद, ये मलबे के नीचे फंसे लोगों का पता लगाने में मदद करते हैं, जहां इंसानों का पहुंचना कठिन होता है।





## मेंटा रे रोबोटिक मछली

चीन के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित मेंटा रे रोबोटिक मछली एक बायो-इंस्पायर्ड सॉफ्ट रोबोट है, जो समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को खाने और इसे साफ करने में सक्षम है। यह अनोखी रोबोटिक मछली, वास्तविक मछली जैसा व्यवहार करती है। यह लगभग 13 मिमी. लंबी है। यह रोबोटिक मछली 5 किलोग्राम तक प्लास्टिक अवशोषित कर सकती है। यह बिल्कुल असली मछली की तरह पानी में तैरती है। करीब 2,000 मीटर की गहराई तक जा सकती है। समुद्री जीवों की निगरानी के लिए इसका उपयोग किया जाता है।*



## बायोनिक स्विफ्ट रोबोटिक अबाबील

जर्मनी की कंपनी फेस्टो द्वारा बनाया गया यह एक रोबोटिक पक्षी है, जो बिल्कुल 'अबाबील' पक्षी की तरह उड़ता है। इसका वजन मात्र 42 ग्राम है, पंखों का फैलाव 68 सेंटीमीटर है। इसके पंख फोम के बने होते हैं, जो हवा के दबाव के हिसाब से फैलते और सिकुड़ते हैं, जिससे इसे असली पक्षी जैसी उड़ान मिलती है। यह रेडियो सिग्नल की मदद से बिना किसी रिमोट के, अपने आप एक साथ झुंड में उड़ सकता है। इसमें एक छोटी मोटर, बैटरी और सेंसर लगे होते हैं। यह रोबोट हवा में कलाबाजी करने और तेजी से मुड़ने में भी सक्षम है।*

बच्चो, हमारे घरों के ज्यादातर पंखों में तीन ब्लेड लगे होते हैं, जबकि अमेरिका और कुछ पश्चिमी देशों के पंखों में चार या पांच ब्लेड लगे होते हैं। क्या तुम जानते हो ऐसा क्यों होता है? यहां बता रहे हैं, इसके पीछे की वजह?

# क्यों होते हैं भारतीय पंखों में तीन अमेरिकी पंखों में चार-पांच ब्लेड!

यह भी जानो

नयनतारा



बच्चो, तुमने देखा होगा कि हम लोगों के घरों में सीलिंग फैन यानी छत के पंखे में सामान्यतः तीन ब्लेड होते हैं, जबकि अमेरिका सहित कई वेस्टर्न कंट्रीज में प्रायः चार या पांच ब्लेड वाले सीलिंग फैन मिलते हैं। अब तुम्हारे मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि भारतीय और अमेरिकी पंखों की ब्लेडों की संख्या में यह अंतर क्यों होता है? जानो, इस बारे में।

**पंखे की उपयोगिता:** पहले तो तुम यह जान लो कि भारत और अमेरिका में पंखे का इस्तेमाल अलग-अलग मकसद से किया जाता है। अपने देश में साल के ज्यादातर समय मौसम गर्म व उमस भरा रहता है। इस कारण लोगों को तेज हवा के बहाव की जरूरत होती है ताकि तुरंत ठंडक महसूस होने लगे। तेज हवा और ठंडक के लिए भारतीय घरों में पंखे का इस्तेमाल किया जाता है। इसके विपरीत अमेरिका का मौसम भारत की तुलना में ठंडा होता है। इसके साथ ही अमेरिका में अधिकतर घरों में पहले से ही एचवीएसी (हीटिंग वेंटिलेशन एयरकंडीशनिंग) सिस्टम लगे होते हैं, जो मौसम के हिसाब से हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग की सुविधा प्रदान करते हैं। इसलिए यहां सीलिंग फैन का इस्तेमाल आमतौर से कमरे में एचवीएसी वाली हवा को फैलाने के लिए किया जाता है न कि तेज हवा का बहाव बनाने के लिए।



**ब्लेडों की संख्या का असर:** सीलिंग फैन में लगे ब्लेडों की संख्या उसकी परफॉर्मेंस तय करने में बड़ी भूमिका निभाते है। कम ब्लेड होने से मोटर, फैन को तेजी से घुमाती है। इससे हवा का बहाव नीचे की तरफ ज्यादा तेज हो जाता है। हवा का यह केंद्रीय बहाव लोगों को बिना एयर कंडीशन के भी ठंडक महसूस करने में मदद करता है। अतः तीन ब्लेड वाला डिजाइन तेज रफ्तार से ठंडक देने के लिए सबसे सही माना जाता है।

ब्लेड की संख्या रफ्तार और हवा के प्रतिरोध पर असर डालती है। ज्यादा ब्लेड होने से पंखे का वजन और हवा का प्रतिरोध बढ़ जाता है, जिससे घूमने की रफ्तार कम हो जाती है। ज्यादा ब्लेड हवा को धीरे-धीरे और समान रूप से घुमाते हैं। इससे पूरे कमरे में समान रूप से एयरकंडीशन या एचवीएसी की हवा का वितरण होता है।

अब तुम समझ गए होगे कि आखिर क्यों अपने देश के सीलिंग फैन में ज्यादातर तीन ब्लेड और अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में यूज किए जाने वाले सीलिंग फैंस में चार या पांच ब्लेड का इस्तेमाल किया जाता है।*

कविता / जयश्री साकल्ले

## छपाक-छप

छप-छप छप-छप छपाक-छप,
पानी में खेलें हम सब।
भीग रहे सोनू के जूते,
भीग रही नीना की चोटी।
रिमझिम बारिश की बूंदों में,
पत्ते दिखलाते करतब।
छप-छप छप-छप छपाक-छप।
भीग गए कपड़े रस्सी के,
भीग गए ठेले सब्जी के।
पानी गड्ढों में भर-भरकर,
बना रहा है छोटे कप।

छप-छप छप-छप छपाक-छप।
भीगा-भागा साइकिल वाला,
भीग रहा स्कूटर वाला।
बस और कार की खिड़की पर,
पट-पट पानी की दस्तक।
छप-छप छप-छप छपाक-छप।
भीग रहा आंगन नानू का,
टपक रहा छप्पर भानू का।
गरम चाय के संग पकौड़े,
अम्मा बना रही है अब।
छप-छप छप-छप छपाक-छप।



## हंसगुल्ले



टीचर : बताओ पिंकी, 6 के बाद क्या आता है?
पिंकी : सर, उस वक्त मेरे घर तो दूध वाले अंकल दूध लेकर आते हैं।
-हर्ष, बिलासपुर

टीचर : सबसे ज्यादा ठंड कहां होती है?
राहुल : सर, फ्रीजर में।
-खुशी, रायपुर

सोना : अच्छा हुआ कि मैं गुजरात में पैदा नहीं हुई।
मोना : क्यों?
सोना : मुझे गुजराती बोलना नहीं आती है न, तो वहां मैं लोगों से बात कैसे कर पाती?
-सौम्य, रोहतक

## जीके क्विज-213

1. पिछले दिनों किस दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया?
2. भारतीय वायुसेना के 5वें उप-प्रमुख कौन बने हैं?
3. भारत के 97वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
4. इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले बेन स्टोक्स किस देश के खिलाड़ी हैं?
5. किस युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म अपनाया था?
6. राज्यसभा के सभापति कौन होते हैं?
7. किस तत्व की उपस्थिति के कारण हमारे खून का रंग लाल होता है?
8. किस गैस को लाफिंग गैस भी कहा जाता है?
9. महात्मा गांधी के पिता का नाम क्या था?
10. रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) नामक बीमारी किस विटामिन की कमी से होती है?



बच्चो, जीके क्विज-213 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-212 का उत्तर:** 1.लियोनेल मेसी, 2.रूस, 3.तुषार मेहता, 4.राज्यसभा, 5.चंद्रगुप्त मौर्य, 6.अफ्रीका, 7.कीव, 8.नई दिल्ली, 9.यकृत (लिवर), 10.चार्ल्स बैबेज

**जीके क्विज-212 का सही उत्तर देने वाले:** वेदिका-बालोद, जियांश-झज्जर, कबीर-हिसार, जिया शिया-रायगढ़, कोमल-रायपुर, शिवम-दुर्ग, शशांक-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, पूजा-महासमुंद, संजना-बलौदा बाजार, हर्ष-कटनी


कहानी



नीना सिंह सोलंकी

बरसात आई तो सुरभि वन के पक्षियों के सामने बारिश से बचने की समस्या आ खड़ी हुई। पक्षियों को समझ में ही नहीं आ रहा था कि कहां जाएं? तभी चीची गिलहरी मदद के लिए आगे आई। उसने जो किया, सभी पक्षियों के लिए बहुत बड़ी बात थी।

# दोस्ती का फर्ज



चीची गिलहरी सुरभि वन में एक बरगद की खोह में घर बनाकर रहती थी। उसके तीन बच्चे भी उसके साथ रहते थे। उसका घर पूरे वन में मशहूर था। उसने बड़ी मेहनत से इसे बनाया था। बरगद के मोटे तने की खोह में जगह भी काफी थी। उसने तिनके तोड़-तोड़ कर चार कमरे बना रखे थे। एक कमरे में वह दाना इकट्ठा करके रखती थी। दूसरे में नरम घास बिछा कर सोने के लिए इंतजाम किया था। तीसरे में बच्चे सारा दिन खेलते। पड़ोस की टिन्नी गौरैया और मुनमुन मैना के बच्चे भी चीची के बच्चों के साथ खेलते। चौथे कमरे में चीची अपने दोस्तों टिन्नी, मुनमुन, टेंटें तोता और गुटरू कबूतर के साथ गपशप करती। कभी-कभी गपशप बहुत लंबी चलती। वे सब चीची के घर को बहुत पसंद करते थे। कभी किसी को भूख लगती वह सीधा चीची के घर आ जाता। वह उसे प्यार से बिठाती, खिलाती-पिलाती और अच्छी-अच्छी बातें करती।

चीची बारिश का मौसम आने से पहले ही दाना एकत्रित करना प्रारंभ कर देती थी। वह बड़ी दूर-दूर तक दाने की खोज में जाती थी। चीची बच्चों को समझा कर घर से निकलती थी। दाने का स्थान मिल जाने पर सारे दिन दाना ढोती। जब शाम होने लगती, दाना ढोना बंद कर देती। दाना यथास्थान रखकर फिर बच्चों को पेट भर दाना खिलाती। वह अपने बच्चों को खूब प्यार करती थी।

चीची ने बड़ी मेहनत से इस वर्ष फसल कम होने के बावजूद हर वर्ष की भांति ही दाना एकत्रित कर लिया था। बारिश शुरू हो चुकी थी। उस दिन सुबह से ही मौसम कुछ खराब था। आसमान में बादल छाए हुए थे। तेज हवाएं बादलों को उड़ाए लिए जा रही थीं। एकाएक तेज बारिश होने लगी। चारों ओर अंधेरा छा गया। हवा और बारिश ने तूफान का रूप ले लिया। सुरभि वन के सारे पशु-पक्षी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए यहां-वहां दौड़ने लगे। कितने ही वृक्ष उखड़ गए। चीची हिम्मत करके बाहर आई और सभी पक्षियों को अपने घर बुलाने लगी। बरगद का पेड़ मजबूत होने के कारण उसके घर को कोई खतरा नहीं था। टिन्नी, मुनमुन, टेंटें, गुटरू और भी कई दोस्त चीची के यहां अपने बच्चों को लेकर आ गए। अंदर आकर सबने चैन की सांस ली। चीची सबकी आव-भगत में लग गई। मौसम कई दिन बाद खुला। इतने दिन चीची ने सबको अपने घर में ही रखा। सबके भोजन की व्यवस्था की। जब मौसम बिल्कुल साफ हो गया तो सब चीची से विदा लेकर जाने लगे। टिन्नी बोली, 'बहन, तुम न होती तो हम सबका बहुत बुरा हाल हो जाता।'


'चीची, तुमसे अच्छा दोस्त तो कोई हो ही नहीं सकता।' मुनमुन ने भी हां में हां मिलाई।

टेंटें कहने लगा, 'तुम्हारी इस नेकी को हम सब कभी नहीं भूल पाएंगे। तुम्हें भी कभी किसी सहायता की जरूरत हो तो बताना। हम सब तुम्हारे साथ होंगे।'

'कैसे उतारेंगे तुम्हारा यह अहसान। तुम न होती तो हमारे बच्चों का क्या होता?' गुटरू भावुक होते हुए बोला।

सबकी बातें सुनकर चीची हंसते हुए बोली, 'अरे भाई! मैंने किसी पर कोई अहसान नहीं किया। यह तो मेरा फर्ज था। दोस्त यदि संकट में काम न आए तो फिर वो दोस्त ही कैसा।'

'चीची आंटी, हमें तो आपके यहां इतना अच्छा लगा कि घर जाने का मन ही नहीं हो रहा है।' मुनमुन के बच्चों की बात सुनकर सब ठहाका मार कर हंस पड़े। कुछ देर बाद सभी खुशी-खुशी अपने घर वापस चले गए।*



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मनोरंजक कहानियां

बच्चो, हाल में ही साहित्यकार कल्पना मनोरमा के द्वारा लिखी गई बाल कहानियों की किताब 'देखा एक सपना' छपकर आई है। इस संग्रह में कुल ग्यारह बाल कहानियां संकलित हैं। ये कहानियां कहीं हंसाती हैं, कहीं गुदगुदाती हैं तो कहीं सरल ढंग से कोई सीख देती हैं। इस किताब की पहली कहानी 'देखा एक सपना' में तुम पढ़ोगे कि एक नन्ही सी बुलबुल सपने में पेड़ से कैसी मीठी-मीठी बातें करती है! इस कहानी में विभिन्न ऋतुओं की महत्ता के साथ ही बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रहने की भी सीख दी गई है। यह कहानी तुम्हें अपने पर्यावरण के प्रति सजग और संवेदनशील भी बनाती है। संग्रह में संकलित 'छगन का बांका मुर्गा' नटखट भोला की मजेदार कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे वह खुद ही सुबह देर से जगने की आदत को छोड़ने को तैयार हो जाता है? दिल्ली स्थित अमृत उद्यान में मुनमुन की मस्ती भरी सैर को तुम 'मुनमुन की सैर' कहानी में पढ़ सकते हो तो पढ़ने में होशियार बच्चा निक्कू क्यों झूठ बोलता है, इसे जानने के लिए तुमको 'निक्कू फेमस हो गया' कहानी पढ़नी होगी। अन्य कहानियों में तुमको कहीं गिलहरी फुदकती नजर आएगी तो कहीं गौरैया की चहक सुनाई पड़ेगी। ये कहानियां तुम्हारा मनोरंजन तो करेंगी ही तुम्हें अपने आस-पास के वातावरण के प्रति सजग भी बनाएंगी।*

**किताब :** देखा एक सपना (बालकथा संग्रह), **लेखिका :** कल्पना मनोरमा, **मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** अनन्य प्रकाशन, दिल्ली

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक गिलहरी अपने कोटर में मूंगफली स्टोर कर रही है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.गिलहरी के कोटर में पहले से रखी मूंगफली गायब है। 2.पीछे बाईं तरफ पेड़ की पतली टहनी गायब है। 3.गिलहरी की आंखें खुली हुई हैं। 4.गिलहरी के पास कुछ अधिक मूंगफलियां हैं। 5.पेड़ की मोटी टहनी में नीचे की तरफ से पत्तियां गायब हैं।

## सही मिलान करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ चार अलग-अलग जंतुओं के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो सीक्वेंस में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाईं का मिलान करो।




उत्तर : 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

**खबर संक्षेप**

## राहुल गांधी के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका निरस्त

**वाराणसी।** अमेरिका यात्रा के दौरान भारत में रह रहे सिखों को लेकर दिए बयान के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल पुनरीक्षण याचिका को विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने निरस्त कर दी। आदेश में कहा कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ द्वारा पारित आदेश तथ्य एवं विधि दोनों की दृष्टि से न्यायोचित, तर्कसंगत एवं विधिसम्मत है ।



## प्रत्याशी अभिषेक सिंहा ने किया नामांकन

**पटना।** बांकीपुर उपचुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार अभिषेक कुमार सिन्हा उर्फ बंटी ने नामांकन दाखिल कर दिया है। स्थानीय सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, हम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई है।



## जहरीले सांप ने सो रही 4 छात्राओं को काटा,1 मौत

**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा में आधी रात गर्ल्स हॉस्टल में उस समय चीख-पुकार मच गई, जब छात्राओं के कमरे में जहरीला सांप घुस गया। सांप ने सो रही 4 छात्राओं को काट लिया। सर्प दंश से एक छात्रा की मौत हो गई है। जबकि तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। आधी रात रोचो माहुआटोली के सनवासिरा हायर सेकेंडरी रेजिडेंशियल स्कूल में घटी।



### सार्वजनिक परिवहन अपनाने और ऊर्जा बचाने की अपील

# लखनऊ से कानपुर तक ट्रेन से पहुंचीं राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लखनऊ के ऐशबाग स्टेशन से कानपुर तक की यात्रा ट्रेन से की। राज्यपाल कानपुर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए ट्रेन से रवाना हुईं। इस पहल के जरिए उन्होंने आम नागरिकों को सार्वजनिक परिवहन के अधिकाधिक उपयोग, ईंधन एवं ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रेरक संदेश दिया। डीआरएम गौरव अग्रवाल ने उनका अपनी टीम के साथ स्टेशन पर स्वागत किया।

राज्यपाल का मानना है कि यदि अधिक से अधिक लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें तो ईंधन की बचत के साथ-साथ प्रदूषण में भी कमी लाई जा सकती है। उनकी यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक संदेश मानी जा रही है। राज्यपाल ने अपने इस कदम से यह भी स्पष्ट किया कि जनप्रतिनिधियों और संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की छोटी-छोटी पहल भी समाज को बड़ा संदेश दे सकती है। कानपुर पहुंचने पर उन्होंने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



### चंपत राय समेत तीन की सिस्टम आईडी निष्क्रिय

# चढ़ावा गणना की नई प्रबंधन व्यवस्था लागू, नए सीईओ की जल्द हो जाएगी नियुक्ति

राम जन्मभूमि ट्रस्ट ने चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव की वीआईपी व सुगम दर्शन पास जारी करने वाली सिस्टम आईडी निष्क्रिय कर दी है। चढ़ावा प्रबंधन की नई सुरक्षित व्यवस्था लागू की गई है।

एजेंसी ⏩ अयोध्या

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के राम मंदिर की दर्शन व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए पूर्व महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव की वीआईपी एवं सुगम दर्शन पास जारी करने वाली सिस्टम आईडी निष्क्रिय कर दी है।

वहीं, राम मंदिर के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास का अधिकार बढ़ाते हुए उनके नाम से आईडी जनरेट कर दी गई है। अब उनकी आईडी से पास जारी किए जा सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, राम मंदिर में दो प्रकार के पास जारी किए जाते हैं। सुगम दर्शन पास और विशिष्ट दर्शन पास। इसके लिए ट्रस्टियों और अधिकृत पदाधिकारियों के नाम से सिस्टम में अलग-अलग आईडी बनाई गई है। संबंधित पदाधिकारी की संस्तुति पर श्रद्धालुओं के लिए पास जारी किए जाते थे।




### चढ़ावा प्रबंधन अब और सुरक्षित

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने राम मंदिर में चढ़ावे की गिनती की नई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हालिया बदलावों के बाद पहले जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की संभावना नहीं है। सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सावधानियां बरती गई हैं और नई व्यवस्था से चढ़ावा प्रबंधन पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और पारदर्शी होगा।

### सीएम योगी ने बांदा में 710 करोड़ से परियोजनाओं का किया शिलान्यास, बोले-

# विरासत को अपमानित करने व विकास विरोधी सोच वालों को खारिज कीजिए

*सीएम योगी ने बांदा में लाभार्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, चेक व चाबियां*

सपा व कांग्रेस वाले भाजपा के प्रतिनिधियों द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों को पचा नहीं पाते। सीएम ने प्रदेशवासियों से अपील की कि जिनकी सोच नकारात्मक व विकास विरोधी है, उन्हें खारिज कीजिए...

हरिभूमि न्यूज ⏩ बांदा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को फिर निशाने पर रखते हुए इन सरकारों के कार्यों का अंतर बताया। इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि कुछ लोग विरासत को अपमानित करते हैं। उन्होंने हिंदू परंपरा व सनातन को कोसना जीवन का ध्येय बनाया है। वे वैभवशाली व विकसित भारत नहीं देखना चाहते। हमारी सरकार जो पैसा मंदिरों के विकास व धामों के सुंदरीकरण के लिए देती है, समाजवादी पार्टी के समय यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के लिए जाता था। उन्हें कब्रिस्तान प्यारा है, इसलिए वे राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, मां विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट, नैमिषारण्य धाम के विकास का विरोध करते हैं। सपा व कांग्रेस वाले भाजपा के प्रतिनिधियों द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों को पचा नहीं पाते। सीएम ने प्रदेशवासियों से अपील की कि जिनकी सोच नकारात्मक व विकास विरोधी है, उन्हें खारिज कीजिए। सीएम योगी ने गुरुवार को बांदा व बबेरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।



### भाजपा सरकार ने हर वर्ग के सपनों को किया साकार

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली तो आशा की किरण जगी। 2017 में यूपी में डबल इंजन सरकार बनने के बाद यहां भी कनेक्टिविटी, पेयजल, खेत को पानी व बांदा के युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सपनों को साकार किया है। कहा कि डबल इंजन सरकार तुष्टिकरण की नीति पर नहीं चलती। सरकार बेटी-व्यापारी की सुरक्षा पर सेंध लगाने वालों को चेतावनी देती है और न मानने वालों के लिए यमराज के घर जाने का रास्ता भी खोल देती है। उन्होंने कहा कि पिछली बार यहां कुछ प्रतिमाओं का अनावरण किया था। आज भी अवंती बाई लोधी की दिव्य-भव्य प्रतिमा का अनावरण किया है।

### वीरों-वीरांगनाओं को सम्मान देता है बांदा

सीएम ने कहा कि शहर के लोग जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर व्यवस्थित सिटी का मॉडल बना सकते हैं। बांदा वीरों-वीरांगनाओं को सम्मान दे रहा है। यहां महापुरुषों के नाम पर पार्क बन रहे हैं। कालिंजर का अजेय दुर्ग विजय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है। वहां विराजमान नीलकंठ महादेव का आशीर्वाद हर किसी को मिलता है।

### सपा व कांग्रेस ने डकैत दिए, हमने ब्रह्मोस दिया

सीएम ने तंज कसा कि सपा व कांग्रेस ने डकैत दिए, नौजवानों को तमंचे दिए, जबकि हमारी सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे दिया व डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग कॉरिडोर का हब बनाया। यूपी में बनी ब्रह्मोस मिसाइल को जब भारत दागता है तो पाकिस्तान भी बाप-बाप करते हुए चिल्लाता है। भारत के जवानों के इस शौर्य, पराक्रम का केंद्र बिंदु बुंदेलखंड बन रहा है।

# एक ही टेलीग्राम लिंक से परिवार के तीन लोगों को बनाया निशाना

■ डॉ. भार्गव मल्लप्पा ने दिल्ली पुलिस से की जांच की मांग

**नई दिल्ली।** एक ही परिवार के तीन सदस्यों को एक साथ संदिग्ध टेलीग्राम लिंक भेजे जाने के मामले में डॉ. भार्गव मल्लप्पा ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से विस्तृत जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि यह कोई सामान्य साइबर ठगी नहीं, बल्कि परिवार को निशाना बनाकर अंजाम दिया गया सुनियोजित फिशिंग हमला है। डॉ. मल्लप्पा की शिकायत के मुताबिक, उन्हें, उनकी पत्नी और उनके साले को RAG-INBHARGAVBHAR-GAV नाम के टेलीग्राम अकाउंट से एक जैसी संदिग्ध लिंक भेजी गई। उनका कहना है कि इस लिंक के जरिए निजी जानकारी, डिजिटल डिवाइस और बैंकिंग संबंधी संवेदनशील डेटा चुराने की कोशिश की गई। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई जा चुकी है, जिसे नई दिल्ली जिला साइबर पुलिस स्टेशन ने स्वीकार भी कर लिया है। अब उन्होंने दिल्ली पुलिस आयुक्त से पूरे मामले की आपराधिक जांच कराने की मांग की है। शिकायत में डॉ. मल्लप्पा ने सुरेश बीपी को मुख्य संदिग्ध बताया है। उन्होंने दावा किया है कि कथित फिशिंग लिंक, टेलीग्राम चैट के स्क्रीनशॉट और अन्य डिजिटल साक्ष्य जांच एजेंसियों को सौंप दिए गए हैं।

# आधार हाउसिंग फाइनेंस ने दिल्ली में अपने पहले ऑल-वूमन ब्रांच का किया शुभारंभ

■ इसके साथ ही दिल्ली में अब कंपनी की शाखाओं की संख्या बढ़कर 24 हुई

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी लो-इनकम हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) ने दिल्ली में अपनी पहली महिला संचालित शाखा शुरू की है। इस नई शाखा का उद्देश्य महिलाओं के लिए ऐसा सहज और भरोसेमंद माहौल उपलब्ध कराना है, जहां वे आवास ऋण से जुड़ी सेवाओं तक आसानी से पहुंच सकें। साथ ही, यह पहल महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने, वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और उन्हें अपने घर का सपना साकार करने की दिशा में सहयोग देने पर भी केंद्रित है। विभिन्न वर्गों की महिलाओं की बदलती जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई यह पहल महिला सशक्तिकरण के प्रति कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।दिल्ली के करोल बाग स्थित इस शाखा का उद्घाटन आधार हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ऋषि आनंद (एमडी एवं सीईओ), मुख्य परिचालन अधिकारी श्री अनिल नायर (सीओओ) और श्री संदीप जैन (सीबीएल) ने किया। इस अवसर पर कंपनी के उत्तरी क्षेत्र की वरिष्ठ महिला कर्मचारी भी मौजूद रहीं।

# अभाविप ने 108 मेधावी विद्यार्थियों व 37 स्कूलों को किया सम्मानित



**गुरुग्राम।** मेधावी विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित करते गणमान्य अतिथि।

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गुरुग्राम द्वारा आयोजित एकलव्य प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले के मेधावी विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के चेयरमैन सुभाष बंसल, अभाविप के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री देवदत्त जोशी तथा सुदेश राघव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैंपस डायरेक्टर अंशुमान कामराह ने की। अभाविप की प्रांत उपाध्यक्ष एवं गुरुग्राम जिला प्रमुख डॉ. योगिता राघव ने बताया कि समारोह में गुरुग्राम जिले के 30 विद्यालयों से कक्षा 10वीं व 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के 37 विद्यालयों को उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह में कुल 108 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री संजय कसवां, विभाग संगठन मंत्री दिनेश फंडन, विभाग संयोजक दुष्यंत गौर आदि उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### भारत-ऑस्ट्रेलिया...

इस दिशा में ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की मानवीय प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए ₹नागरिक देवो भवः₹ का मंत्र दोहराया। उन्होंने कहा कि जब भी भारत किसी संकटग्रस्त देश की सहायता के लिए आगे बढ़ता है, तब वह पासपोर्ट का रंग नहीं देखता। उन्होंने म्यांमार में ऑपरेशन ब्रह्मा और श्रीलंका में ऑपरेशन सागर बंधु का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हमेशा मानवता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने भी भारतीय समुदाय की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत से उनका जुड़ाव वर्ष 1991 में एक बैकपैकर के रूप में पहली यात्रा से शुरू हुआ था। उन्होंने भारतीय मूल के लोगों को ऑस्ट्रेलिया की बहुसांस्कृतिक पहचान और आर्थिक समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए उन्हें दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत ₹लिविंग ब्रिज₹ करार दिया।

### बिजनेस लीडर्स से...

खनन, इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास, एविएशन, लॉजिस्टिक्स, एआई, फिनटेक, खाद्य प्रसंस्करण, उन्नत तकनीक, डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे तमाम क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर अवसर मौजूद हैं। ऐसे में इनमें मौजूद अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है।

ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों की बढ़ी उपस्थितिः प्रधानमंत्री ने भारत में बीते कुछ वक्त में बढ़ी ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों की संख्या का स्वागत किया। साथ ही इस बात पर खासतौर पर जोर दिया कि उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार सहित कौशल विकास में गहरा सहयोग न केवल दोनों देशों की प्रतिभाओं को भविष्य के लिए तैयार करेगा। बल्कि उन्हें वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने में भी मदद करेगा। इन दोनों कार्यक्रमों में भारत, ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सीईओ, बिजनेस लीडर्स, ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सुपरएनुएशन फंड तथा संस्थागत निवेशकों के प्रतिनिधियों तथा ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भाग लिया।

यूं साथ आगे बढ़ी साझेदारी : इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस कार्यक्रम में पीएम ने कहा कि दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्य, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए समान दृष्टिकोण, लोगों के बीच मजबूत संबंध और मजबूत राजनीतिक समझ ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक साझेदारी को एक साथ बढ़ने व समृद्ध होने के लिए एक अच्छा माहौल प्रदान किया है। 2022 के ईसीटीए पर बने हुए व्यापार-निवेश संबंधों की वृद्धि पर प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन में मौजूद व्यापार जगत के सभी प्रतिनिधियों से प्रस्तावित व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को जल्द अंतिम रूप देने का आह्वान किया है। जिससे व्यावसायिक संबंधों को एक नए स्तर पर लेकर जाया जा सकेगा। पीएम ने बिजनेस लीडर्स से विशिष्टताओं का लाभ उठाने और ग्लोबल समाधान तलाशने का आग्रह किया। जिसमें मुख्य रूप से दुर्लभ खनिजों, लिथियम, बैटरी, इलेक्ट्रानिक्स, ईवी, सेमीकंडक्टर, एआई, रक्षा सप्लाई चेन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। यहां बता दें कि इस कार्यक्रम में दोनों देशों के 200 से अधिक सीईओ और बिजनेस लीडर्स का एक बड़ा समूह शामिल हुआ। पीएम ने दिया जरूरी सुझावः उन्होंने दोनों पक्षों का यह सुझाव भी दिया कि द्विपक्षीय व्यावसायिक संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि भारत के राज्य और ऑस्ट्रेलिया के प्रांत अपनी मूल क्षमताओं के आधार मजबूत आर्थिक साझेदारी स्थापित करें। इसके अलावा उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया आर्थिक संबंध लगातार समृद्ध होते रहेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया से भारत...

तीन देशों की विदेश यात्रा पर हैं। जिसका दूसरा पड़ाव ऑस्ट्रेलिया है। इंडोनेशिया के बाद बीते बुधवार को प्रधानमंत्री अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां पहुंचे हैं। मेलबर्न के बाद वह न्यूजीलैंड जाएंगे। जहां उनकी प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी, भारतीय समुदाय से भी पीएम मिलेंगे।

सीका पर तेजी से होगा कामः पीएम मोदी ने कहा, हम दो बड़े मजबूत लोकतंत्र, बहु-संस्कृति वाले समाज और समुद्री ताकतें हैं। हमारी यही समानताएं ही हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। सम्मेलन से व्यापक रणनीतिक साझेदारी में कई नए आयाम जुड़े हैं। 2022 में हुए आर्थिक सहयोग-व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार-निवेश का दायरा बढ़ा है। अब हमने व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए, सीका) पर तीव्र गति से काम करने का निर्णय लिया है। जो दोनों के लिए संतुलित, महत्वाकांक्षी और लाभप्रद होगा। दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। दुर्लभ खनिजों में हमारा सहयोग हमारी रणनीतिक सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के लिए अहम है। इसी सोच के साथ हमने ऑस्ट्रेलिया-इंडिया पार्टनरशिप ऑन साइबर, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी एंड सप्लाई चेन यानी एआई पैक्ट्स की पहल की है। दोनों देश मिलकर जटिल खनिजों के गलियारे पर भी काम करेंगे।

आईपीआर में मजबूत होगी शांति, स्थिरता : उन्होंने बताया कि हमारी बातचीत में कई क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। आतंकवाद को दोनों देश केवल एक का नहीं बल्कि समूची मानवता के लिए गंभीर चुनौती मानते हैं। इसलिए इसके खिलाफ हमारी लड़ाई साझा, संकल्प अटूट है और सहयोग भी लगातार मजबूत हो रहा है। दुनिया के कई भागों में चल रहे युद्ध, तनावों का समाधान केवल बातचीत और कूटनीति के जरिए ही संभव है। पूरे आईपीआर में दोनों देश मिलकर शांति, स्थिरता, नौवहन की स्वतंत्रता व नियम आधारित व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे। हिंद-प्रशांत महज दो महासागरों का संगम नहीं है। ये भारत, ऑस्ट्रेलिया जैसे दो समान सोच वाले लोकतंत्रों की साझा महत्वाकांक्षाओं का भी प्रतीक है।

यह होगा रक्षा गलियारे से लाभ : उन्होंने कहा कि रक्षा-सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए हमने एक अहम संयुक्त घोषणापत्र जारी किया है। भारत, ऑस्ट्रेलिया रक्षा नवाचार गलियारे से हम रक्षा स्टार्टअप तथा उद्योगों को जोड़ने का काम करेंगे। हमारे समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप से आईपीआर में हमारे साझा प्रयासों को नई ताकत मिलेगी। दोनों देश जहाज निर्माण, मरम्मत व रखरखाव को लेकर भी एकजुटता से आगे बढ़ेंगे।

क्रिकेट जैसी होती बैठकें : पीएम मोदी ने कहा कि मेलबर्न दुनिया के खेलों की राजधानी है। ऐसे में क्रिकेट की बात न करना वैसा ही होगा। जैसे क्रिकेट में टॉस के बाद मैच ही न शुरू करना। क्रिकेट दोनों देशों के संबंधों की अपनी कूटनीतिक भाषा है। ऐसे में हमारी बैठकें भी इसी के समान लगती हैं। जिनमें एजेंडा वन डे जैसा केंद्रित है, निर्णय टी-20 जितने तेज और साझेदारी टेस्ट मैच जितनी लंबी और गहरी है। आगामी वर्षों में दोनों देश ओलंपिक, कामनवेल्थ जैसे बड़े कार्यक्रम करेंगे।

**यह हैं मुख्य समझौते, घोषणाएं**

- 2014 के असैन्य परमाणु समझौते को लागू करने से जुड़े प्रशासनिक प्रबंध की व्यवस्था को दिया गया अंतिम रूप
- रक्षा-सुरक्षा सहयोग के लिए जारी किया गया संयुक्त घोषणापत्र
- समुद्री सुरक्षा सहयोग के लिए जारी किया रोडमैप
- ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत-ऑस्ट्रेलिया ने जारी किया संयुक्त बयान
- साइबर, जटिल तकनीकों, सप्लाई चेन के लिए दी पैक्ट्स को मंजूरी
- समुद्री कानूनों के अनुपालन, जागरूकता के लिए दोनों तटरक्षक बलों के बीच एमओयू हुआ
- ऑस्ट्रेलिया के रक्षा कॉलेजों में 2028-29 में जाएंगे मिलिट्री इंस्ट्रक्टर, मिला निमंत्रण
- भारत के एमएसडीई, ऑस्ट्रेलिया के टीएएफई के बीच खनन में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए हुआ एमओयू
- अंतरिक्ष सहयोग के तहत ऑस्ट्रेलिया ने भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन को अपना समर्थन जारी रखने की पुष्टि की है
- आशय पत्र के जरिए फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय को बेंगलुरु में कैंपस खोलने की मिली मंजूरी
- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को लौटाई 3 प्राचीन कलाकृतियां (नंदी, मंगलमयी काली, कार्तिकेय)
- रूफटॉप सोलर प्रशिक्षण अकादमी का गुजरात के गांधीनगर में शुरू किया गया संचालन, महिलाओं, युवाओं का क्षमता विकास होगा
- ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, भारत नवाचार साझेदारी के लिए हुआ एमओयू
- सीएसआईआर, मेलबर्न विवि. के बीच हुआ एमओयू
- कोलकाता के सत्यजीत रे फिल्म संस्थान व ग्रिफिथ फिल्म स्कूल के बीच एमओयू हुआ

### सीमावर्ती जिलों के...

लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। माना जा रहा है कि इस समिति के कार्यक्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर भी बैठक में विस्तार विचार-विमर्श हुआ। गृह मंत्रालय का मानना है कि सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण में भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया गया है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा तंत्र को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाया जा सके।

### भाजपा में शामिल हुए ...

मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भट्टाचार्य ने भाजपा का झंडा थमाकर तीनों पूर्व सांसदों का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भट्टाचार्य ने कहा कि तीनों पूर्व सांसदों का अनुभव राज्य में पार्टी को और मजबूत करेगा। भाजपा में शामिल हुए नेताओं ने इस मौके पर तृणमूल पर जोरदार हमला बोला। सुष्मिता देव ने जहां तृणमूल के भीतर फैले 'अकल्पनीय भ्रष्टाचार' का दावा करते हुए खुद को बेदाग बताया, वहीं सुखेंदु शेखर राय ने भी पूर्ववर्ती सरकार की वित्तीय गड़बड़ियों पर निशाना साधा। राजनैतिक गलियारो में चर्चा है कि तीनों के इस्तीफे के चलते बंगाल में राज्यसभा की खाली हुई तीन सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए भाजपा तीनों को उम्मीदवार बना सकती है। 24 जुलाई को तीनों सीटों पर उपचुनाव होना है। चुनाव आयोग द्वारा तीनों सीटों पर उपुचाव के लिए अधिसूचना जारी किए जाने के दो दिन बाद ही तीनों भाजपा में शामिल हुए हैं। संख्या बल के हिसाब से तीनों सीटों पर भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले तृणमूल के 28 में से 20 लोकसभा सांसद पहले ही काकोली घोष दस्तीदार की अगुवाई में नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी आफ इंडिया (एनसीपीआइ) में शामिल होकर एनडीए का घटक दल बन चुके हैं। दूसरी तरफ बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी की अगुवाई में तृणमूल के 80 में से 60 से ज्यादा विधायक अलग गुट बनाकर ममता बनर्जी से अलग हो चुके हैं।

### कांग्रेस का दावा...

और फर्जी अंगूठों के निशानों के साथ अनुमति दिखाकर धड़ल्ले से खनन कराया जा रहा है।कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि इस पूरे फर्जीवाड़े की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जाए। जालसाजी में शामिल दोषी अधिकारियों और कंपनियों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज हो। जब तक इस पूरे घोटाले की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक विवादित खदानों में खनन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही पार्टी नेताओं ने यह मांग भी की कि चुनावी फायदे के लिए एसआईआर के जरिए मतदाता सूचियों से जिंदा लोगों के नाम काटने और उनका मताधिकार छीनने के मामले की भी दोबारा जांच हो। कांग्रेस नेता के. राजू ने कहा कि भाजपा सरकार ने लगातार आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के बजाय अपने पूंजीपति मित्रों को प्राथमिकता दी है। पिछले 12 वर्षों से केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकारें देश के आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को नियमगिरी की पहाड़ियों, हसदेव अरण्य के घने जंगलों या बस्तर, सीजी माली और रायगढ़ की जमीनों में सिर्फ खदानें दिखती हैं; वहां सदियों से रहने वाले आदिवासी नहीं दिखते। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन का अधिकार है और अधिकारों के निपटारे से पहले किसी को बेदखल नहीं किया जा सकता, लेकिन अधिकारों के निपटारे के बिना ही आदिवासियों को विस्थापित किया जा रहा है। यूपीए सरकार द्वारा बनाए गए भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास कानून के मुताबिक अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों की सहमति के बिना जमीन नहीं ली जा सकती और सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन भी अनिवार्य है, जिसे पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसी तरह, आदिवासियों को संरक्षण देने वाले पेसा कानून का भी उल्लंघन हो रहा है। वहीं, डॉ. विक्रांत भूरिया ने आरटीआई से मिले दस्तावेजों और मृत्यु प्रमाण पत्रों के आधार पर अहम खुलासा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के सिंगरौली में अडानी समूह की कंपनी स्ट्रैटेटेक मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड को धिरौली कोल ब्लॉक में खदान की मंजूरी देने के लिए यह फर्जीवाड़ा हुआ। उन्होंने बताया कि बृजभान सिंह की मृत्यु साल 2014 में हुई थी, लेकिन उनकी मौत के 7 साल बाद नवंबर 2021 की ग्राम सभा बैठक के रजिस्टर में उनके नाम पर अंगूठा लगाकर खदान के लिए सहमति दिखा दी गई। फुलेश्वरी सिंह की मृत्यु 2018 में हुई थी, लेकिन उनके अंगूठे का निशान भी 2021 की बैठक में दर्ज है। इसी तरह कई अन्य मृतकों के अंगूठों के निशान वर्ष 2021 की ग्राम सभा के प्रस्ताव में खदान और वन भूमि के उपयोग में परिवर्तन की अनुमति के लिए इस्तेमाल किए गए।

### अमूर्त निवेश में...

लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार सुधारों, डिजिटल परिवर्तन और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों के माध्यम से देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही है। इसके परिणामस्वरूप भारत वैश्विक स्तर पर अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमूर्त निवेश में तेज वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के उस बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पारंपरिक पूंजी निवेश के साथ-साथ ज्ञान, तकनीक, अनुसंधान और नवाचार भविष्य की आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार बनते जा रहे हैं।

### परीक्षण के बाद ....

के दौरान वे ऐसे पुर्जों को बदल दें। इंजन खराब होने के दावों पर नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने कुछ मामलों की जांच करने के लिए कंपनियों से कहा था। जांच में पता चला कि वहां मिलावटी ईंधन जिम्मेदार था, ई20 पेट्रोल नहीं। उन्होंने बताया कि ब्राजील में वर्ष 1970 से 27 फीसदी इथेनॉल और पेट्रोल का मिश्रण इस्तेमाल किया जा रहा है। वहां होंडा और हुंडई की फ्लेक्स-फ्यूल इंजन वाली गाड़ियां बिना किसी परेशानी के चल रही हैं। अभी असम पेट्रो-केमिकल्स रोज 700 टन मेथेनॉल बनाती है। इसकी कीमत लगभग 20 से 22 रुपए प्रति लीटर है, जबकि डीजल की कीमत करीब 110 रुपए प्रति लीटर है। इससे काफी खर्च बच सकता है।

### रणनीतिक क्षेत्रों के...

आपूर्ति श्रृंखला में अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि लिथियम, कोबाल्ट, निकल, ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स और अन्य महत्वपूर्ण खनिज ऊर्जा परिवर्तन, डिजिटल अर्थव्यवस्था, रक्षा उत्पादन और उन्नत विनिर्माण के लिए बेहद आवश्यक हैं। ऐसे में इन खनिजों की सुरक्षित और स्थायी आपूर्ति सुनिश्चित करना भारत की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि, तकनीकी विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। नीति आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह पहल ऐसे समय में हुई है, जब दुनिया भर में महत्वपूर्ण खनिजों की मांग तेजी से बढ़ रही है और विभिन्न देश इनकी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई रणनीतियां तैयार कर रहे हैं। भारत भी इसी दिशा में अपनी दीर्घकालिक नीति को मजबूत करने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

ई–निविदा ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | विवरण | एन आई टी | 17 & 19—2026—27—डब्ल्यू—5 | | |
| 1. | कार्य का नाम और उसका स्थान | 17 | सहायक मंडल अभियंता दिल्ली सराय रोहिल्ला के अंतर्गत SSE/W/DEE सेक्शन में दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर, मौजूदा पुराने खाली पैनल रूम और यार्ड मास्टर रूम को मिलाकर VIP लाउंज बनाना, खाली CTNC ऑफिस रूम में महिलाओं के लिए वेटिंग रूम बनाना और यात्रियों के लिए शेड व बैठने की व्यवस्था करके वेटिंग एरिया में सुधार करना। समान कार्य की प्रकृतिः ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम। | | |
| | | 19 | सहायक मंडल अभियंता तुगलकाबाद के अंतर्गत SSE/W/FDB सेक्शन में फरीदाबाद स्टेशन पर कमर्शियल RO सिस्टम लगाकर पानी की गुणवत्ता में सुधार और साथ ही दो साल की AMC की व्यवस्था का कार्य। समान कार्य की प्रकृतिः R.O./सॉफ्टनिंग प्लांट/फिल्ट्रेशन प्लांट उपलब्ध कराना और उनका रखरखाव का कार्य | | |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 17 | Rs. 11299987.94 | 19 | Rs. 8499849.08 |
| 3 | अग्रिम राशि रुपयेः (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा.।) | | | | |
| | | 17 | Rs. 226000.00 | 19 | Rs. 170000.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 17 | 06 महीने | 19 | 24 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समयः 03.08.2026 को 15.00 बजे तक तथा 03.08.2026 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। | | | | |
| 6 | वेबसाइट के विवरणका नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूराः यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | | | |

No. 128-W/280/OET/2026-27/W-V/NIT-17 & 19-2026-27 Date 08.07.26

2361/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# ऑस्ट्रेलिया से 'नाभिकीय' समझौता लाएगा बदलाव

क्वाड पर अमेरिका के ठंडे रुख के बाद भारत ने अपने स्तर पर क्वाड के अन्य प्रमुख साझेदार देशों जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को नई गति देने की रणनीति अपनाई है। क्वाड चार प्रमुख लोकतांत्रिक देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान का रणनीतिक समूह है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करना है। बदलते वैश्विक समीकरणों और बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत अब अपने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत और व्यावहारिक आधार देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में पहले जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने भारत का दौरा किया, जहां दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इससे स्पष्ट है कि भारत अपने भरोसेमंद साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता दे रहा है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच यूरेनियम आपूर्ति से जुड़ा बहुप्रतीक्षित असैन्य परमाणु समझौता हुआ है। माना जा रहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह 'नाभिकीय' समझौता ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। इसके साथ ही रक्षा, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिज, साइबर सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, अंतरिक्ष सहयोग और निवेश सहित लगभग 18 महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। डिफेंस इनोवेशन कॉरिडोर, मैरीटाइम सिक्योरिटी रोडमैप और यूरेनियम सप्लाई एग्रीमेंट जैसे समझौते दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देंगे। ये समझौते केवल द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सामरिक समीकरणों का भी स्पष्ट संकेत हैं। बढ़ती साझेदारी यह दर्शाती है कि दोनों लोकतांत्रिक देश अब केवल व्यापारिक साझेदार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोगी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस परमाणु समझौते के बाद भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम की व्यावसायिक आपूर्ति का मार्ग खुल जाएगा। दोनों देशों ने क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर विकसित करने का भी निर्णय लिया है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर, रक्षा उपकरण और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों के लिए आवश्यक लिथियम, कोबाल्ट तथा अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल स्थापित किए जाने से भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित अन्य अंतरिक्ष अभियानों को तकनीकी सहायता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की तीन बहुमूल्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक कलाकृतियां लौटाने की घोषणा की है। इनमें देवी भद्रकाली की आकृति वाला धातु का त्रिशूल, भगवान शिव के वाहन नंदी की पत्थर की प्रतिमा तथा छह मुख वाले भगवान कार्तिकेय की दुर्लभ प्रतिमा शामिल हैं। इनकी स्वदेश वापसी दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास और सांस्कृतिक सहयोग का भी प्रतीक है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री की यह यात्रा संकेत देती है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, तकनीकी प्रगति और आर्थिक हितों को मजबूत करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को तैयार है। भारत रक्षा समेत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ यह 'नाभिकीय' समझौता इसी नई सोच और दूरदर्शी रणनीति का महत्वपूर्ण उदाहरण है।



मुद्दा
डॉ. आशीष वशिष्ठ

# आतंक व बातचीत साथ नहीं चल सकते

**भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।**

भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने की उम्मीद से दोनों देश के प्रधानमंत्रियों को जानी-मानी 117 हस्तियों ने मिलकर पत्र लिखा है। पत्र लिखने वालों में 61 लोग भारत से और 56 पाकिस्तान से हैं। पत्र में मांग की गई है कि अब संबंधों को सामान्य किया जाए और तल्खियां घटाई जाएं। ये पहल सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस के अध्यक्ष ओपी शाह की तरफ से की गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत का स्पष्ट रुख रहा है कि जब तक पाकिस्तान से आतंकवाद पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक कोई वार्ता संभव नहीं है। इस पत्र को लेकर अब प्रश्न भी उठ रहे हैं।

अहम सवाल यह है कि भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत क्यों करे? राजनयिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंध क्यों पुनः स्थापित किए जाएं? आतंकियों को पालने-पोसने वाले देश को कड़ा सबक सिखाना चाहिए अथवा संवाद के माध्यम से प्रेम का प्रदर्शन करना चाहिए? जो 117 चेहरे आज पाकिस्तान के पक्षकार बने हैं, क्या वे भूल गए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है? क्या वे पहलगाम का नरसंहार भूल गए? क्या पुलवामा में 40 'शहीदों' का बलिदान भूल गए? क्या उरी से लेकर 26/11 मुंबई आतंकी हमले तक पाक परस्त शैतानों और हत्यारों के षड्यंत्र भी भूल गए? पत्र लिखने वालों में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर और सैफुद्दीन सोज भी शामिल हैं। मणिशंकर ने सलमान खुर्शीद के साथ पाकिस्तान जाकर आर्त पुकार की थी कि मोदी सरकार हटाने में सहायता करें। यह नवंबर, 2015 का प्रसंग है। दोनों कथित कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मोदी को हटाए बिना भारत-पाक संबंध बेहतर नहीं हो सकते। अब समर्थकों की सूची में शामिल हैं, तो वह बिल्कुल निरर्थक है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का पाकिस्तान प्रेम जगजाहिर है। इनके बयानों से ऐसा अहसास होता है मानो पाकिस्तान सरकार का कोई प्रवक्ता बोल रहा है। भारत की गुप्तचर एजेंसी रॉ के प्रमुख रहे एएस दुलत भी सूची में हैं, जो पाकिस्तान की आत्मा तक से परिचित हैं और कई आतंकी हमलों के साक्षी रहे हैं। ओपी शाह, मनोज झा, जवाहर सरकार आदि कितने बड़े कूटनीतिज्ञ हैं, यह हम नहीं जानते, लेकिन सूची में जो 61 नाम भारतीयों के हैं, वे विश्वासपूर्वक प्रधानमंत्री मोदी के कट्टर विरोधी हैं और पाकिस्तान के अनुयायी चेहरे हैं। आज उन्हें कौन पूछता है? क्या प्रासंगिकता है इनकी? क्या इनमें से किसी ने भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि आतंकी सांपों को पालना बंद करें? आतंक के अड्डे समाप्त किए जाएं। सरकार और फौज आतंकियों की आर्थिक मदद करना और उन्हें 'जेहादी समर्थन' देना भी



बंद करें। पत्र लिखने वालों की मंशा क्या है, यह वे स्वयं बेहतर जानते हैं। पत्र लिखने वालों में से किसी ने आतंकवाद में अपने किसी परिजन को खोया है? यह पीड़ा, हत्या, दर्द, खालीपन, सूने आंगन, उजड़े सिंदूर को कैसे और कौन भूल सकता है? और फिर क्या गारंटी है कि संवाद और संबंधों की पुनर्स्थापना के बाद सीमा पर तनाव कम हो जाएगा? सीमा पार से आतंकी भेजे नहीं जाएंगे? वैश्विक मंचों पर, कश्मीर की आड़ में, भारत-विरोधी दुष्प्रचार थम जाएंगे? पत्र से जुड़े लोग इससे भी भलीभांति परिचित होंगे कि पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान का केंद्र हमेशा से सेना रही है और वर्तमान सेना प्रमुख तो इतने शक्तिशाली बना दिए गए हैं कि उन्हें फील्ड मार्शल की पदवी प्राप्त हो चुकी है।

वास्तव में, आतंकवाद की चर्चा जब भी होती है, तो ये समर्थक हकलाने लगते हैं या अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो आजकल 'एटमी युद्ध' की धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तान के कथित उप प्रधान मंत्री इशाक डार सिंधु नदी का पानी रोकना युद्ध की कार्रवाई मानते हैं। क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' के हमले भूल गया है पाकिस्तान, जिनमें उसके 11 एयरबेस को मिट्टी-मलबा कर दिया गया था? ऐसे आतंकी, धमकीबाज मंत्रियों की सरकार से भारत बात क्यों करेगा? पाकिस्तान में सार्वजनिक कार्यक्रमों, जनाजों और सरकारी आयोजनों में आतंकवादियों का खुलकर घूमना आम बात है। जिन लोगों पर संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादी होने का आरोप है, वे पाकिस्तान में खुलेआम दिखाई देते हैं। ऐसे देश के साथ बैठकर बातचीत कैसे की जाए और भरोसा कैसे किया जाए? पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले चेहरे यह भूल गए हैं कि पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों ने हमारे 40,000 से अधिक बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हैं? मठ-मंदिर ध्वस्त किए हैं? महिलाओं का सतीत्व लूटा है? पाकिस्तान में कौन लोग हैं, जो आपसी संबंध मधुर और श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं? पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है कि एक तरफ बातचीत की मेज पर बैठना और दूसरी तरफ आतंकी हमले करवाना। शिमला समझौते के करीब 25 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर का दौरा किया। पाकिस्तानी जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए वे मीनार-ए-पाकिस्तान भी गए कि त्रासद विभाजन के बावजूद भारत पाकिस्तान की संप्रभुता को पूरी तरह स्वीकार करता है। उन्होंने वहां विजिटर्स बुक में यह भी लिखा कि एक स्थिर और समृद्ध पाकिस्तान भारत के हित में है।

वाजपेयी की इस राजनयिक पहल का जवाब पाक ने कारगिल युद्ध छेड़कर दिया और शांतिपूर्ण संबंधों की प्रक्रिया पटरी से उतर गई।अटलजी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को अपनी भली मंशा के संकेत देने के लिए दिसंबर 2015 में काबुल से भारत लौटते समय लाहौर का दौरा किया और उस समय प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ से मिले। दस दिन बाद पाकिस्तान ने पठानकोट हमले को अंजाम दिया। पत्र लिखने वाले भारतीयों को इतना तो याद रखना चाहिए कि उरी हमले के बाद भारत का दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट रहा कि बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं। इसमें सिंधु जल संधि को रोकना भी शामिल है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से यह पूरी तरह सही भी है। इस कसौटी को अनदेखा करते हुए भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं ने एक ऐसे पत्र पर स्वाक्षर किए हैं, जिसमें आतंकवाद का उल्लेख भी नहीं है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



जल संरक्षण
बाल मुकुन्द ओझा

# आज पानी बचाएंगे तो भविष्य होगा सुरक्षित

देश में हर साल मानसून आता है और सर्वत्र बारिश होती है, इसके बावजूद लोग पानी के लिए तरस जाते हैं। इसका एक मुख्य कारण है हम वर्षा जल का संचयन नहीं कर पाते। मौसम विभाग की मानें तो मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। मानसून अपने साथ अपार खुशियां लेकर आता है। लोगों को पीने के लिए जहां पानी मिलता है, वहीं किसान अपने खेतों में बुवाई शुरू कर देते हैं। बारिश से कई जगह बाढ़ की हालत भी हो गई है। वर्षा जल की एक-एक बूंद अनमोल है। जल है तो जीवन है। इसका संचय, संरक्षण से ही मानव जीवन की रक्षा संभव है। जल की अनावश्यक बर्बादी नहीं होने दें। जल संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा और सामूहिक प्रयास करना होगा। इससे जल संरक्षण की दिशा में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। देश में जल संसाधन सीमित और दुर्लभ हैं। पानी घट रहा है और साल 2050 तक यह कमी एक बड़ा संकट बन सकती है। ऐसे में हमें वर्षा जल संचयन जैसे जल संरक्षण के स्थायी तरीकों को अपनाना चाहिए। देशभर में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। राजधानी दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। भूस्खलन एवं वर्षा के बाद विभिन्न घटनाओं में अनेक लोगों की मौत हो गई। हर साल की तरह इस साल भी देश में मानसून की एंट्री के साथ ही बाढ़ की तबाही भी शुरू हो गई है। वर्षा के जल को किसी खास माध्यम से संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को वर्षा जल संचयन कहा जाता है। विश्व भर में पेयजल की कमी एक संकट बनती जा रही है। इसका कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। इसके लिए अधिशेष मानसून अपवाह जो बहकर सागर में मिल जाता है, उसका संचयन और पुनर्भरण किया जाना आवश्यक है ताकि भूजल संसाधनों का संवर्धन हो पाए। अकेले भारत में ही व्यवहार्य भूजल भण्डारण का आकलन 214 बिलियन घन मी. (बीसीएम) के रूप में किया गया है, जिसमें से 160 बीसीएम की पुनः प्राप्ति हो सकती है। इस समस्या का एक समाधान जल संचयन है। यहां सवाल यह उत्पन्न होता है कि भारी मात्रा में मानसूनी जल उपलब्ध होने के बावजूद हम जल संकट का सामना क्यों कर कर रहे हैं। इसका जवाब है कि हमने अपने परंरागत जल स्त्रोत समाप्त कर दिए। भारत को कुए, बावड़ी और तालाबों का देश कहा जाता है। यहां नदियां हर समय पानी से लबालब भरी होती थी। इसके बावजूद हम जल समस्या का सामना कर रहे हैं। यह समस्या हर साल गहराती जा रही है। खेत तो दूर की बात, पीने को भी पानी नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि भारत सरकार ने जल शक्ति मंत्रालय का गठन कर जल संचयन का बीड़ा उठाया है। हमारे देश में हर साल मानसून में बहुत सा पानी व्यर्थ बह जाता है, जिसके संचयन की कारगर व्यवस्था अब तक नहीं खोजी जा सकी है। साल भर में होने वाली बारिश का कम से कम 31 प्रतिशत पानी धरती के भीतर रिचार्ज के लिए जाना चाहिए। जबकि केवल 13 प्रतिशत पानी ही धरती में समाता है। रिचार्ज नहीं होने की वजह से भूगर्भ में पानी की कमी हो जाती है और उसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष देश में औसत बारिश हो सकती है। इस बारिश का संचय कर पेयजल संकट से निपटने के साथ खेतों में बंपर पैदावार हासिल की जा सकती है। देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है। भारत अब तक के सबसे बड़े जल संकट से जूझ रहा है। करीब 60 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। करीब 75 प्रतिशत घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, देश में करीब 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिलने की वजह से हर साल करीब दो लाख लोगों की मौत होती है। पृथ्वी पर कुल जल का अढ़ाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है। अगर बरसात के बाद नदी-नालों से बहने वाले पानी का प्रभावी तरीके से संग्रहण किया जाए तो पानी कई गुना और ज्यादा मिलने लगेगा। वैश्विक संस्थाओं की लगातार चेतावनियों का लगता है लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा है। विभिन्न संगठनों की पानी सम्बन्धी रिपोर्टों में साफ कहा गया है कि भूगर्भ में अब पानी नहीं रहा है और वर्षांत का पानी सहेजने में हम नकारा साबित हुए हैं। विशेषकर भारत में पानी के प्रति घोर लापरवाही का परिणाम आम आदमी को शीघ्र भुगतना होगा। दुनियाभर में 200 करोड़ से ज्यादा लोग साफ पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# छोटे-छोटे संकल्प हमारा आत्मविश्वास बढ़ाते हैं



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का।

# गुरु की बात को गिरिधारी भी नही टाल सकते



संकलित
प्रेरणा

वृंदावन में एक संत के पास कुछ शिष्य रहते थे उनमें से एक शिष्य मंद बुद्धि का था। एक बार गुरु देव ने सभी शिष्यों को अपने करीब बुलाया और सब को एक मास के लिए ब्रज में अलग-अलग स्थान पर रहने की आज्ञा दी और उस मंद बुद्धि को बरसाने जाकर रहने को कहा। मंद बुद्धि ने बाबा से पूछा बाबा मेरे रहने खाने की व्यवस्था वहां कौन करेगा। बाबा ने हंस कर कह दिया राधा रानी, कुछ दिनों बाद एक-एक करके सब बालक लौट आए पर वो मंद बुद्धि बालक नही आया। बाबा को चिंता हुई की दो मास हो गए मंद बुद्धि बालक नही आया जाकर देखना चाहिए, बाबा अपने शिष्य की सुध लेने बरसाने आ गए। बाबा ने देखा एक सुन्दर कुटिया के बाहर एक सुन्दर बालक बहुत सुन्दर भजन कर रहा है, बाबा ने सोचा क्यों ना इन्ही से पूछा जाए। बाबा जैसे ही उनके करीब गए वो उठ कर बाबा के चरणों में गिर गया और बोला आप आ गए गुरु देव! बाबा ने पूछा ये सब कैसे तु ठीक कैसे हो गया शिष्य बोला बाबा आपके ही कहने से किशोरी जी ने मेरे रहने खाने पीने की व्यवस्था की और मुझे ठीक कर भजन करना भी सिखाया। बाबा अपने शिष्य पर बरसती किशोरी जी की कृपा को देख खुब प्रसन्न हुए और मन ही मन सोचने लगे मेरे कारण मेरी किशोरी जी को कितना कष्ट हुआ। उन्होंने मेरे शब्दो का मान रखते हुए मेरे शिष्य पर अपनी सारी कृपा उडेल दी। इसलिए कहते है गुरु की बात को गिरिधारी भी नही टाल सकते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जागो, नहीं तो गर्मी से जल जाएगा संसार

आजकल दुनिया के कुछ देशों में कुदरत का प्रकोप झुलसाने वाली गर्मी के रूप में बरप रहा है। यूरोप में जर्मनी और अन्य देशों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया, शायद यहां जून और जुलाई महीनों में तापमान 30 डिग्री से कम रहता है। ऐसे ही गर्मी और भी कई देशों में अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। अमरीका और अन्य कुछ देशों में तो भयंकर गर्मी कुछ लोगों की जान की दुश्मन भी बन गई। अगर हम अपने देश भारत की बात करें तो यहां भी गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। हमारे देश में आजकल मानसून का समय है, देश के कुछ राज्यों में इस बार मानसून में अब तक बहुत कम बारिश हो रही है। इन राज्यों में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। धरती पर बढ़ता तापमान सारी दुनिया के लिए बड़ी चिंता का विषय है। *-मनोज साहू, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल



दिल्ली सरकार ने पेड़ लगाने के लिए 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल शुरू किया है, जिसके ज़रिए मुफ्त पौधे मिलेंगे। जहाँ भी ज़मीन उपलब्ध हो, लोगों को पेड़ लगाने चाहिए और 'ग्रीन दिल्ली' के संकल्प को पूरा करना चाहिए।
**- अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### खेती-बाड़ी व्यवस्था



युवाओं को खेती को नए नज़रिए से देखने की ज़रूरत है। अपनी इनोवेशन, स्किल्स और एंटरप्रेन्योरशिप के ज़रिए वे एक ऐसी खेती-बाड़ी व्यवस्था बनाने में योगदान दे सकते हैं जो आधुनिक, आत्मनिर्भर, स्मार्ट, प्रकृति-अनुकूल और टिकाऊ हो।
**-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### ऊर्जा सुरक्षा



भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा के मामले में नए मानक स्थापित कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम की आपूर्ति को लेकर हुआ यह महत्वपूर्ण समझौता देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा।
**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार


### विरोध दबाने की कोशिश



सरकार इथेनॉल के मामले में दूसरे देशों के उदाहरण देकर लोगों के विरोध को दबाने की कोशिश कर रही है। सच तो यह है कि जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में ई10 से ज्यादा ग्रेड वाले ईंधन का इस्तेमाल भी नहीं हो रहा है। जापान में अभी सिर्फ ई3 का इस्तेमाल हो रहा है।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर


# मेक्सिको के गांव में मादक पदार्थ तस्करों के ड्रोन हमले



मेक्सिको के एक गांव में मादक पदार्थ तस्करों के गिरोह ने बुधवार सुबह छह बजे ड्रोन से हमले किए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी दी। गुआजेस डी अयाला नामक गांव के ग्रामीणों को कई हफ्तों से 'ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना' नाम के मादक पदार्थ तस्कर गिरोह से चेतावनी मिल रही थी। हालांकि उनकी मदद की गुहार पर किसी ने ध्यान नहीं दिया क्योंकि उस समय मेक्सिको सिटी, ग्वाडलहारा और मॉन्टेरी जैसे बड़े शहरों में फुटबॉल विश्वकप आयोजन को लेकर जश्न का माहौल था। मारिलु सोलोरियो नाम की 24 वर्षीय प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मादक पदार्थ गिरोह के तस्करों और समुदाय के सतर्कता विभाग के बीच गोलीबारी शुरू होने के बाद 70 अन्य महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने पास के एक बंद पड़े मेडिकल क्लिनिक में शरण लिया। अपने आश्रय स्थल से सोलोरियो ने फोन पर हुई बातचीत में फुटबॉल टूर्नामेंट का जिक्र करते हुए कहा, 'एक तरफ कुछ लोग फुटबॉल के गोल का जश्न मना रहे हैं, तो दूसरी तरफ बम ले जा रहे ड्रोन लोगों की जान ले रहे हैं। जिन जगहों पर विश्व कप खेला जा रहा है वहां के लोगों की सुरक्षा करने के बजाय (मेक्सिको की सरकार को) हम जैसे लोगों की सुरक्षा करनी चाहिए जिन्होंने कभी कुछ गलत नहीं किया।'

## ऑफ बीट

# फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान



मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। जहां ये कुछ लोगों को अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं कई लोगों में चिंता, अपराधबोध, तनाव और खान-पान संबंधी अस्वास्थ्यकर व्यवहार भी देखने को मिला है। पिछले एक दशक से इस विषय पर शोध कर रहे विशेषज्ञ ने फिटनेस ट्रैकिंग से जुड़े पांच प्रमुख जोखिमों की पहचान की है। विशेषज्ञ के अनुसार, पहला खतरा प्रतिदिन 10,000 कदम चलने के लक्ष्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य 1960 के दशक में जापान में एक पेडोमीटर के प्रचार अभियान से जुड़ा था और इसे सभी लोगों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानक नहीं माना जाता। कई शोध बताते हैं कि अधिकतर वयस्कों के लिए लगभग 7,000 कदम भी पर्याप्त और अधिक व्यावहारिक हो सकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## राम मंदिर निर्माण में कांग्रेस ने उछाले सवाल

# एलएंडटी ने 1 रुपये में निर्माण की बात कही तो 2,100 करोड़ कैसे खर्चे? मुफ्त में पत्थर मिल रहे थे तो फिर 500 रुपये प्रति वर्ग फुट क्यों खर्चे?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी के साथ-साथ जमीन की खरीद और निर्माण में अनियमितताओं को लेकर हमला तेज करते हुए मांग की है कि मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े लोगों और आरएसएस प्रमुख से कड़ी पूछताछ की जाए।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी नेता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि भाजपा-आरएसएस ने पहले चंदे की चोरी की, फिर जमीन चोरी की और अब चढ़ावे की चोरी कर ली। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई करके बड़े मगरमच्छों को बचाने



की कोशिश हो रही है, जबकि इस घोटाले की सुई सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय और आरएसएस प्रमुख की तरफ जाती है।

कांग्रेस नेता ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के बयान का हवाला देते हुए कहा कि कुंभ के दौरान लगभग 16 करोड़ श्रद्धालु अयोध्या आए, लेकिन इस अवधि में केवल 84 करोड़ रुपए ही जमा हुए। राजपूत ने कहा कि इसका अर्थ है कि प्रति व्यक्ति औसतन केवल पांच रुपये 74 पैसे का दान हुआ, जो अविश्वसनीय है। उन्होंने तर्क दिया कि अगर औसतन एक श्रद्धालु ने 200 रुपए भी दान किए हों, तो कुल राशि करीब 3,200 करोड़ रुपए होनी चाहिए थी। उन्होंने पूछा कि जब ट्रस्ट ने सिर्फ 84 करोड़ रुपए दिखाए हैं, तो बाकी के 3,116 करोड़ रुपए कहां गए। उन्होंने यह भी सवाल किया कि जब राजस्थान के खदान ठेकेदार दिलीप सिंह राठौड़ श्रीराम मंदिर के लिए मुफ्त में पत्थर देने को तैयार थे, तो 500 रुपए प्रति वर्ग फुट की दर से पत्थर क्यों खरीदे गए। उन्होंने पूछा कि जब निर्माण कंपनी एलएंडटी ने कहा था कि वह एक रुपये में मंदिर बनाएगी, तो निर्माण कार्य पर 2,100 करोड़ रुपये कैसे खर्च हो गए? उन्होंने सिंधी समाज द्वारा दान की गई 200 किलो चांदी की ईंटों और भक्तों द्वारा चढ़ाए गए छोटे-छोटे आभूषणों का भी लेखा-जोखा मांगा। साथ ही, निर्मोही अखाड़े द्वारा विश्व हिंदू परिषद पर 1,500 करोड़ रुपये के चंदे में गड़बड़ी के आरोप का हवाला देते हुए पूछा कि उसका हिसाब कहां है? उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि आखिर किन कारणों से ट्रस्ट को आरटीआई के दायरे से बाहर रखा गया?

कांग्रेस नेता ने आगे बताया कि श्रीराम मंदिर परिसर से करीब आठ किलोमीटर दूर ट्रस्ट ने 84 करोड़ रुपए की जमीन खरीदी, जिसके लिए बाजार दर से कई गुना अधिक भुगतान किया गया और अब उस जमीन पर पशुओं का चारा बोया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि जब मंदिर के पास कोई गोशाला नहीं है, तो यह चारा किसके लिए उगाया जा रहा है?

सुरेंद्र राजपूत ने राम मंदिर आंदोलन के इतिहास का जिक्र करते हुए पुजारी महंत लाल दास की हत्या का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि महंत लाल दास मंदिर आंदोलन को राजनीति से दूर रखना चाहते थे। इस कारण भाजपा-आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद ने कथित रूप से उनपर 10 रुपए की हेराफेरी का झूठा आरोप लगाकर उन्हें मुख्य पुजारी के पद से हटवा दिया। बाद में उनकी हत्या हो गई;आज तक उनके हत्यारे पकड़े नहीं गए।मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल पर सवाल उठाते हुए सुरेन्द्र राजपूत ने कहा कि इसके मुखिया विजय विश्वास पंत बनाए गए हैं, जिनपर पहले से ही एक एफआईआर दर्ज है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस व्यक्ति पर खुद गबन के गंभीर आरोप हैं, भाजपा सरकार ने उसे ही चढ़ावा चोरी की जांच सौंप दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा-आरएसएस ने ट्रस्ट को पूरी तरह से राजनीतिक अड्डा बना दिया। राजपूत ने कहा कि ट्रस्ट में शंकराचार्यों, धर्माचार्यों, रामानुजाचार्य या संतों को जगह देने के बजाय नृपेंद्र मिश्रा, चंपत राय, गोविंद देव गिरी जैसे भाजपा-आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े लोगों को बैठाया गया, ताकि लूट की जा सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्रीराम मंदिर का शिलान्यास और प्राण-प्रतिष्ठा खुद प्रधानमंत्री मोदी ने की थी। ट्रस्ट के सदस्यों का चयन भी उनकी मर्जी से हुआ था। ऐसे में जब करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी का यह महापाप हुआ है, तो प्रधानमंत्री अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। उन्हें देश के सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नमाज के बाद गिरा जामा मस्जिद का गुंबद

**मथुरा।** यहांबुधवार की शाम चौक बाजार स्थित जामा मस्जिद की मुख्य गुम्बद का एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया। तेज धमाके के साथ गुंबद का हिस्सा गिरने से सब्जी मंडी व सर्राफा बाजार में खलबली मच गई।धमाका इतनी तेज हुआ कि आसपास गुजर रहे वाहन तक थम गए। मंगलवार की रात से ही कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हो रही थी। नमाज हो चुकी थी।



### केंद्रीय मंत्री संजय के बेटे को जमानत मिली

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे भागीरथ को सशर्त ज़मानत दे दी। उसे पोक्सो मामले में गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने 6 जुलाई को भागीरथ की जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने एक-एक लाख रुपए की 2 जमानत राशि जमा करने और जांच में सहयोग करने जैसी शर्तें रखीं।



### टीएमसी को बड़ा झटका पूर्व सांसद भाजपा में

**नई दिल्ली।** टीएमसी को गुरुवार को बड़ा झटका लगा है। टीएमसी के 3 पूर्व राज्यसभा सांसदों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा में शामिल होने वालों में सुष्मिता देव, प्रकाश चिक बराइक और सुखेंदु शेखर रॉय शामिल हैं। तीनों नेताओं ने कोलकाता में बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।



### एक परिवार के 2 की मौत और 2 गंभीर

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में वित्तीय विवाद में जहर खाने से एक परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग अस्पताल में जिंदगी के लिए जूझ रहे हैं। मृतकों की पहचान निजी बैंक के कर्मचारी विकास बटिश और उनकी बेटी खुशी बटिश के रूप में हुई है। विकास की पत्नी तमन्ना व बेटे कनव बटिश का इलाज किया जा रहा है।



### रॉड से पीटा, गर्दन मरोड़कर बच्चे की हत्या

**बेंगलुरु।** यहां येलाहंका के पास एक रेजिडेंशियल स्कूल के फिजिकल एजुकेशन टीचर पर आरोप है कि उसने 12 साल के बच्चे की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना बागलूर के कदयारप्पनाहल्ली गांव में स्टर्लिंग इंग्लिश रेजिडेंशियल स्कूल में हुई। पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा में टीचर पर केस दर्ज किया है।



## सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती, उठाए सवाल और चेतावनी दी

### अधिकारियों की मिलीभगत पर जताई नाराजगी

# नगर निकायों को लगाई कड़ी फटकार अवैध कब्जों पर बताएं क्या कार्रवाई की

अदालत ने नगर निकायों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जमीन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सुप्रीम कोर्ट अवमानना की कार्रवाई करेगा। कोर्ट ने अवैध कब्जों के मामलों में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत पर भी कड़ी नाराजगी जताई। इसके साथ ही अदालत ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी भी दी है और कार्रवाई करने को कहा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली- लखनऊ में हुए हालिया अग्निकांड की घटनाओं को लेकर कड़ा रख अपनाते हुए नगर निकायों को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में अवैध कब्जों को लेकर भी नाराजगी जताई और पूछा कि अवैध कब्जों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है? अदालत ने नगर निकायों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जमीन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सुप्रीम कोर्ट अवमानना की कार्रवाई करेगा। कोर्ट ने अवैध कब्जों के मामलों में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत पर भी कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने घटना के बाद अधिकारियों द्वारा इज्जत बचाने के लिए की जाने वाली कार्रवाइयों की भी आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि घटनाओं के बाद सिर्फ बिल्डरों को ही गिरफ्तार किया जा रहा है, जबकि घटना वाले क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को छोड़ दिया जा रहा है। कोर्ट ने रिपोर्ट तलब करते हुए मामले की सुनवाई अगली तारीख तक स्थगित कर दी।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस काम में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए और कमेटी को एक सच्ची रिपोर्ट सौंपनी चाहिए। बेंच ने कहा कि हम यह साफ करते हैं कि कमेटी की ओर से सच्ची रिपोर्ट देने में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अगर हमें इस पर शक हुआ तो रिपोर्ट की सच्चाई जानने के लिए इस कोर्ट से एक स्पेशल टीम भेजी जा सकती है।

**जमीन पर नहीं दिखी कार्रवाई तो दर्ज होगा अवमानना मामला**



सुप्रीम कोर्ट

### नगर निकायों को दिया अल्टीमेटम

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस शील नागू की पीठ ने अवैध कब्जों से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान मालवीय नगर की घटना, लखनऊ में लगी आग और साकेत में इमारत गिरने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमें उम्मीद थी कि अधिकारी कुछ कार्रवाई करेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अदालत ने ये भी पूछा कि मालवीय नगर की घटना के बाद दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई?

### मालवीय नगर में लगी थी आग

दिल्ली के मालवीय नगर में बीती 3 जून को एक होटल में भीषण आग लग गई थी, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं लखनऊ में बीती 22 जून को एक व्यवसायिक परिसर में लगी आग में झुलसकर 15 लोगों की मौत हो गई थी।अदालत ने दिल्ली नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे नगर निकाय के आचरण से चिंतित हैं।

### विशेषज्ञ समिति गठित करने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने लाजपत नगर, साकेत और सरोजनी नगर जैसे इलाकों का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया है और एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आदेश दिया है। इस विशेषज्ञ समिति में आईआईटी दिल्ली के सिविल विभाग के दो वरिष्ठ प्रोफेसर, आईआईटी के दो ड्राफ्ट्समैन और अधिकारी कोर्ट द्वारा नियुक्त अधिकारी शामिल रहेंगे।

### 20 मई के आदेश के बाद क्या कार्रवाई की?

अदालत ने बीती 20 मई को सुरक्षा अधिकारियों को सुरक्षा मानदंड पर निर्देश जारी करने का आदेश दिया था। साथ ही अदालत ने उन मीडिया रिपोर्ट्स पर भी संज्ञान लिया, जिनमें बताया गया कि गुरुग्राम की 93 प्रतिशत इमारतें अग्नि सुरक्षा ऑडिट में फेल रही हैं। अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा कि अधिकारियों को 20 मई को निर्देश दिए गए थे कि क्या करना है?

### 4 तक कार्रवाई नहीं तो अफसर नपेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में गैर-कानूनी और असुरक्षित इमारतों और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ, पटना और तमिलनाडु के नगर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने उन जर्जर इमारतों को गिराने या खाली कराने के लिए की गई कार्रवाई की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है, जिनसे आपदा का खतरा हो सकता है। साकेत और मालवीय नगर में इमारत गिरने की घटना व अलीगंज में आग की घटनाओं का संज्ञान लिया।

### जिम्मेदारों पर होगा एक्शन

कोर्ट ने यह चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नगर निगम और विकास प्राधिकरण के कमिश्नर, सीईओ और दूसरे जिम्मेदार अधिकारी अगली तारीख तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट रिकार्ड पर नहीं रखते या कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं करते तो, उनके खिलाफ संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

## केजरीवाल ने ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

# पेट्रोल की कीमत 82 रुपए होनी चाहिए, 102 रुपए प्रति लीटर नहीं

**कहा, सरकार तेल मार्केटिंग कंपनियों को नाजायज मुनाफा कमाने दे रही है, जिससे महंगाई बढ़ रही**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी कटौती की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का फायदा ग्राहकों को नहीं मिला है।

पत्रकारों से बात करते हुए केजरीवाल ने मांग की कि पेट्रोल की कीमत मौजूदा 102 रुपए प्रति लीटर के बजाय 82 रुपए प्रति लीटर होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह तेल मार्केटिंग कंपनियों को नाजायज मुनाफा कमाने दे रही है।

केजरीवाल ने पूछा कि 2014 से अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम से कम छह बार घटी हैं, लेकिन देश में पेट्रोल की कीमतें उस हिसाब से कम नहीं की गईं। इन सालों में जो भारी मुनाफा कमाया गया, उसका क्या हुआ?

केजरीवाल का यह बयान केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के उस संकेत के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें चार महीने के निचले स्तर पर आने के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तुरंत कटौती की संभावना नहीं है।

उन्होंने सरकार से अपील की कि कच्चे तेल की कम कीमतों का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाया जाए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2014 के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कई बार गिरी हैं, लेकिन इसका असर पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर नहीं दिखा।

केजरीवाल ने तर्क दिया कि ईंधन की कीमतें कम करने से महंगाई का दबाव कम होगा और परिवारों व व्यवसायों, दोनों पर वित्तीय बोझ भी घटेगा। उन्होंने केंद्र पर यह आरोप भी लगाया कि वह तेल कंपनियों को ईंधन की कीमतें कृत्रिम रूप से ऊंची बनाए रखने की अनुमति दे रहा है, जबकि उन्हें सस्ते कच्चे तेल से होने वाले लाभ का फायदा जनता तक पहुंचाना चाहिए।

मंत्री हरदीप पुरी के अनुसार, सरकारी रिफाइनर अभी भी उस कच्चे तेल को प्रोसेस कर रहे हैं जिसे वेस्ट एशिया में संघर्ष के चरम पर ऊंची कीमतों पर खरीदा गया था। संघर्ष शुरू होने के दो महीने से भी अधिक समय बाद, मई के दूसरे भाग में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रूपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की लागत में हुई वृद्धि से कम थी, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को बोझ का कुछ हिस्सा उठाना पड़ा।

## नई दिल्ली स्थित ओबेरॉय होटल में 17 वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव में कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने प्राप्त किया अवार्ड

# उद्यान विश्वविद्यालय करनाल को मिला एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड, राजनाथ सिंह ने विश्वस्तरीय रिसर्च पर किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

महाराणा प्रताप हॉर्टिकलचर यूनिवर्सिटी करनाल के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को एग्रीकल्चर अवार्ड-2026 देकर सम्मानित किया। ये अवार्ड कुलपति प्रो. सुरेश को उनकी बागवानी के क्षेत्र में उपलब्धियों ओर विश्व स्तरीय रिसर्च से किसानों के जीवन में आए बदलावों के कारण मिला। 17 वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन नई दिल्ली स्थित ओबेरॉय होटल में किया गया, कॉन्क्लेव में




एमएचयू कुलपति ने बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का थीम फीडिंग द फ्यूचर (भविष्य के लिए भोजन) पर केंद्रित था। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सहित प्रदेश के मंत्रियों ने विशेषतौर से शिरकत की। कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने अवार्ड मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि देश प्रदेश के वैज्ञानिक नए नए अनुसंधान कर रहे है, जिनकी बदौलत देश का खाद्यान्न भंडार भरे हुए है। लेकिन जिस प्रकार जनसंख्या बढ़ रही है, उसी अनुरूप वैज्ञानिक चिंतित है कि लोगों को पोषण युक्त भोजन मिले। जिसमें सभी प्रकार के पोषण से भरपूर हो। इसके अलावा ऐसी किसान खेती किसानी के तौर तरीकों को बदले, जिससे प्राकृतिक संसाधन कम से कम प्रभावित हो, पर्यावरणीय हितकारी हो। भारत सरकार व प्रदेश सरकार का सपना है कि देश प्रदेश में बागवानी खेती का रकबा बढ़े, फल, फूल, सब्जियां, मसाले, मशरूम आदि की खेती की ओर किसान ज्यादा से ज्यादा करें। इसके अलावा जिस प्रकार की खेती किसान भाई कर रहे है, उसमें पेस्टीसाइड, यूरिया, खाद की मात्रा न के बराबर हो। इसके लिए किसान भाईयों को कृषि-बागवानी वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की जा रही नई तकनीकों को अपनाना होगा, जो किसानों के साथ साथ देशहित में साबित होगी। यह अवॉर्ड बागवानी विश्वविद्यालय करनाल को बागवानी के क्षेत्र में नए अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए मिला।

## ईवी कमर्शियल वाहनों को मिलेगी परमिट छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नया नोटिस जारी किया है, जिसमें अब कुछ खास तरह के कमर्शियल वाहनों को 7 साल तक के लिए कमर्शियल परमिट लेने की अब झंझट नहीं रहेगा। सरकार का यह फैसला देश में साफ-सुथरे फ्यूल यानी ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। अब सभी बैटरी से चलने वाले वाहनों को 7 साल तक किसी भी तरह का परमिट लेने की जरूरत नहीं होगी। एथेनॉल, मेथेनॉल और भविष्य के फ्यूल से चलने वाले कमर्शियल पैसेंजर और माल ढोने वाले वाहनों को शामिल किया है।

## सीएम ने बताया, खेल सुविधाओं के लिए लगभग 800 करोड़ का किया प्रावधान

# मिशन ओलम्पिक 2036 के लक्ष्य अनुसार खिलाड़ियों को किया जाएगा तैयार,बनाएंगे सेंटर: मुख्यमंत्री सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिशन ओलम्पिक 2036 के लक्ष्य अनुसार खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मेडल लाने के लिए राज्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसति करने हेतू प्रथम चरण में 11 सेंटर विकसित किए जाएं। इसके लिए लगभग 800 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को मिशन ओलम्पिक को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक मे हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि इन केन्द्रों में स्पोर्टस यूनिवर्सिटी राई, स्टेट स्पोर्टस कॉम्पलेक्स पलवल, टीडीएल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स पंचकूला, अम्बाला, कुरूक्षेत्र के अलावा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स प्राईवेट अकेडमी करनाल, जीन्द, गोहाना, यमुनानगर शामिल है। बैठक के दौरान नए खिलाड़ियों को तैयार करने बारे विस्तार से चर्चा हुई जिसमें 13 से 16 वर्ष आयु वर्ग के युवा खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ओलम्पिक 2036 टेलंट मिशन के तहत स्पोर्टस युनिवर्सिटी राई को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसकी देखरेख खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे।

सैनी ने बताया कि इन केन्द्रों में 1200 बच्चों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। इससे पूर्व वर्ष 2028 में होने वाले एशियन गेम्मस के लिए भी अधिक से अधिक खिलाड़ियों को तैयार करने हेतू बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों के लिए ओलम्पिक पदक विजेता कोच लगाए जाएगें। इसके अलावा 23 अन्य खेल सेंटर भी विकसित किए जाएगें। जिनमें खिलाड़ियों के रहने व खाने की व्यवस्था होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरूण गुप्ता, आयुक्त एवं सचिव सी जी रजनीकांथन, मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव डा. यशपाल, अजय कुमार, कैप्टन मनोज कुमार, निदेशक पार्थ गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हैदराबाद के बिबीनगर स्थित एम्स की प्रगति की समीक्षा की

# पिछली शताब्दी के अंत तक देश में केवल एक एम्स था, अब इनकी संख्या बढ़कर 23 हुई : नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हैदराबाद के बिबीनगर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान—एम्स की प्रगति की समीक्षा की। बिबीनगर एम्स प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना—पीएमएसएसवाई के सातवें चरण के तहत वर्ष 2019 में स्थापित किया गया थी। परियोजना जून 2022 में 1,110.55 करोड़ की लागत से शुरू हुई थी।

नड्डा ने कहा कि 20वीं शताब्दी के अंत तक देश में केवल एक एम्स था, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में 6 अतिरिक्त एम्स स्थापित किए गए। तब से लेकर अब तक 16 नए एम्स स्थापित हुए हैं, जिससे देश भर में इनकी कुल संख्या 23 हो गई है। इनमें से 18 एम्स पहले से ही संचालित हैं, जबकि शेष निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।उन्होंने कहा कि सरकार ने तृतीयक स्वास्थ्य संस्थानों (उन्नत स्वास्थ्य संस्थान) को मजबूत बनाते हुए द्वितीयक और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण कर समान और एकीकृत स्वास्थ्य सेवा ढांचा विकसित किया है। उन्होंने कहा कि देश में अब 1.85 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं, जहां लगभग 1.5 अरब लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी 2014 में 387 से बढ़कर अब 820 हो गई है। इस अवसर पर बिबीनगर एम्स के विभिन्न पहलुओं पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें ढांचागत विकास, चिकित्सा शिक्षा, रोगी देखभाल, अनुसंधान गतिविधियां और संस्थान के समक्ष चुनौतियां प्रदर्शित की गईं।

एम्स बिबीनगर में अभी 132 संकाय सदस्य और 133 वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर हैं। संस्थान की स्थापना के तुरंत बाद एमबीबीएस पाठ्यक्रम आरंभ हुआ और दो बैच सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हो चुके हैं। इस संस्थान में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 24 एमडी विषयों और 5 डीएम (हृदय रोग, मस्तिष्क रोग, किडनी रोग इत्यादि गैर-सर्जिकल और नैदानिक क्षेत्रों में सर्वोच्च डिग्री)/एमसीएच (सर्जरी में सर्वोच्च सुपर-स्पेशियलिटी डिग्री) विशिष्टताओं में संचालित किए जा रहे हैं। 60 सीटों की क्षमता वाला बी.एससी. नर्सिंग कोर्स 2024 में शुरू हुआ, जबकि एमएससी नर्सिंग कोर्स 5विशिष्टता वाले क्षेत्रों में उपलब्ध है। यहां अभी 902 छात्र अध्ययनरत हैं, जबकि एमबीबीएस छात्रों का एक नया बैच जल्द ही शामिल होने वाला है। संस्थान में प्रतिदिन लगभग 1,800 मरीजों का इलाज हो रहा है। रोगियों के लिए 250 बिस्तर हैं । कंप्यूटेड टोमोग्राफी - सीटी, शरीर के अंदरूनी अंगों, हड्डियों, एमआरआई और ड्यूल-एनर्जी एक्स-रे एब्जॉर्प्टियोमेट्री - डेक्सा सहित अधिकांश जांच प्रयोगशालाएं और रेडियोलॉजिकल निदान सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## नागेश्वरन ने कहा, सरकार ने बजट में कई उपायों की घोषणा की

# सरकार ने जीसीसी के लिए अपना काम किया, अब उद्योग क्षमताएं बढ़ाएं: सीईए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने बजट में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को समर्थन देने के लिए कई उपायों की घोषणा कर अपना काम कर दिया है। अब उद्योग को कृत्रिम मेधा (एआई) से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण और नवाचार में निवेश करना चाहिए।*

नागेश्वरन ने कहा कि एआई ने पुराने कारोबारी मॉडल को चुनौती दी है। इसके कारण नियमित, दोहराए जाने वाले और नियम-आधारित कार्य प्रभावित होने की संभावना है। केवल कम लागत पर आधारित कारोबारी मॉडल के समक्ष मौजूद जोखिमों को नजरअंदाज करना व्यावहारिक नहीं होगा।

### उद्योग की लंबित मांग को पूरा किया गया

उद्योग और सरकार के सहयोग की भूमिका का उल्लेख करते हुए सीईए ने कहा कि केंद्रीय बजट में जीसीसी के लिए 'ट्रांसफर प्राइसिंग सेफ हार्बर' व्यवस्था को सरल एवं विस्तारित कर उद्योग की काफी समय से लंबित मांग को पूरा किया गया है।

### सरकार छोटे शहरों में भी जीसीसी को प्रोत्साहित कर रही

सीईए ने यहां 'सीआईआई जीसीसी शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि संशोधित व्यवस्था में एक समान मार्जिन, काफी अधिक सीमा एवं कई वर्षों की अवधि के लिए तेज तथा अधिक भरोसेमंद मंजूरी का प्रावधान है, जिससे ऐसे केंद्रों के लिए कर संबंधी निश्चितता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने छह प्रमुख महानगरों से आगे बढ़कर छोटे व मझोले शहरों में जीसीसी के विस्तार को प्रोत्साहित करने के लिए एक राष्ट्रीय रूपरेखा भी शुरू की है।

### सरकार रनवे तैयार कर सकती है विमान नहीं उड़ा सकती

नागेश्वरन ने कहा, '' यह केवल एक आर्थिक लक्ष्य नहीं है, बल्कि समान अवसर का भी विषय है। अवसर केवल कुछ महानगरों तक सीमित नहीं रहने चाहिए।' उन्होंने हालांकि, इस बात पर भी जोर दिया कि केवल सरकारी नीतियों के बल पर इस क्षेत्र में भारत का नेतृत्व सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। सीईए ने कहा, '' सरकार रनवे तैयार कर सकती है, लेकिन विमान नहीं उड़ा सकती। लागत-आधारित मॉडल से क्षमता-आधारित मॉडल और निष्पादन से नवाचार की ओर बढ़ने का काम कंपनियों और लोगों को करना होगा।'



- अब उद्योगों को एआई के विकास में निवेश करना चाहिए
- एआई ने पुराने कारोबारी मॉडल को चुनौती दी है
- नियम आधारित कार्य प्रभावित होने की संभावना

### एआई प्रणालियों की रूपरेखा तैयार करनी होती है

सीईए ने कहा, '' एआई स्वयं न तो इन प्रणालियों का निर्माण करती है, न उन्हें लागू करती है और न ही उनका संचालन करती है। किसी न किसी को इन प्रणालियों की रूपरेखा तैयार करनी होती है, उन्हें प्रशिक्षित करना होता है, उनकी जांच करनी होती है, उनमें सुधार करना होता है और उनकी जवाबदेही तय करनी होती है। किसी को यह भी तय करना होता है कि इनका उपयोग कहां किया जाना चाहिए और कहां नहीं।''

### प्रतिस्पर्धी देश अपनी क्षमता बढ़ा रहे

नागेश्वरन ने साथ ही आगाह करते हुए कहा कि सफलता आत्मसंतोष का कारण नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के साथ भारत ने जो बढ़त हासिल की है, वह खत्म भी हो सकती है, क्योंकि प्रतिस्पर्धी देश अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं, लागत बढ़ रही है और कुशल प्रतिभाओं की उपलब्धता लगातार चुनौतीपूर्ण होती जा रही है।

## सोने में 350 रुपये की गिरावट और चांदी 7,800 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को



सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई और यह 350 रुपये घटकर 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मांग में सुस्ती का असर इस कीमती धातु पर पड़ा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले सत्र में 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी गिरावट जारी रही। यह बुधवार के 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 7,800 रुपये घटकर 2,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

## रुपया सात पैसे मजबूत होकर 95.41 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को सात पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.41



(अस्थायी) पर रहा। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों में डॉलर के मजबूत होने का रुख बना रहा पश्चिम एशिया में फिर से तनाव उत्पन्न होने के बाद पैदा हुई अस्थिरता के बावजूद शेयर बाजार में रहा सुधार और सरकारी बैंकों द्वारा डॉलर की बिकवाली से स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.52 प्रति डॉलर पर खुला जो


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी. आर.एम.ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | भाग–C: DUK सेक्शन में मौजूदा TSS और स्विचिंग पोस्ट में अर्थिंग व्यवस्था का प्रावधान/सुधार इनकनेक्शन विथ इम्प्रूवमेंट ऑफ साप्लाई अरेंजमेंट एंड ऑग्मेंटेशन ऑफ PSI एसेट्स इन DUK सेक्शन। |
| अनुमानित लागत | Rs.1,76,82,874.88/- |
| बयाना राशि | Rs.3,53,700/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 20.07.2026 (10.30बजे) से 03.08.2026 (15.00बजे तक) |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 03.08.2026 (15.00 बजे) |
| निविदा छपाई की लागत | RRSK (PH-36) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या – 23.क.वि., – नई दिल्ली–2026–27
दिनांक : 09.07.2026 2363/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलवंत पुत्रः शत्रुधन पताः सी–2/1628, सेक्टर 27, रोहिणी, दिल्ली** ने case **FIR No. 267/2015 U/s 452/336/506/34 IPC & 25/27/54/59 Arms Act, थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलवंत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलवंत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 267/2015 U/s 452/336/506/34 IPC & 25/27/54/59 Arms Act, थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बलवंत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.08.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनिवाल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9266/ON/2026 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम कुमार पुत्र नंद लाल पताः मकान नं.28/75ए कस्तुरबा नगर, शाहदरा दिल्ली ने एफआईआर संख्या 347/2018 धारा 33/52 एक्साईज एक्ट के तहत** थानाः विवेक विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राम कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राम कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 347/2018 धारा 33/52 एक्साईज एक्ट के तहत थाना विवेक विहार, दिल्ली के उक्त राम कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मोहित शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
शाहदरा जिला, कोर्ट नं.59, तीसरी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9379/SHD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **एन हफीज हुसैन पुत्रः कमल हुसैन पताः टी–73, बस्ती हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली स्थायी पताः भास्कर स्कूल के पास, इरानी मोहल्ला, गाँव आंबिवली पाटील नगर, थाना कल्याण, जिला थाणे, महाराष्ट्र** ने case **FIR No. 343/2024 U/s 392/171/411/34/468/ 397/471/482/120B IPC, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **एन हफीज हुसैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **एन हफीज हुसैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 343/2024 U/s 392/171/411/34/468/ 397/471/482/120B IPC, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **एन हफीज हुसैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.08.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सुशील कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–04
रूम नं. 206, दूसरी मंजिल
जिला कोर्ट रोहिणी, दिल्ली

DP/9165/NW/2026 (Court Matter)


## अमेरिका में बेरोजगारी भत्ते के आवेदन घटकर 2.15 लाख पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन करने वाले लोगों की संख्या पिछले सप्ताह मामूली रूप से घट गई। देश में कंपनियों की ओर से कर्मचारियों की छंटनी अब भी ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर बनी हुई है। अमेरिकी श्रम विभाग ने बृहस्पतिवार को बताया कि चार जुलाई को समाप्त सप्ताह में बेरोजगारी भत्ते के लिए नए आवेदन 2,000 घटकर 2,15,000 रह गए। आंकड़ा विश्लेषण कंपनी फैक्टसेट के सर्वेक्षण में विश्लेषकों ने 2,20,000 नए आवेदनों का अनुमान जताया था। बेरोजगारी भत्ते के लिए साप्ताहिक आवेदन को कंपनियों की छंटनी का एक प्रमुख संकेतक माना जाता है।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 238 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की खरीदारी
- बाजार ने अंतिम घंटे में अपनी बढ़त गंवाई

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से पिछले कारोबारी सत्र में आई भारी गिरावट के बाद स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स तथा निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 238.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,741.82 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 823.05 अंक चढ़कर 77,326.65 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 80.75 अंक बढ़कर 23,962.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 24,134.70 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचा, लेकिन कारोबार के अंतिम घंटे में इसने अपनी कुछ बढ़त गंवा दी।विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच लगातार दूसरे दिन भी हमले होने से बाजार में सतर्कता का माहौल बना रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर सबसे अधिक 2.7 प्रतिशत और भारती एयरटेल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा। इनके अलावा बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक बढ़त में रहे। वहीं, इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 1.8 प्रतिशत की गिरावट में रहा। मारुति, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे।

### घटनाक्रमों पर निवेशकों की नजर बनी हुई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, '' भारतीय शेयर बाजारों में वैश्विक संकेतकों के समर्थन से मध्यम स्तर की वापसी देखने को मिली, हालांकि पिछले कारोबारी सत्र में बिकवाली की वजह बने भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निवेशकों की नजर बनी रही।''

## निसान ने भारत में पेश की एसयूवी 'टेक्टॉन', कीमत 10.49 लाख रुपये

**मुंबई।** निसान मोटर इंडिया ने भारत में अपनी नई प्रीमियम सी-एसयूवी 'निसान टेक्टॉन' को पेश किया है। कंपनी ने इसे भारत में अपनी वापसी की रणनीति के तहत उतारा है। नई टेक्टॉन की शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपये रखी गई है, जबकि 'टर्बो टी280 डीसीटी' संस्करण की शुरुआती कीमत 14.99 लाख रुपये है। कंपनी के अनुसार, टेक्टॉन निसान की दूसरी नई पेशकश है और यह भारत में कंपनी के विस्तार अभियान में अहम भूमिका निभाएगी।

## तनाव के बावजूद भारत का कच्चा तेल आयात मजबूत

**नई दिल्ली।** भारत के कच्चे तेल आयात पर होर्मुज जलडमरूमध्य में हालिया तनाव का असर सीमित रहने की संभावना है। हालांकि, यदि क्षेत्र में लंबे समय तक अस्थिरता बनी रहती है तो एलपीजी और एलएनजी आपूर्ति प्रभावित हो सकती है तथा जहाजरानी लागत बढ़ सकती है। केप्लर के एक विश्लेषक ने यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संघर्षविराम संबंधी टिप्पणियों के बाद क्षेत्र में हुई ताजा झड़पों ने दुनिया के सबसे व्यस्त ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। केप्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि भारत की कच्चे तेल आपूर्ति पर इसका असर सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय तेल शोधन कंपनियों ने आयात स्रोतों में विविधता लाई है।

## सीआईएसएफ ने एमएमडीआर एक्ट के तहत कार्रवाई तेज की, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 428 मीट्रिक टन से अधिक अवैध कोयला बरामद



भारत सरकार की "जीरो कोल लीकेज" (कोयले की शून्य चोरी) पहल को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (**CISF**) ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (**MMDR Act**) के तहत अवैध कोयला खनन, चोरी, अवैध भंडारण और परिवहन के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। एमएमडीआर अधिनियम की धारा 22, 23बी और 24 के तहत सीआईएसएफ के नामित अधिकारियों को अधिकार मिलने के बाद, बल ने राष्ट्रीय खनिज संसाधनों की सुरक्षा और कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान कोल इंडिया की सहायक कंपनियों, स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के समन्वय से और खुफिया जानकारियों के आधार पर चलाया जा रहा है। 04 से 08 जुलाई 2026 के बीच, सीआईएसएफ ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (**BCCL**), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (**ECL**) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (**CCL**) के कोयला क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाए।

## बीएसएनएल ने 1.34 लाख रुपये में किया सैटेलाइट फोन लांच

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने बृहस्पतिवार को 1.34 लाख रुपए की कीमत पर सैटेलाइट फोन उपलब्ध कराने की घोषणा की। कंपनी का उद्देश्य रक्षा, समुद्री क्षेत्र और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सैटेलाइट संचार सेवाओं का विस्तार करना है। बीएसएनएल ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सैटेलाइट फोन की कीमत सभी करों सहित 1,34,166 रुपए प्रति इकाई है। इसे ऐसे कठिन क्षेत्रों के लिए तैयार किया गया है, जहां सामान्य मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होते। यह फोन दूरदराज इलाकों में वॉयस कॉल और एसएमएस जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा–निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## एडीबी ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में संभावित बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बृहस्पतिवार को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया। वृद्धि दर में इस कमी के बावजूद हालांकि, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) जुलाई 2026 रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 2026-27 के लिए घटाकर 6.6 प्रतिशत किया गया है। 2027-28 के लिए इसे 7.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया, '' 2026-27 के लिए वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल में लगाए गए 6.9 प्रतिशत से घटाया गया है, क्योंकि ऊर्जा की ऊंची कीमतों से वास्तविक आय पर दबाव पड़ रहा है।

## दिल्ली को 'जीवदया नगरी' बनाने का होगा संकल्प, पूरे वर्ष जीवदया, गोरक्षा, गौसेवा और अभयदान के विविध सेवा एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

**चातुर्मास के साथ 'जीवदया वर्ष' का शुभारंभ, वर्षभर होंगे सेवा और जीव संरक्षण के विशेष अभियान**

**नई दिल्ली।** दिल्ली गुजराती श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान में चार माह तक प्रवचन, भक्तामर तप, स्वाध्याय, संस्कार शिविर, आराधना एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला चातुर्मास के साथ 'जीवदया वर्ष' का भी शुभारंभ होगा। वर्षभर जीवदया, गोरक्षा, गौसेवा, अभयदान, पशु चिकित्सा सहायता, पक्षी एवं वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा विभिन्न सेवा एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य दिल्ली को 'जीवदया नगरी' के रूप में विकसित करना तथा समाज में करुणा, अहिंसा और सर्वजीव मैत्री की भावना को सुदृढ़ करना है। दिल्ली गुजराती श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ (रजि.) के तत्वावधान में आगामी 12 जुलाई 2026 (रविवार) को पूज्य अध्यात्मयोगी आचार्यदेव श्रीमद् विजय कलापूर्ण सूरीश्वर जी महाराज के पावन शिष्य मंडल का भव्य चातुर्मास प्रवेश महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। चातुर्मास श्री दिल्ली गुजराती कुंथुनाथ ट्रस्ट (रजि.), जोन **H**-4/5, श्री आत्म वल्लभ विद्या मंदिर (जैन पाठशाला), श्री कल्याण पार्श्वनाथ जैन मंदिर मार्ग, परवाना रोड, पीतमपुरा, दिल्ली में संपन्न होगा। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में चातुर्मास आत्मकल्याण, तप, संयम, स्वाध्याय, अहिंसा और जीवदया का पावन पर्व माना जाता है। इस दौरान पूज्य गुरु भगवंत श्रद्धालुओं को धर्म, करुणा, आत्मसंयम और नैतिक जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा प्रदान करेंगे। पूज्य मुनिश्री तीर्थतारक विजयजी महाराज साहेब अपने प्रेरणादायी प्रवचनों तथा लगभग 1200 वर्ष प्राचीन दुर्लभ ज्योतिषीय परंपरा के आधार पर पारिवारिक, वैवाहिक, व्यवसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन से जुड़ी समस्याओं पर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। अनेक श्रद्धालुओं ने उनके मार्गदर्शन से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और समाधान प्राप्त होने का अनुभव साझा किया है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए गुरूग्राम | गांव नौरंगपुर, सेक्टर-78, गुरूग्राम में 3 माह की ट्रायल रन अवधि के पश्चात 6 वर्षीय त्रुटि जिम्मेवारी-सह-रखरखाव अवधि सहित एसबीआर टेक्नोलॉजी पर आधारित 40 एमएलडी एसटीपी और 90 एमएलडी मेन पम्पिंग स्टेशन (एमपीएस) का डिजाइन और निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 22.06.2026 13.07.2026 | 63,26,16,483/- | https://www.gmda.gov.in | 9773972700 xen4infra2.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/47000/I/88/7 दि. 09.07.26


## शब्द पहेली - 6282


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | ■ | ■ | 29 | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | 33 | | ■ | |
| 34 | 35 | ■ | 36 | | | ■ | | ■ | 37 | |
| 38 | | | | ■ | 39 | | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना–5
4.अकस्मात,एकाएक–4
7.पराजय–2
8.नाव चलाने वाला–3
9.भीगा हुआ–2
10.अनुवाद–4
11.बेल–2
13.योग्य,सही–3
14.घोड़ा गाड़ी–2
15.काव्य,गजल–3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान–2
19.नामकरण–2,3
22.राजा का महल–5
25.प्रेम,ममता–2
26.कपड़े की दीवार–3
28.रास्ता,मार्ग–2
29.सिर,खोपड़ी–3
30.माप–2
32.गुस्सा करना–4
34.व्यंग,चुटीली बात–2
36.नायक,नेता–3
37.एक आंख वाला–2
38.रचनाकार–4
39.कृष्ण का एक नाम–3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी–2)
2.डरपोक,भीरू–3
3.व्यंग कसना –5
4.बुद्धि–3
5.झुका हुआ–2
6.कर देने वाला–4
7.चोरी करना,छीनना (मु.–2,3)
10.तहखाना–4
12.एकटक देखना–2
16.वियोग,जुदाई–3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म–2
18.खुजली–2
20.घोटना,मंथन करना–3
21.पत्र,चिट्ठी–2
22.रास्ता–2
23.सुगंधित होना–4
24.बिजली का कौंधना–5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू–5)
26.भगवान,ईश्वर–4
27.पेड़ का मध्य भाग–2
31.पटाखे की बाती,–3
33.अभिव्यक्ति–3
35.नृत्य,डांस–2
37.छोटी सवारी गाड़ी–2

### शब्द पहेली- 6281 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | म | क | स | द | ■ |
| म | ■ | ■ | न | ■ | अ | ■ | ल | ■ | ■ | नि |
| न | ■ | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | ■ | य |
| मा | न | व | ■ | ■ | दा | ■ | ■ | कि | म | त |
| नी | ■ | था | ■ | आ | स | न | ■ | र | न | ■ |
| ■ | र | ■ | हा | य | ■ | ह | त्या | ■ | का | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | म | क | र | ■ | क | ■ | रा |
| ह | म | ला | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | वे | शी |
| वे | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | फ |
| ली | ■ | ■ | स | ■ | व | ■ | य | ■ | ■ | ल |
| ■ | र | ह | म | त | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ |



# यूरोप का दबदबा, 6 टीम अंतिम 8 में, पहली बार ब्राजील-जर्मनी बाहर

पहली बार 48 टीम की भागीदारी में हो रहे विश्व कप में अब आखिरी आठ टीम बची हैं जो 19 जुलाई को फाइनल तक पहुंचने के लिये जोर आजमाइश करेंगी लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब क्वार्टर फाइनल में ब्राजील और जर्मनी दोनों नहीं हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सत्रह में से दस विश्व कप में ब्राजील और जर्मनी दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। जर्मनी 1938, 1950, 2018 और 2022 में अंतिम आठ में नहीं था जबकि ब्राजील 1934, 1966 और 1990 में नहीं पहुंच सका था लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों दिग्गज एक साथ अंतिम आठ से गायब हों।

ब्राजील को अंतिम 16 के दौर में नॉर्वे ने और जर्मनी को अंतिम 32 में पराग्वे ने हराया। विश्व कप 1930, 1950, 1974, 1978 और 1982 में क्वार्टर फाइनल नहीं हुए थे ।

## आठ में से चार टीम ने नहीं जीता है खिताब



इस विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीम में से चार पहले भी खिताब जीत चुकी हैं जिनमें अर्जेंटीना ने तीन, फ्रांस ने दो, इंग्लैंड और स्पेन ने एक एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। बेल्जियम और मोरक्को कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं गए। वहीं स्विटजरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और नॉर्वे इससे पहले अंतिम 16 से आगे नहीं गया था। यानी 2010 में स्पेन के बाद पहली बार कोई नया चैम्पियन मिल सकता है।

## स्पेन ने अभी तक नहीं गंवाया एक भी गोल

इस बार विश्व कप में स्पेन एकमात्र टीम है जिसका डिफेंस अभेद रहा है और उसने एक भी गोल नहीं गंवाया। गोलकीपर उनाइ सिमोन ने विश्व कप में 600 मिनट से अधिक समय मैदान पर रहकर गोल नहीं गंवाने का रिकॉर्ड बनाया है। ग्रुप चरण में केप वर्दे ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। स्पेन ने सउदी अरब को 4-0 और उरूग्वे को 1-0 से हराया। अंतिम 32 में आसट्रिया को 3- 0 से और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। इससे पहले 1990 में इटली की टीम एक भी गोल गंवाये बिना सेमीफाइनल तक पहुंची थी।



## फ्रांस ने निर्धारित समय में ही जीते सारे मैच



खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट के भीतर ही जीते हैं। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना ने भी पांचों मैच जीते हैं लेकिन केप वर्दे के खिलाफ अंतिम 32 का उसका मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंचा था जिसमें उसने 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन और इंग्लैंड ने चार मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। नॉर्वे ने चार मैच जीते लेकिन फ्रांस ने उसे हराया था। बेल्जियम, मोरक्को और स्विटजरलैंड ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ खेले।

## यूरोप के साथ अफ्रीका और अमेरिका की एक-एक टीम

क्वार्टर फाइनल में इस बार यूरोप की छह टीम हैं जबकि चार साल पहले कतर में पांच यूरोपीय टीम अंतिम आठ में थीं। इसके अलावा अफ्रीका की एक (मोरक्को) और दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना ) की एक टीम है। मोरक्को कतर में 2022 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम थी । वह लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भी अफ्रीका की पहली टीम बन गई है ।

## आज से शुरू होंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

*बोस्टन। फीफा विश्व कप 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले संपन्न हो चुके हैं और अब क्वार्टर फाइनल के लिए आखिरी 8 टीमें खिताब की दौड़ में बची हुई है। गत विजेता अर्जेंटीना और खिताब की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीमें भी अपने-अपने मैचों के लिए तैयार हैं। इस बीच क्वार्टर फाइनल की सभी टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।*



### ऐसा है क्वार्टर फाइनल मैच का शेड्यूल

**पहला क्वार्टर फाइनल**
10 जुलाई को बोस्टन में फ्रांस और मोरक्को के बीच होगा (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे)।

**दूसरा क्वार्टर फाइनल**
11 जुलाई को लॉस एंजिल्स में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

**तीसरा क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को मियामी में इंग्लैंड का सामना नॉर्वे (भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे) से होगा।

**चौथे क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को कैनसस सिटी में अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से (भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे) होना है।

### 14 से खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल 14 और 15 जुलाई को अर्लिंग्टन और अटलांटा में होंगे। ये दोनों मैच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ 19 जुलाई को मियामी में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे से होगा।

### फाइनल 20 को

फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

### ऐसे रहे राउंड ऑफ-16 के परिणाम

अर्जेंटीना ने 0-2 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए मिस्र को 3-2 से हराया। पांच बार के चैंपियन ब्राजील को नॉर्वे ने एक बड़े उलटफेर में बाहर कर दिया। फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया था। इंग्लैंड ने मेक्सिको को 3-2 से हराया जबकि स्पेन ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-0 से बाहर कर दिया। बेल्जियम ने सह-मेजबान यूएसए को 4-1 बाहर कर दिया, और स्विट्जरलैंड क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली 8वीं और आखिरी टीम थी।

## मैक्सिको-इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क।** फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इसने 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका-बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।



## विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना शकीरा, बीटीएस व जस्टिन बीबर होंगे शामिल

**न्यूयॉर्क।** जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10



करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, /"फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### मैक्सिको फुटबॉल टीम के कोच बने मारकेज

**मैक्सिको सिटी।** रफेल मारकेज को विश्व कप 2030 के लिये मैक्सिको फुटबॉल टीम का कोच बनाया गया है। मैक्सिको फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को इसकी घोषणा की कि बार्सीलोना के पूर्व स्टार जेवियर एगिरे की जगह मुख्य कोच बनेंगे। अगस्त 2024 से मारकेज टीम में एगिरे के सहायक थे। मैक्सिको की टीम इंग्लैंड से अंतिम 16 के दौर में हारकर विश्व कप से बाहर हो गई थी। एगिरे ने बतौर खिलाड़ी पांच विश्व कप खेले, 1999 कांफेडरेशन कप जीता और 2003 तथा 2011 में गोल्ड कप खिताब भी अपने नाम किये। मैक्सिको की टीम को अभी कोई मैच नहीं खेलना है लिहाजा मारकेज का पदार्पण सितंबर अक्टूबर में फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान होगा।

### होप संभालेंगे वेस्टइंडीज की कमान, 12 से वनडे सीरीज

**गयाना।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली जाने वाली 5 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के शुरुआती 3 मैचों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। इसमें 19 साल के कलाई के स्पिनर विटेल लावेस को पहली बार टीम में मौका दिया गया है। लावेस ने अब तक घरेलू क्रिकेट में भी डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट झटके थे। सीडब्ल्यूआई ने इस सीरीज के अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनने का प्रयास किया है। इसकी कमान शाई होप को सौंपी गई है। शिमरोन हेटमायर को टीम में नहीं चुना गया, क्योंकि वो मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल ओर्कास की ओर से खेलेंगे।



# वाइल्ड कार्डधारी ब्रिटिश खिलाड़ी फेरी विम्बलडन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी आर्थर फेरी ने विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 23 वर्ष के फेरी ने नौवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6, 6-0 से हराया। इससे पहले पुरूष एकल वर्ग में वाइल्ड कार्ड के जरिये सेमीफाइनल तक पहुंचने का कमाल गोरान इवानीसेविच ने 2001 में किया था। यह मुकाबला देखने के लिये रॉयल बॉक्स में ब्रिटेन की महारानी कैमिला भी मौजूद थी। पहला सेट जीतने के बाद दर्शकों ने खड़े होकर फेरी का अभिवादन किया। उन्होंने टाइब्रेकर में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे कोर्ट पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया और अब वह फेरी से सेमीफाइनल में खेलेंगे।

### मार्ता ने जैसमीन को हराया

*महिला वर्ग में मार्ता कोस्तियुक ने जैसमीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब वह लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कोको गाफ का सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा।*

## ईस्पोटर्स विश्व कप पेरिस में शुरू

**आयोजन 23 अगस्त तक**

**पेरिस।** दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोटर्स गेमिंग टूर्नामेंट का पहला सत्र ईस्पोटर्स विश्व कप बृहस्पतिवार को पेरिस एक्सपो पोर्टे डे वर्सेलेस में शुरू हो गया। 23 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में 2000 से अधिक एलीट खिलाड़ी, 100 से अधिक देशों के 200 शीर्ष ईस्पोटर्स क्लब दुनिया के सबसे लोकप्रिय 24 खेलों के 25 टूर्नामेंटों में भाग लेंगे जिसकी ईनामी राशि रिकॉर्ड 716 करोड़ रूपये होगी।इस टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन का कार्यक्रम इतिहास में सबसे बड़ा है जिसमें 15 लाख से ज्यादा खिलाड़ी दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोर्ट्स मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए 330 टूर्नामेंट, पब्लिशर लीग और बड़े अंतरराष्ट्रीय सर्किट में हिस्सा ले रहे हैं।

# सौरव गांगुली को कल मिलेगा आईसीसी का बड़ा सम्मान, हॉल ऑफ फेम में होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा।

गांगुली यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। आईसीसी हर साल क्रिकेट इतिहास के महान खिलाड़ियों को इस सम्मानित सूची में शामिल करती है। 11 जुलाई को गांगुली को इस बड़ी उपलब्धि से नवाजा जाएगा।



### इन खिलाड़ियों को मिला चुका है यह सम्मान

गांगुली से पहले भारत के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी इस सूची में शामिल किया जा चुका है। भारत की ओर से नीतू डेविड, वीरेंद्र सहवाग, डियान एडुल्जी, विनोद मांकड़, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, महेंद्र सिंह धोनी और सुनील गावस्कर यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। गावस्कर और बिशन सिंह भारत की ओर से आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्हें यह सम्मान 2009 में मिला था। गांगुली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 421 मुकाबलों की 485 पारियों में 18,433 रन निकले हैं।

## बटलर टी-20 में विकेट के पीछे पांच कैच लपकने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इस मुकाबले में विकेट के पीछे 5 कैच लपके। इसके साथ ही वह एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विकेट के पीछे 5 कैच लपकने वाले पहले इंग्लिश विकेटकीपर बन गए। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के ही पूर्व विकेटकीपर मैट प्रायर (4 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2007) को पीछे छोड़ दिया।

### बटलर ने वैभव-अक्षर सहित इन्हें भेजा पैवेलियन

इस मैच में बटलर ने वैभव सूर्यवंशी, अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह के कैच लपककर उन्हें पवेलियन लौटाने में सहयोग किया। इसकी बदौलत इंग्लैंड ने 202 रन रन का लक्ष्य लेकर उतरी भारतीय टीम को 11.4 ओवर में मात्र 76 रनों पर ऑल आउट कर दिया।

**विंबलडन**

# लिएंडर पेस के बाद अर्नव पापरकर ने रचा इतिहास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा टेनिस सनसनी अर्नव पापरकर ने खेल जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दरअसल, वह जूनियर विंबलडन के बॉयज सिंगल्स वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हुए। वह 36 साल बाद इस टूर्नामेंट के इतिहास में अंतिम-8 में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना अमेरिका के जॉर्डन ली के खिलाफ होगा।

### अब तक शानदार प्रदर्शन

विंबलडन में अर्नव पापरकर ने पहले दौर में ब्रिटेन के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी को सीधे सेटों में 6-2. 6-2 से हराया। दूसरे दौर में अमेरिका के विश्व जूनियर नंबर-3 और ऑस्ट्रेलियन ओपन जूनियर फाइनलिस्ट कीटन हैंस को 6-2, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसके बाद भी उन्होंने अपनी जीत की लय बरकरार रखी और प्री-क्वार्टरफाइनल में जापान के यो तबाता को 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### लिएंडर पेस भी जूनियर वर्ग का खिताब जीता था

पापरकर से पहले जूनियर विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में लिएंडर पेस पहुंचे थे। बता दें कि पेस ने 1990 में इस खिताब पर कब्जा जमाया था। भारतीय टेनिस के इतिहास में रामनाथन कृष्णन 1954 विंबलडन जूनियर बॉयज सिंगल्स जीतने वाले पहले भारतीय और पहले एशियाई खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में एश्ले कूपर को हराया था। इसके बाद रमेश कृष्णन ने 1979 में फाइनल में डेविड सीगलर को 6-0, 6-2 से हराकर खिताब जीता था।

**भारत व इंग्लैंड के बीच पहला महिला टेस्ट क्रिकेट आज से**

# 142 साल में पहली बार लाड्र्स स्टेडियम में होगा महिला टेस्ट क्रिकेट

एजेंसी ▶▶| लाइर्स

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बीच आज 10 जुलाई शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला टेस्ट मुकाबला ऐतिहासिक होगा। यह लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट मैच है।

पुरुषों के पहले टेस्ट के 142 साल बाद इस मैदान पर महिला क्रिकेट को जगह मिलेगी। इंग्लैंड ने 1937 से अब तक 19 मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं और लॉर्ड्स उसका 20वां टेस्ट स्थल होगा। टीम ने आखिरी घरेलू टेस्ट 2023 में खेला था।



### हाल के दिनों में टेस्ट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम ने इस साल सिर्फ एक मुकाबला खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वाका में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में टीम को 10 विकेट से हार मिली थी। यह साल 2006 के बाद 10 टेस्ट में उसकी पहली हार थी। भारत ने 2025 में कोई टेस्ट नहीं खेला था, जबकि 2024 में सिर्फ एक मुकाबला खेला था। वहीं, इंग्लैंड ने अपना पिछला टेस्ट जनवरी 2025 में खेला था, जिसमें उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली थी।

### पुरुषों के टेस्ट से अलग होता है महिला टेस्ट मैच

महिलाओं का टेस्ट मैच 4 दिन का होता है, जबकि पुरुषों का टेस्ट 5 दिन का होता है। इसमें एक दिन में कम से कम 100 ओवर फेंकना अनिवार्य है। वहीं, फॉलोऑन के लिए 200 की जगह 150 रन की बढ़त जरूरी होती है। अब तक सिर्फ 2 महिला टेस्ट मुकाबले 5 दिन तक चले हैं। 2023 एशेज में ट्रेंट ब्रिज पर खेला गया टेस्ट आखिरी 5 दिवसीय मुकाबला हुआ था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन से जीता था।

Dr. Juneja's EYE Mantra ®
दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा
प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।


12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com


# ईरान के परमाणु ठिकानों के पास अमेरिका का हमला, तेहरान ने खाड़ी देशों को बनाया निशाना



अमेरिका का ईरान के कुहेस्तक बंदरगाह पर हमला

ईरानी सेना के मुताबिक हमलों में कुवैत के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर के अर्ली वॉर्निंग सैटेलाइट एंटीना और बहरीन में अमेरिकी सेना के फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/तेहरान

ईरान ने अमेरिका पर बुशहर परमाणु बिजली फैसिलिटी के पास हवाई हमला करने का आरोप लगाया है। यह हमला गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। ईरान के होर्मोजगान प्रांत के कुहेस्तक में अमेरिकी हमले के बाद बंदरगाह क्षेत्र से धुआं उठता दिखाई दिया।

यह बंदरगाह होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित है। जवाब में ईरान ने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिका के सैनिक अड्डों पर ड्रोन हमले किए हैं। ईरानी सेना के मुताबिक, हमलों में कुवैत के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर के अर्ली वॉर्निंग सैटेलाइट एंटीना और बहरीन में अमेरिकी सेना के फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया।

### *अमेरिका ने 2 दिन में 170 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया*

*अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि पिछले दो दिनों में उसकी सेना ने ईरान के 170 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। सेंटकॉम के मुताबिक, हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और मिसाइल भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के पास तटीय इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।*

### आग और धुआं उठता नजर आया
## बुशहर में किया हवाई हमला


बुशहर पर अमेरिकी हमला

अमेरिका ने ईरान के एकमात्र बुशहर परमाणु बिजली फैसिलिटी के पास हवाई हमला किए। फिलहाल धमाकों के कारण या किसी नुकसान की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बुशहर के गवर्नर मोहम्मद मोजफ्फरी ने कहा कि बुधवार सुबह अमेरिका ने बुशहर शहर पर फिर हमला किया, लेकिन परमाणु बिजली संयंत्र और खार्ग द्वीप को निशाना बनाए जाने की खबर गलत है।

### जॉर्डन ने मिसाइलें मार गिराने का दावा किया

*जॉर्डन सरकार के प्रवक्ता मोहम्मद अल मोमानी ने कहा कि ईरान ने गुरुवार को उनकी तरफ मिसाइलें दागी जिसे सेना ने हवा में ही मार गिराया। साथ ही पूरे देश में चेतावनी देने वाले सायरन बजाए गए। फिलहाल किसी नुकसान या हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है।*

### कुवैत में ईरानी हमले में एक घायल

*कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार को ईरान के हमलों में एक व्यक्ति घायल हुआ है। मंत्रालय ने दावा किया कि हमलों के दौरान कुवैत की सेना ने 3 बैलिस्टिक मिसाइल, 1 क्रूज मिसाइल और 10 ड्रोन को हवा में ही मार गिराया।*

### ईरान बोला- पुलों पर हमला युद्ध अपराध

ईरान ने अमेरिका पर दो पुलों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए इसे खुला युद्ध अपराध बताया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी सेना ने देश के पूर्वी हिस्से में मशहद जाने वाले रेलवे मार्ग पर बने दो पुलों को निशाना बनाया। पिछले 48 घंटों में अमेरिका ने अपराधी हमले किए हैं। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और पिछले महीने हुए सीजफायर समझौते का भी उल्लंघन किया है।

### ईरान के सिरिक में 3 की मौत

ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने ईरान के सिरिक शहर में हमला किया। इस हमले में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### नागपुर में तीसरी ब्रिक्स परिवहन की बैठक

**नागपुर।** भारत की अध्यक्षता में नागपुर में ब्रिक्स 2026 तहत तीसरी ब्रिक्स परिवहन वर्किंग ग्रुप की बैठक हुई। केंद्रीय परिवहन सचिव वी. उमाशंकर ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों ने सर्कुलैरिटी, मोबिलिटी, शहरी बुनियादी ढांचा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट जैसे मुख्य मुद्दों पर चर्चा की। ट्रांसपोर्ट सेक्टर में बेहतरीन तौर-तरीकों और ट्रांसपोर्ट से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत की गई। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 11 को ब्रिक्स परिवहन मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### भारत और म्यांमार सुरक्षा सहयोग बढ़ाएंगे



**नई दिल्ली।** भारत और म्यांमा के बीच दो दिन की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस 23वीं राष्ट्रीय स्तर की बैठक में दोनों पक्षों ने सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। गृह मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों ने आतंकवाद, उग्रवाद, मादक पदार्थों, हथियारों, वन्यजीव और मानव तस्करी, साइबर अपराध तथा संगठित अपराधों सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने खुफिया जानकारी साझा करने और साझा सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के पर भी सहमति व्यक्त की।

### मेलबर्न में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री मोदी

# ये शो हाउसफुल है . ऑपरेशन सिंदूर के धमाकों की गूंज तो जरूर सुनी होगी

- ***जबरदस्त जोश में नजर आए प्रवासी, तालियों की गड़गड़ाहट संग लगाए मोदी-मोदी के नारे।***
- ***30 हजार की संख्या में खचाखच भरा नजर आया मेलबर्न स्टेडियम।***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव के रूप में ऑस्ट्रेलिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मेलबर्न में भारतीय समुदाय के एक बड़े कार्यक्रम को संबोधित किया। जिसमें प्रवासी बेहद जोश में नजर आए और उन्होंने पीएम के आगमन व उनके भाषण के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मोदी-मोदी के नारे लगाकर उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शो हाउसफुल होने के साथ ही ब्लॉकबस्टर भी है। आज यहां भारतीयों का जोश देखते ही बनता है। पहले ऑस्ट्रेलिया में अपने देश के लोगों से सिडनी में दो बार मुलाकात करने का मौका मिला था। आज मैंने मेलबर्न को चुना। जिसकी बदौलत आपसे यह शानदार मुलाकात हुई है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भी मौजूद थे।

### धमाके कहीं और हुए, गूंज पूरी दुनिया ने सुनी

उन्होंने बीते 12 सालों में देश में हुए विकास, सरकार की तरफ से लिए गए अहम निर्णयों के साथ ही पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को जड़ से खत्म करने को लेकर की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई का भी उल्लेख किया। पीएम ने कहा कि इस एक दशक से अधिक के समय में भारत के रक्षा



प्लेटफार्म की क्षमता और विश्वसनीयता समूची दुनिया ने देखी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसका डेमो तो आपने भी देख लिया होगा। जब धमाके आतंकी अड्डों पर हो रहे थे और उनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही थी। आतंकी ठिकानों पर इस करारे प्रहार से आपको गर्व हुआ या नहीं? प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत इतने पर ही रुकने को तैयार नहीं है। वह कह रहा है ग्रो मोर, अचीव मोर। आज चिप से लेकर शिप तक मैन्युफैक्चरिंग का देश में एक नया इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है।

### 6जी पर हो रहा है काम

उन्होंने प्रवासी भारतीयों का बताया कि हम 140 करोड़ लोगों वाला आकांक्षाओं से राष्ट्र हैं। हम अधीर और बेसब्र दोनों हैं। इतना ही नहीं हम दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भी हैं। लेकिन बात यही खत्म नहीं होती है। क्योंकि हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। जिसके पीछे हमारी प्रेरणा ग्रो मोर, अचीव मोर है। भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी छोर पर चंद्रयान लैंड कराया है। विश्व का कोई देश ऐसा नहीं कर सका। लेकिन भारत इतने भर से मानने वाला नहीं है। इसलिए हम अंतरिक्ष में अपना गगनयान भेजने की तैयारी कर रहे हैं। साथ भारत अपना स्पेस स्टेशन बनाने के लक्ष्य पर भी आगे बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि आज हमारा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार बन चुका है। इतना ही नहीं हम मेड इन इंडिया 6जी तकनीक पर भी तेजी से काम कर रहे हैं।

### आपस में जुड़ा है डेली रूटीन

पीएम के मुताबिक, यहां कार्यक्रम में कुछ लोग पहली बार ऑस्ट्रेलिया आने वाले भी होंगे, जबकि कुछ का तो जन्म भी यहीं पर हुआ होगा। पीढ़ियां बदल गईं, लेकिन मन के भीतर भारतीयता तो हमेशा जीवित रहती है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यहां कई भारतीय ऐसे होंगे। जिनके घरों में दो टाइम जोन चलते होंगे। एक ऑस्ट्रेलिया का और दूसरा भारत का। क्योंकि यहां बच्चे स्कूल से घर तो ऑस्ट्रेलिया के टाइम के हिसाब से आते हैं। लेकिन भारत में उनके दादा-दादी, नाना-नानी अपने समय के मुताबिक उनका वीडियो कॉल पर इंतजार कर रहे होते हैं। कुछ में तो शादियों की लाइव स्ट्रीमिंग भी होती है। इसलिए मैं यह कह सकता हूं कि दूरी भले ही हजारों किलोमीटर की है। लेकिन आपका डेली रूटीन आज भी भारत से ही जुड़ा हुआ है। इसी रूटीन के साथ आप सभी ऑस्ट्रेलिया के विकास में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। जिसका मुझे बेहद गर्व है।

### 12 साल में लगाई मैंने यात्रा की हैट्रिक

जब मैं 2014 में ऑस्ट्रेलिया आया था। तब कोई भारतीय प्रधानमंत्री 28 साल के बाद इस देश में पहुंचा था। उस वक्त मैंने कहा था कि अब आपको 28 साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बीते 12 वर्षों में मैं यहां तीसरी बार आया हूं। यह एक प्रकार से मेरी ऑस्ट्रेलिया यात्रा की हैट्रिक लगी है। जो कि दिखाता है कि दोनों देशों के रिश्ते किस ऊंचाई पर हैं। इसमें मोदी की कोई भूमिका नहीं, बल्कि आप सभी प्रवासियों की अहम भूमिका है। मेलबर्न शहर एक दिन में ही चार सीजन का दर्शन करता है। लेकिन भारतीयों ने अपने सांस्कृतिक रंगों से इसे और अधिक चमकदार बना दिया है। भारत, ऑस्ट्रेलिया के संबंधों को प्रवासियों को मजबूती प्रदान की है। अब बारी दोनों देशों की साझेदारी को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने में मदद प्रदान करने की है।

### *होगा इंडियन फिल्म फेस्टिवल*

*प्रधानमंत्री ने बताया कि कुछ ही दिनों में यहां मेलबर्न में इंडियन फिल्म फेस्टिवल शुरू होने वाला है। मैं इसके सफल आयोजन के लिए आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी ऑस्ट्रेलिया के विकास को अपने परिश्रम से सींच रहे हैं। लेकिन मैं यह भी जानता हूं कि आपकी एक नजर भारत पर भी टिकी रहती है। 21वीं सदी का भारत आज विकसित होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। एक सपना पूरा होता है तो एक नया सपना जन्म ले लेता है।*

### *भारत के बड़े सपनों की नींव हैं भारतीय*

*उन्होंने कहा कि भारत के बड़े सपनों की नींव हमारे नागरिक हैं। वो ही इन सपनों को ऊर्जा दे रहे हैं। आज भारत के प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवा भव है। उन्होंने अपने इस बयान को देश में उठाए गए कई कदमों के जरिए प्रवासियों को समझाया। जिसमें कहा कि अब भारत में पहले की तरह दस्तावेजों के अटेस्टेशन की जरूरत नहीं पड़ती है। बल्कि सेल्फ अटेस्टेशन से ही काम चल जाता है। नागरिकों के लिए हमने डिजी लॉकर की व्यवस्था की है। भारत का सामर्थ्य जितना बढ़ता है। उसका फायदा पूरी मानवता को होता है। वैश्विक स्तर पर दुनिया में कहीं पर भी आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के समय पर भारत तत्काल मदद के लिए पहुंचता है। जिसकी ताजा मिसाल वेनेजुएला में आया विनाशकारी भूकंप है।*

# पीएम की यात्रा से पहले न्यूजीलैंड का बड़ा ऐलान, पहले दिन से शुल्क मुक्त होगा 57% निर्यात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 10 से 11 जुलाई तक होने वाली न्यूजीलैंड की यात्रा से ठीक पहले वहां के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने एक बड़ी महत्वपूर्ण घोषणा की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि दोनों देशों के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक बड़ा कदम है।

जिसके तहत न्यूजीलैंड से भारत को किया जाने वाला 57% निर्यात पहले दिन से ही शुल्क मुक्त होगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने यह कहा कि भारत के साथ किए गए व्यापार समझौते से न्यूजीलैंड के व्यवसायों और कारोबार में तेजी आई है।

### 10 से 11 जुलाई तक होगी यात्रा

यहां बता दें पीएम मोदी बीते 6 जुलाई से लेकर 11 जुलाई तक तीन देशों की विदेश यात्रा पर हैं। जिसके तहत अब तक वह इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया के रूप में इसके दो पड़ाव पूरे कर चुके हैं। जबकि तीसरे के रूप में प्रधानमंत्री शुक्रवार को न्यूजीलैंड पहुंचेंगे। वहां उनकी प्रधानमंत्री लक्सन के साथ एक अहम द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों की आपसी साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। बीते करीब चार दशक में की जाने वाली किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह न्यूजीलैंड यात्रा है।

### भारत-रूस आतंकवाद निरोधक बैठक

# आतंकी चुनौतियों से निपटने सहयोग के लिए बनी सहमति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-रूस आतंकवाद निरोधक संयुक्त कार्य समूह की 14वीं बैठक आयोजित में सीमा पार आतंकवाद और आतंकियों द्वारा नई तकनीक के दुरुपयोग पर चर्चा हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और रूस के उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिंस्की ने की। दोनों देशों के संबंधित मंत्रालयों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में भारत और रूस ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों, विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति में सूचीबद्ध आतंकवादी संगठनों, उनके सहयोगी संगठनों और प्रॉक्सी समूहों के खिलाफ समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान दोनों देशों ने आतंकवाद से निपटने के अपने अनुभव साझा किए और उग्रवाद, कट्टरपंथ, आतंकवाद के वित्तपोषण तथा नई और उभरती तकनीकों एवं डिजिटल वित्तीय प्रणालियों के आतंकी इस्तेमाल जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

### पीओके में जेएएसी का 48 घंटे का अल्टीमेटम

# पाकिस्तान सरकार 38 मांगों पर दे ध्यान, वरना होगा बड़ा प्रदर्शन


पीओके में जेएएसी के प्रदर्शनकारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) तनाव लगातार बढ़ रहा है। जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

जेएएसी ने पाक सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उसकी 38 मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो उन्हें भारी विरोध प्रदर्शन का सामना करना होगा।

अभी का मुद्दा 27 जुलाई को होने वाले क्षेत्रीय चुनाव हैं। 9 जून से नॉमिनेशन शुरू होने के साथ, जेएएसी ने मुजफ्फराबाद तक एक बड़े विरोध मार्च की घोषणा की है।

### विधानसभा सीटों को खत्म करने की मांग

पीओके में जारी विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में पाकिस्तान में बसे कश्मीरी रिफ्यूजियों के लिए रिजर्व 12 विधानसभा सीटों को खत्म करने की मांग रखी गई है। जेएएसी का तर्क है कि ये सीटें इस्लामाबाद को पीओके की राजनीति पर बहुत ज्यादा असर बनाए रखने की इजाजत देती हैं। पीओके सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को फैसला सुनाया कि 12 रिजर्व सीटें संवैधानिक रूप से सुरक्षित हैं और इन्हें एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए खत्म नहीं किया जा सकता, इसके बजाय संवैधानिक बदलाव की जरूरत है।

## पाकिस्तानी की खुफिया एजेंसी आईएसआई की नई साजिश का खुलासा

### खालिस्तान आंदोलन को अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने से बौखलाई आईएसआई

# ब्रिटेन-कनाडा में भारतीयों पर हमले कर सकते हैं खालिस्तानी समर्थक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खुफिया एजेंसियों ने ब्रिटेन और कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी समर्थक भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थक माने जाने वाले लोगों पर हमलों की साजिश रच रहे हैं।

हाल के वर्षों में ब्रिटेन और कनाडा में भारतीय समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा घृणा अपराध और हिंसक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं अब आशंका है कि इन्हें अधिक संगठित तरीके से अंजाम दिया जा सकता है। इन संभावित हमलों को रोकने के लिए भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पश्चिमी देशों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर काम कर रही हैं।




### आंदोलन के प्रति आज जनता में कम रुचि

अधिकारियों के अनुसार, हाल के वर्षों में ब्रिटेन और कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के प्रति समर्थन में उल्लेखनीय गिरावट आई है। पहले स्थानीय आबादी का एक वर्ग इस आंदोलन के प्रति सहानुभूति रखता था, लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है।

### भारतीय एजेंसियों पर भी हमले की योजना

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने बताया कि खालिस्तान आंदोलन को समर्थन देने वाली आईएसआई ने यूरोप में सक्रिय अपने नेटवर्क को ब्रिटेन और कनाडा में भारतीय समुदाय के खिलाफ गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए हैं। आईएसआई भारतीय समुदाय के खिलाफ सिलसिलेवार और समन्वित हमलों की योजना बना रही है। आईएसआई की रणनीति में यह बदलाव खालिस्तान आंदोलन को गति नहीं मिलने से पैदा हुई निराशा का परिणाम है।

### *गैंगस्टर नेटवर्क का इस्तेमाल*

*हिंसक वारदातों को अंजाम देने के लिए आईएसआई अपने गैंगस्टर नेटवर्क का इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए यूरोप और भारत में सक्रिय मॉड्यूल को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत में स्थानीय गैंगस्टरों के जरिए हमलों को अंजाम देने की योजना बनाई गई है। आंदोलन से जुड़े गैंगस्टर नेटवर्क अब अपने घोषित उद्देश्य के बजाए जबरन वसूली, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी में लगे हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109